रांची, बुधवार
08.05.2024
वर्ष : 9, अंक : 156 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरे हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.com | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988



## संक्षिप्त खबरें

### झामुमो ने विधायक चमरा लिंडा को पार्टी से किया निलंबित

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक चमरा लिंडा को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उन्हें पार्टी के सभी पदों से भी मुक्त कर दिया गया। इस संबंध में पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने मंगलवार को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव में चमरा लिंडा ने महागठबंधन के खिलाफ जाकर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया है। ऐसे में पार्टी के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर उन्हें पार्टी के सभी पदों से हटाया जाता है। साथ ही पार्टी की सदस्यता से भी निलंबित किया जाता है।

### आईएएस अधिकारी मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मनोज कुमार वर्तमान में पर्यटन सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उमाशंकर सिंह ओडिशा में चुनाव प्रेक्षक के रूप में पांच मई को ही चले गये हैं। ऐसे में उनके स्थान पर मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

### सुरेंद्र सिंह बने श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सुरेंद्र सिंह को श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान झारखंड के महानिदेशक के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया है। सुरेंद्र सिंह इससे पहले केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे। 23 अप्रैल को ही उन्हें भारत सरकार से वापस झारखंड भेज दिया गया था। कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने मंगलवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने किया मतदान



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद, गुजरात में अपने मताधिकार का प्रयोग किया और देश के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया।

# हर गरीब परिवार की महिला को देंगे एक लाख
# खत्म नहीं होने देंगे आदिवासियों के अधिकार: राहुल

बिभा संवाददाता

**चाईबासा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को चाईबासा में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन यदि सत्ता में आया तो देश के गरीब परिवारों का सर्वेक्षण कराया जायेगा। हर गरीब परिवार की एक महिला के खाते में हर वर्ष एक लाख रुपये डाले जायेंगे। आंगनबाड़ी एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का मानदेय भी दोगुना कर दिया जायेगा।




राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के 22 पूंजीपतियों को अरबपति और करोड़पति बना रहे हैं लेकिन हम देश की करोड़ों महिलाओं को लखपति बनायेंगे। उन्होंने आरक्षण बढ़ाने का भी वादा किया। राहुल ने जोहार शब्द से संबोधन की शुरूआत की। साथ ही कहा कि जोहार इसलिए बोला कि यह आदिवासियों का शब्द है। इसमें आपकी आवाज अच्छी सुनाई देती है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव आदिवासी, दलित, पिछड़ों के लिए जरूरी चुनाव है। साथ ही कहा कि हमने महिलाओं के बैंक अकाउंट को इसलिए चुना है कि महिलाएं 18 से 20 घंटे काम करती हैं। मैं जानता हूं कि दबाव डालकर महिलाओं से पुरुष कुछ पैसे ले लेंगे।

राहुल गांधी ने आदिवासियों की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि यदि केंद्र सरकार 100 रुपये का फैसला लेती है तो आदिवासी नेता 10 पैसे का फैसला लेता है। वो आपको वनवासी बोलते हैं। क्योंकि, उनके लिए आप जंगल में रहने वाले लोग हैं लेकिन हमारे लिए आप आदिवासी हैं। जल, जंगल और जमीन पर पहला अधिकार आदिवासियों का है। कांग्रेस इस अधिकार को किसी भी कीमत पर खत्म होने नहीं देगी। वो आपको वनवासी कहते हैं और सारे जंगल और जमीन अडाणी, अंबानी को दे रहे हैं। एक दिन जंगल खत्म हो जायेंगे तो आपको कहेंगे जाओ भीख मांगो।

राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासियों के मुंह में पेशाब कर दिया जाता है लेकिन मीडिया वाले उसे नहीं दिखाते। मीडिया वाले दिखायेंगे कि अडानी की शादी में किसने किस तरह की घड़ी पहनी है और किस तरह के कपड़े पहने हैं। कोई भी मीडिया देश के असल मुद्दों पर चर्चा नहीं करती है। मीडिया भाजपा वालों से सवाल नहीं पूछती है। यह भी लोकतंत्र के लिए खतरे का सबब है। इससे सावधान रहने की जरूरत है।

राहुल गांधी ने कहा कि एक साजिश के तहत झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया है लेकिन किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हम सभी मिलकर उन्हें जेल से निकालेंगे। उन्होंने कहा कि कल्पना सोरेन, चम्पाई सोरेन और झारखंड के तमाम आदिवासी हेमंत सोरेन के साथ खड़े हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि देश में नौकरी की कमी नहीं है। देश के हर बेरोजगार को सरकारी नौकरी दी जायेगी। साथ ही कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के तमाम किसानों का कर्ज माफ करेगी। कानूनी रूप से एमएसपी देगी। उन्होंने कहा कि सरकारी संस्थानों और गैर सरकारी संस्थानों में ठेकेदारी पर बहाली प्रथा को खत्म किया जायेगा। सभी को परमानेंट नौकरी दी जायेगी। साथ ही कहा कि ठेकेदारी प्रथा की नौकरी से देश के युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है।

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में महंगाई कम नहीं हुई। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम बढ़ते गये। झारखंड की प्रथा और परंपरा को भी दबाने का काम किया गया। आज तक केंद्र सरकार ने आदिवासी हित में कोई का नहीं किया। हमने विधानसभा में आदिवासियों की परंपरा और अस्मिता को सुरक्षित करने के लिए सरना धर्म कोड का नियम बनाया। प्रधानमंत्री जब यहां आये तो सरना धर्म कोड पर कुछ नहीं बोले। झारखंड सरकार ने पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का कानून बनाया लेकिन केंद्र के इशारे पर राजभवन में ही रोक दिया गया।

सभा में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कल्पना सोरेन, विधायक निरल पुर्ति, विधायक सुखराम उरांव और प्रत्याशी जोबा माझी सहित अन्य मौजूद थे।

## लोकसभा का यह चुनाव देश के लिए निर्णायक : चम्पाई सोरेन

**गुमला।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देश के लिए निर्णायक है। हम सब इंडी गठबंधन के हैं। आदिवासी मूलवासी अस्तित्व बचाने के लिये सरना धर्म कोड बनाया लेकिन भाजपा ने रोक दिया। ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की लेकिन वो आगे नहीं बढ़ा। भाजपा पूरी तरह से आदिवासी-मूलवासी, पिछड़ा, दलित, गरीब विरोधी है। मुख्यमंत्री मंगलवार को गुमला जिले के बसिया के कोनबीर एनएचपीसी मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

चम्पाई ने कहा कि 2014 से पूरे देश में झूठ की खेती हो रही है। भाजपा ने झारखंड में सबसे ज्यादा शासन किया लेकिन झारखंड को अलग दिशा में ले गए। उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछड़ेपन की जिम्मेदार भाजपा है। रोजगार और आदिवासी मूलवासी कल्याण की बात नहीं करते। दस साल से केवल जुमलेबाजी हो रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि पांच साल में मिला मौका नहीं गंवाना है। भाजपा को सत्ता से बेदखल करना है।

चम्पाई ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने प्राइमरी स्कूल बंद किए। गांव के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई। इनकी मंशा आदिवासी कल्याण की नहीं है। भाजपा यहां का इतिहास मिटाना चाहती है। जंगल के भीतर भी योजना पहुंची। सर्वजन पेंशन स्कीम हम लाए। ये भाजपा वाले झारखंड को आगे बढ़ाना कभी नहीं सोचे। केवल खनिज का व्यापार किया। पूंजीपतियों को सब सौंप दिया। झारखंड खुद अपने पैरों पर खड़ा होगा।

चम्पाई ने कहा कि राहुल गांधी युवा सम्राट हैं। चुनाव संविधान बचाने के लिए है। लोकतंत्र को बचाने के लिए है। तानाशाही को मिटाना है। तानाशाही की वजह से ही हेमंत सोरेन जेल में हैं। हमें मजबूती से संघर्ष करना है। हमने अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ लड़ाई की। हमें सुखदेव और कालीचरण को विजयी बनाना है। झारखंड की सभी 14 सीटों पर जीत हासिल करनी है।

# ईडी की छापेमारी में बरामद 35.23 करोड़ रुपये टेंडर घोटाले के, विभागीय अधिकारी भी सांठगांठ में शामिल

बिभा संवाददाता

**रांची।** ईडी ने ग्रामीण विकास मंत्री के पीएस संजीव लाल और जहांगीर आलम को गिरफ्तार करने के बाद मंगलवार को अदालत से 10 दिनों की रिमांड मांगी लेकिन अदालत ने दोनों को छह दिनों की रिमांड दी है। ईडी के अधिकारी बुधवार से दोनों से छह दिनों तक पूछताछ करेंगे। इस दौरान कई राज खुलेंगे।

ईडी ने कोर्ट में दिए गए रिमांड पिटीशन में कहा है कि अब तक की जांच में यह जानकारी सामने आई है कि सोमवार को बरामद हुआ सारा पैसा टेंडर घोटाले का है। टेंडर घोटाले से जुड़े धनशोधन के इस मामले में कई बड़े अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। ईडी का दावा है कि इस पूरे प्रकरण में ऊपर से लेकर नीचे तक के अधिकारी शामिल हैं और उन्हें राजनेताओं का भी पूरा संरक्षण मिला हुआ है। ग्रामीण विकास विभाग के ऊपर से नीचे तक कई अधिकारी इस सांठगांठ में शामिल हैं।

ईडी ने कोर्ट में दिए गए रिमांड पिटीशन में कहा है कि कमीशन का पैसा आमतौर पर नकद ही लिया जाता था, जिसे विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजार कर सफेद किया जाना था। ईडी को अब तक जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मंत्री आलमगीर आलम का ओएसडी (ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी) संजीव लाल प्रभावशाली व्यक्तियों के लिए कमीशन लेता था और टेंडर मैनेज करने के साथ विभाग के इंजीनियरों से भी कमीशन के लेनदेन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था।

ईडी ने कहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में जेल में बंद निलंबित चीफ इंजीनियर ने भी यह स्वीकार किया है कि वर्ष 2022 में संजीव लाल ने करोड़ों रुपये कमीशन के तौर पर लिए हैं। ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर को इसलिए रिमांड पर लिया है, ताकि अन्य वरिष्ठ सरकारी पदाधिकारियों सहित अन्य वैसे अन्य लोगों की भूमिका का पता लगाया जा सके, जो कमीशन के जरिए करोड़ों रुपये की कमाई के इस खेल में शामिल हैं। ईडी ने सोमवार की छापेमारी के दौरान 35.23 करोड़ रुपये के साथ दो गाड़ियां भी जब्त की है, जिसका रजिस्ट्रेशन जहांगीर के नाम से है लेकिन उन गाड़ियों का इस्तेमाल संजीव लाल करता था।




## राजधानी में ईडी की ताबड़तोड़ रेड, ठेकेदार राजीव कुमार सिंह के यहां मिले डेढ़ करोड़

**रांची ।** ईडी के अधिकारियों ने मंगलवार की सुबह रांची के पांच जगहों पर छापेमारी की। जिमसें ठेकेदार राजीव कुमार सिंह के यहां से डेढ़ करोड़ रुपये मिले है। मिली जानकारी के अनुसार ये छापामारी राजीव कुमार सिंह के श्यामली गली डोरंडा में स्थित आवास, सिंहमोड़, आईटीआई बस स्टैंड, रातु में हुई है।



बताते चलें कि 6 मई को भी ईडी ने बीरेंद्र राम से जुड़े मामले में रांची में 9 अलग-अलग जगहों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की थी। जहां से 35 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम बरामद की गई। यह छापेमारी राज्य के मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम, मुन्ना सिंह और कई अन्य लोगों के आवास पर की गई। छापेमारी और पूछताछ के बाद ईडी ने देर रात संजीव लाल और उनके नौकर को गिरफ्तार कर लिया।

# पलामू में वज्रपात से तीन बच्चों की मौत

बिभा संवाददाता

**पलामू।** जिले में वज्रपात की अलग अलग घटनाओं में तीन की मौत हो गयी। मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में एक बच्ची एवं एक किशोर की मौत हुई, जबकि पांकी थाना क्षेत्र में एक बच्चे की मौत की खबर है। सूचना मिलने पर प्रखंड प्रशासन मामले की जानकारी लेने में जुटा है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार मंगलवार दोपहर बाद अचानक से मौसम बदल गया। तेज आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। वज्रपात भी हुआ। मौसम विभाग ने वज्रपात को लेकर भी अलर्ट जारी किया था।

जिले के मोहम्मदगंज अंचल अंतर्गत कोल्हुआ सोनबरसा पंचायत के गाजीबिहरा गांव के लेमुआटीकर टोला निवासी बिनोद पासवान की पुत्री साक्षी कुमारी (4) की मौत मंगलवार की शाम वज्रपात से गम्भीर घायल होने के बाद हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में हो गई। वह अपने घर के बाहर खेल रही थी।



दूसरी घटना इसी थाना क्षेत्र के गोलापत्थर टोला निवासी कमेश रजवार के रिश्तेदार के पुत्र बसंत रजवार (13 ) की मौत मंगलवार की शाम वज्रपात में गम्भीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के लिए ले जाने के क्रम में रास्ते मे हो गई। किशोर गढ़वा जिलान्तर्गत मझिआंव थाना क्षेत्र के मोरबे भरत पहाड़ी निवासी जोखन रजवार का पुत्र था। वह अपने फूफा के घर गोलापत्थर आया था। जानकारी के अनुसार वह स्मार्टफोन मोबाइल से घर से बाहर बात कर रहा था, तभी वज्रपात की चपेट में आ गया।

तीसरी घटना पांकी प्रखंड के डेमा गांव में हुई। यहां वज्रपात से एक 13 वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। गांव में मातम छाया हुआ है। किशोरी की पहचान की जा रही है।

# लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मतदान 61 प्रतिशत से अधिक

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में मंगलवार को 11 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेश दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव की 93 सीटों पर कुल मिलाकर शांतिपूर्ण ढंग से हुये मतदान में 61.57 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ।

मतदान के अंतिम आंकड़े इससे अधिक हो सकते हैं, पर इसका प्रतिशत पहले और दूसरे चरण के मुकाबले कम है।

इसके साथ ही लोकसभा की 543 सीटों में से 283 सीटों पर प्रत्याशियों का भाग्य इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों में दर्ज हो गया है। तीसरे चरण में शामिल सीटों में सामान्य- 72, अनुसूचित जनजाति- 11 और अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित 10 सीटें शामिल थीं।



मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चला। देश के कई इलाकों में तेज और गर्मी के के बीच मतदान का प्रतिशत तीसरे चरण में भी तुलनात्मक रूप से कम रहा। चुनाव आयोग शाम को जारी मतदान के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार असम में सबसे अधिक 75.30 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया जबकि महाराष्ट्र 54.98 प्रतिशत वोट पड़े।

बिहार में 56.55 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 66.99 प्रतिशत, दादर नगर हवेली और दमन एवं दीव में 65.23 प्रतिशत, गोवा में 74.32 प्रतिशत,गुजरात में 56.83 प्रतिशत, कर्नाटक में 68.22 प्रतिशत, मध्यप्रदेश 63.13, महाराष्ट्र में 54.98, उत्तर प्रदेश में 57.34 और पश्चिम बंगाल में 73.93 प्रतिशत वोट पड़े।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने अपने-अपने गृह क्षेत्र में मतदान किया।

कुल सात चरणों में कराये जा रहे आम चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान हुआ जिसमें 66.14 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। दूसरे चरण में 13 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को 66.71 प्रतिशत वोट पड़े थे। तीसरे चरण का मतदान आज हो रहा है। वर्ष 2019 के लोक सभा चुनाव में पहले दो चरण में 69.43 फीसदी और 69.17 फीसदी था।

तीसरे चरण के चुनाव में असम की चार सीटों पर 47 प्रत्याशी, बिहार में पांच सीटों पर 54 प्रत्याशियों, छत्तीसगढ़ में सात सीटों पर 168 प्रत्याशियों,दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव की दो सीटों पर 16 प्रत्याशी, गुजरात की 25 सीटों पर 266 ,कर्नाटक की 14 सीटों पर 227,महाराष्ट्र की 11 सीटों 258, उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर 100 और पश्चिम बंगाल की चार सीटों पर 57 उम्मीदवारों सहित कुल 1332 उम्मीदवार मैदान में थे।

गुजरात की सूरत सीट पर भाजपा के प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये हैं।

तीसरे चरण में केन्द्रीय गृह अमित शाह का गांधीनगर (गुजरात) सीट पर कांग्रेस के सोनल रमन भाई पटेल से मुकाबला है। केन्द्रीय मंत्री परशोत्तम रूपाला राजकोट सीट पर कांग्रेस के धनानी पारेस के मुकाबले खड़े हैं। केन्द्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया पोरबंदर सीट पर कांग्रेस के ललित वसोया के सामने हैं।

## मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर


**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। अधिकारियों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम के रेडवानी इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने सोमवार देर रात इलाके में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। उन्होंने कहा कि बाद में मुठभेड़ शुरू हो गई, जो अंतिम खबर आने तक जारी थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच जारी गोलीबारी के दौरान उस घर में आग लग गई, जिसमें आंतकी छिपे थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ स्थल पर कम से कम दो शव देखे गए हैं और उन्हें निकालने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि शव बरामद होने के बाद ही मारे गए आतंकवादियों की पहचान हो सकेगी तथा वे किस आतंकी समूह से जुड़े हुए थे, इसका पता चल सकेगा।

# पुतिन ने ली पांचवें कार्यकाल की शपथ

एजेंसी

**मास्को :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हाल ही में संपन्न संघीय चुनाव रिकॉर्ड मतों से जीतने के बाद अपने पांचवें कार्यकाल के लिए मंगलवार को शपथ ग्रहण की। क्रेमलिन में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह शुरू होने से कुछ देर पहले श्री पुतिन लग्जरी कार में ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस पहुंचें। इसके बाद, श्री पुतिन ने ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस के सेंट एंड्रयू हॉल में प्रवेश किया जहां वर्ष 2000 से राष्ट्रपति शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किये जाते रहे हैं। उस समय राष्ट्रपति रेजिमेंट के मेहमान और गार्ड पारंपरिक रूप से मौजूद थे। राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रपति मानक, रूसी संविधान और राष्ट्रपति चिन्ह (एक श्रृंखला पर रूसी संघ के हथियारों के कोट के साथ एक सुनहरा क्रॉस) को मुख्य हॉल में लाया गया। क्रॉस के पीछे की तरफ एक गोल पदक है, जिसकी परिधि के चारों ओर लाभ, सम्मान और महिमा का आदर्श वाक्य है। इसका उपयोग 1996 से उद्घाटन समारोहों में किया जाता रहा है, जब बोरिस येल्तसिन ने पदभार संभाला था। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉस्को समयानुसार मध्याह्न 12 बजे हुआ और यह समारोह लगभग एक घंटे तक चला।



## संक्षिप्त खबरें

### मांडर डीलर संघ की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली



मांडर । मतदाताओं को जागरूक करने एवं अपने वोट के अधिकार के प्रति सचेत करने के लिए मांडर डीलर संघ द्वारा मंगलवार को रैली निकाली गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी व प्रखंड प्रमुख द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरूआत की गई। नेतृत्व करते हुए संघ के अध्यक्ष अमिताभ कुमार पाठक ने बतलाया कि यह रैली लोगों को बीच अपने वोट के अधिकार को बतलाने के लिए की गई है लोगों को यह बतलाना है कि हमें अपने वोट अधिकार एवं मतदाता होने के लिए गर्व का अनुभव करना चाहिए साथ ही इस रैली से लोगों को अपने वोट के लिए सजग होने एवं भारत के नागरिक का कर्तव्य बौद्ध के साथ वोट देने के लिए तत्पर रहने की बात समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए एक प्रयास है। रैली माडार प्रखंड कार्यालय से होते हुए मांडर चौक, मिशन चौक से वापस कंदरी करकरा पुंगी होते हुए वापस मांडर कार्यालय पहुंच कर एक सभा की गई। रैली में प्रमुख ?फिलिप्स सहाय एक्का, शंकर प्रसाद, कृष्ण, महमूद आलम, अशोक राम, सुनील सिंह, मसरूर अंसारी, नईम, मुमताज अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### बीडीओ ने मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर दिलाई शपथ

**सोनाहातू**। प्रखंड मुख्यालय परिसर में मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर बीडीओ खगेश कुमार ने प्रखंड कर्मियों को शपथ दिलाया। मतदान के महत्व के साथ ही मतदान करने एवं मतदान कार्य में राष्ट्रीय कर्तव्य समझ कर हर हाल में तत्पर रहने के संकल्प के साथ सपथ दिलाया। कर्मियों ने लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखने का संकल्प लिया। साथ ही मतदाताओं को जागरूक करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का भी संकल्प लिय। मौके पर प्रखंड व अंचल के कर्मी व जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### बाइक सवार छात्र ने खड़ी ट्रक को पीछे से मारा धक्का, गंभीर रूप से घायल

**खलारी**। खलारी थाना क्षेत्र के डकरा कुसुम पेट्रोल पंप के समीप सड़क दुर्घटना में 15 वषीर्या युवक आयुष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।मिली जानकारी के अनुसार आयुष ट्यूशन पढ़ने के लिए डकरा गया था और ट्यूशन पढ़कर अपने घर वापस लौटने के क्रम में डकरा कुसुम पेट्रोल पंप के पास खड़ी ट्रक में पीछे से टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जबरजस्त था कि मोटर साइकिल का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।घटना स्थल पर मौजूद लोगो ने आनन फानन में घायल आयुष को डकरा केन्द्रीय अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर कर दिया गया।आयुष के सर में गंभीर चोट आई है।आयुष सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कक्षा नौवीं का छात्र है।पिता लखन साव सीसीएल डकरा परियोजना में कार्यरत है और सुभास नगर कॉलोनी में रहते है।

### पूजा भंडार में चोरों ने एलबेसटर तोड़कर चोरी करने का किया प्रयास, हुए असफल



**खलारी:** खलारी थाना क्षेत्र के पहाड़ी मंदिर के समीप पूजा भंडार में चोरों ने एलबेसटर तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया,जिसमें असफल रहे ।मिली जानकारी के अनुसार खलारी पहाड़ी मंदिर के समीप पूजा भंडार का एलबेसटर तोड़कर चोरों ने चोरी करने का असफल प्रयास किया।जिसमें चोरों ने दुकान का एलबेसटर तोड़ने में सफल रहे वहीं ज्यादा एलबेसटर नहीं तोड़ पाने के कारण चोरी करने में असफल रहे। सुबह जब नंदलाल प्रसाद गुप्ता के बेटे ने जब अपने दुकान खोलने पहुंचे तो पाया कि दुकान का एलबेसटर टूटा हुआ था। जिसके बाद रवि कुमार गुप्ता ने खलारी थाना को सूचना दे कर मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद खलारी पुलिस ने घटना की जानकारी ली और लोगों को आश्वासन दिया की चोरो को पकड़ने का काम जल्द से जल्द खलारी पुलिस करेगी।

### किड्स एथलीट डे के शुभ अवसर पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन



**खलारी :** बचरा चार नंबर मैदान में चतरा जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के द्वारा मंगलवार को किड्स एथलीट डे के शुभ अवसर पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 10 वर्ष से लेकर 16 वर्ष तक के बालक एवं बालिका एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में 30 मीटर दौड़,60 मी दौड़, लंबी कूद, गोला फेक,100 मीटर दौड़ एवं 300 मीटर दौड़ का इवेंट कराया गया।सभी विजेता खिलाड़ियों को शिक्षक गणेश कुमार महतो के द्वारा मेडल पहानकर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता को सफल बनाने में चतरा जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के महासचिव राकेश कुमार सिंह का योगदान रहा ।

### एसएसबी जवानों को लेकर गढ़वा जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

**गिरिडीह**। बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बगोदरडीह में मंगलवार को एसएसबी जवानों को लेकर जा रही एसएसटी बस सड़क हादसे का शिकार हो गई। इसमें एक जवान की मौत हो गई जबकि कई जवान घायल हैं। बताया जाता है कि एसएसटी टूरिस्ट बस एसएसबी जवानों को लेकर गिरिडीह से गढ़वा जा रही थी। बस की तेज रफ्तार होने के कारण बगोदरडीह के पास हाइवे पर बस असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही एसपी दीपक कुमार शर्मा, एसडीपीओ धनंजय राम और बगोदर थाना प्रभारी सुख सागर सिंह सहित कई अधिकारी घटनास्थल पहुंचे और राहत बचाव कार्य में जुट गए।

---

**अनुमंडल पदाधिकारी सदर, राँची-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 63-राँची उत्कर्ष कुमार ने किया मतदाता पर्ची का वितरण**

# मतदान केन्द्र संख्या-61, 146 और 278 में मतदाता पर्ची का वितरण

बिभा संवाददाता



**रांची :** रांची संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सभी संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा मतदाता पर्ची वितरण का पर्यवेक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 07.05.2024 को अनुमंडल पदाधिकारी सदर, राँची-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 63-राँची द्वारा नगड़ा टोली क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या-278 के मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण का शुभारंभ किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा शांति अपार्टमेन्ट में जाकर मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। रेडियम रोड अवस्थित रामेश्वरम अपार्टमेंट में मतदान केन्द्र सं0-61 में बीएलओ के साथ मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। इसके बाद कार्ट सराय रोड अवस्थित महालक्ष्मी टावर मतदान केन्द्र सं0-146 में भी मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 63-राँची, संबंधित बी० एल० ओ० एवं संबंधित बी० एल० ओ० पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

आपको बतायें कि 63-राँची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण सभी मतदान केन्द्र क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा किया जा रहा है। बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता पर्ची तथा मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण कर रहे हैं, साथ ही सभी मतदाताओं को बताया जा रहा है कि रांची संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 25 मई 2024 निर्धारित है। मतदाताओं को उनके मतदान केन्द्र का नाम, मतदान केन्द्र संख्या एवं मतदाता क्रमांक के बारे में जानकारी दी जा रही है तथा उनसे मतदान हेतु केन्द्र आने का अनुरोध किया जा रहा है। इस कार्य में बीएलओ के साथ बीएलओ पर्यवेक्षक एवं सफाई कर्मी वितरण में सहायता प्रदान कर रहे हैं।

### अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित चेक पोस्ट एवं पोलिंग बूथों का निरीक्षण

**रांची :** राँची लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्री डी.एस.रमेश द्वारा अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित चेक पोस्ट एवं पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया गया। सामान्य प्रेक्षक द्वारा सिल्ली प्रखण्ड के श्याम नगर चेक पोस्ट, मुरी चेक पोस्ट एवं सोनाहातु प्रखण्ड के दुलमी चेक पोस्ट का निरीक्षण करते हुए चेक पोस्ट पर उपस्थित सभी अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये। उन्होंने संबंधित सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देश का कड़ाई से पालन हो, यह सुनिश्चित करें। सामान्य प्रेक्षक द्वारा सिल्ली प्रखण्ड के उसुर्लाईन कॉन्वेन्ट स्कूल स्थित पोलिंग बूथ एवं सोनाहातु प्रखण्ड के राजकीय उत्क्रमित विद्यालय तीलाईपीड़ी एवं पोंकाडीह स्थित पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया गया एवं वहां उपस्थित मतदाताओं से बात की गयी। सामान्य प्रेक्षक के साथ संपर्क पदाधिकारी श्री रवि शंकर मिश्रा, सोनाहातु के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री खगेश कुमार एवं सिल्ली प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्रीमति रेणुबाला उपस्थित थे।

## गांव गरीब किसान युवा के लिए समर्पित है मोदी सरकार : संजय सेठ

बिभा संवाददाता



**रांची :** सांसद संजय सेठ ने इचागढ़ के विभिन्न क्षेत्र मे जनसंपर्क अभियान चलाया इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कहा गांव गरीब किसान युवा के लिए समर्पित है मोदी सरकार झारखंड की सरकार अखंड भ्रष्टाचार में लिप्त है गठबंधन की सरकार ने वादा किया था कि प्रत्येक साल 5 लाख युवाओं को नौकरी देंगे क्या हुआ नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देंगे उसका क्या हुआ झारखंड के गठबंधन की सरकार ने यहां के गांव गरीब किसान युवा के साथ धोखा करने का काम किया है आज जिस प्रकार इंडिया गठबंधन के सरकार के एक मंत्री के अप्त सचिव के घर से जिस तरह रुपए बरामद हुए हैं यह झारखंड को फिर से शर्मसार किया है। झारखंड के लिए यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है झारखंड के मुख्यमंत्री जमीन घोटाले में जेल में है। उनके अधिकारी मनी लांड्री के केस में जेल में है। आज उनके मंत्री आलमगीर आलम के अप्त सचिव के यहां 30 करोड़ से अधिक नगदी बरामद होती है।

श्री सेठ ने कहा मोदी की सरकार ने किसानों को साल में ?6000 देती है झारखंड में रघुवर दास की सरकार थी तो किसानों को प्रति एकड़ ?5000 दिया जाता था जैसे ही गठबंधन की सरकार आई इस स्कीम को तुरंत बंद कर दिया नरेंद्र मोदी ने गांव की महिलाओं के लिए शौचालय की व्यवस्था की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर दिया ,महिला पहले लकड़ी पर खाना बनाती थी धुएं से मां बहन बीमार पड़ जाती थी मोदी जी ने गैस चूल्हा और सिलेंडर देकर उनके तकलीफ को दूर किया, देश में रोजगार के अवसर प्रदान किया, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ को सशक्त किया। जनधन खाता हो या आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख तक मुफ्त में इलाज अब मोदी जी ने एक बड़ा काम किया है 70 साल से ऊपर के लोगों को मुफ्त में इलाज यह देश में पहली बार होने जा रहा है। यह मोदी की गारंटी है मोदी है तो संभव है अब मोदी जी महिलाओं को सशक्त करने के लिए लखपतियां दीदी बना रहे हैं, महिलाओं को सशक्त करने के लिए 33 % आरक्षण की व्यवस्था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की कांग्रेस परिवारवाद की राजनीति करती है भाजपा सबको जोड़कर समाज के लिए कार्य करती है। झारखंड में लूट तंत्र की सरकार चल रही है झारखंड की सरकार ने यहां की गरीब जनता की जमीन लूटी, उनका हक छीना, सेना की जमीन लूटी, यहां के खनिज संपदा को लूट और तो और यहां के बालू तक को लूट कर अपनी तिजोरी भर ली वही एक और नरेंद्र मोदी गरीब के मसीहा है जिन्होंने अभी तक 25 करोड लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया इसलिए झारखंड को बचाने के लिए नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं झारखंड में लोकतंत्र के नाम पर लूट तंत्र चल रहा है इंडिया गठबंधन ने राज्य की ऐसी हालत कर दी है कि हम विकास, रोजगार ,और भ्रष्टाचार ,मिटाने की कल्पना भी नहीं कर सकते । आज के इस अवसर पर हरे लाल महतो ,दिनेश कुमार ,मधु गोराई ,सारथी महतो, मदन सिंह सरदार ,कमलेश राम , फटीक चंद गोराई, ठाकुरदास महतो, विश्वनाथ उरांव, दिलीप महतो, देवाशीष राय, मनोज महतो, खुदी सिंह सरदार, अनीता पारित, मनोरंजन महतो, दिवाकर सिंह, विशाल चौधरी ,अनिल सिंह ,ठाकुरदास ,सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## अमर बाउरी ने राहुल गांधी और आलमगीर आलम से पूछे सवाल

बिभा संवाददाता

**रांची**। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा विधायक दल का नेता होने के नाते मैं कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और राहुल गांधी से यह जानना चाहता हूं कि कांग्रेस विधायक दल के नेता आज उनकी सभा में क्यों नहीं दिखे? वे कहां छुपे हुए थे? बाउरी भाजपा के हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में मंगलवार को संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे।


बाउरी ने कहा कि झारखंड और झारखंडियों के लुटे हुए पैसे का जो नंगा नाच इस महा गठबंधन की सरकार में किया जा रहा है उससे पूरे झारखंड शर्मसार हो रहा है। पैसों की गड्डी का पहाड़ जिस तरह से झारखंड में मिल रहा है उससे कहा जा सकता है कि इसकी नींव कांग्रेस ने आजादी के बाद से ही रख दी थी। भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परिवारवाद की जननी यह कांग्रेस पार्टी ही है, जो लगातार देश के संसाधनों को दीमक की तरह खा कर खोखला कर रही है। यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों से देश की बागडोर नहीं होती तो यह स्थिति और भी भयावह हो गयी होती।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद मुख्यमंत्री, जो इन सभी के सरगना है, उन्होंने चुनाव को प्रभावित करने के लिए न सिर्फ ट्रांसफर-पोस्टिंग और टेंडर मैनेज के नाम पर पैसों की उगाही की, बल्कि अपने पसंद के अधिकारियों को भी चुनाव प्रभावित करने के लिए काम में लगा दिया है। बाउरी ने कहा कि पलामू में प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा और रांची में आयोजित रोड शो में जिस तरह से जिला प्रशासन ने आमजन को सभा में सम्मिलित होने से रोका और मीडिया वालों के हाथों से माइक छीन ली है इससे साफ लगता है कि महागठबंधन की सरकार हर कीमत पर इस चुनाव को प्रभावित करने का मन बना चुकी है। राजद सुप्रीमो लालू यादव के बयान पर उन्होंने कहा कि इंडी एलाइंस का घोषणा पत्र मुस्लिम ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने का काम कर रही है, जिसे देश की जनता कभी भी पूरी नहीं होने देगी।

### स्क्रूटनी में तीन प्रत्याशी का नामांकन अस्वीकार

**धनबाद**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के लिए प्राप्त सभी 28 नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की। स्क्रूटनी के दौरान कुछ उम्मीदवार स्वयं और कुछ उम्मीदवार के प्रतिनिधि मौजूद थे। स्क्रूटनी में तीन प्रत्याशी, हीरा लाल शंखवार, नारायण गिरी तथा गौतम कुमार महतो का नामांकन अस्वीकार किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 9 मई 2024 को दोपहर 3:00 बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि निर्धारित है। धनबाद में 25 मई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान निर्धारित है। 4 जून 2024 को मतगणना तथा 6 जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

### धनबाद मंडल द्वारा चलाया गया टिकट चेकिंग अभियान



बिभा संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद मंडल द्वारा मंडल के विभिन्न खण्डों में बड़े स्तर पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है` इसी क्रम में दिनांक 06.05.24 को मंडल के धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया` इस दौरान कुल 2016 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे` इस दौरान उनसे 11 लाख 37 हजार 590 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई` चेकिंग अभियान में 150 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था` चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया` मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया` इस तरह का टिकट चेकिंग अभियान धनबाद मंडल द्वारा आगे भी लगातार चलाया जाता रहेगा` इस अभियान का उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है जिससे कि वो अगली बार टिकट लेकर यात्रा करे।

## सीसीएल में नवनियुक्त प्रबंधन प्रशिक्षुओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

बिभा संवाददाता



**रांची :** सीसीएल में प्रतिभा को निखारने और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के साथ नवनियुक्त अधिकारीयों को कम्पनी के विविध कार्यो से परिचित कराने के उद्देश्य से मैनेजमेंट ट्रेनी इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया । अवसर विशेष पर सीसीएल निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा , निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ,निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री सतीश झा,निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री हरीश दुहान , मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार,जीएम (एचआरडी) श्री आर के पांडेय ,जीएम (अधिकारी स्थापना) श्री एस के ठाकुर, जीएम (ऑपरेशन) श्री मेराज अहमद और एचओडी (श्रमशक्ति) श्रीमती कविता गुप्ता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र में निदेशकगणों ने प्रशिक्षुओं के लिए अमूल्य सलाह दिए एवं अपने कायार्नुभवों को साझा किया ।

आज कुल 12 प्रबंधन प्रशिक्षुओं ने कंपनी में अपने पेशेवर जीवन के यात्रा शुरू की। इनमे एक महिला खनन इंजीनियर भी शामिल थी जो कंपनी के कार्यबल में विविधता और समावेशिता को प्रदर्शित करता है। जीएम (एचआरडी) श्री आर के पांडेय ने कार्यक्रम के आरम्भ में सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया।

सत्र के दौरान, निदेशकगणों और मुख्य सतर्कता अधिकारी ने सौंपी गई भूमिकाओं को पूरा करने में समर्पण और ईमानदार प्रयास के महत्व को रेखांकित किया साथ ही प्रशिक्षुओं से अपने अनुभवों को समृद्ध करने के लिए वरीय अधिकारीयों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने का सलाह दिया ।

इस कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विकास विभाग एवं अधिकारी स्थापना विभाग द्वारा किया गया , जिससे प्रशिक्षुओं के लिए कोल इंडिया/सीसीएल में एक प्रभावशाली शुरूआत सुनिश्चित हो ।

## बीएमएस क्षेत्रीय कार्यालय में विहिप सह बजरंग दल की बैठक सम्पन्न

बिभा संवाददाता



**खलारी:** डकरा के बीएमएस क्षेत्रीय कार्यालय में मंगलवार को विहिप सह बजरंग दल की एक महत्तवपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यरूप से विहिप झारखंड प्रान्त अध्यक्ष माननीय चंद्रकांत रायपत ,विशिष्ट अतिथि प्रांत संगठन मंत्री श्रीमान देवी सिंह, प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो उपस्थित हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ तीन बार प्रणवोच्चार, एकात्मता मंत्र एवं तेरह बार विजय महामंत्र के साथ किया गया।डकरा कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक बिनोद विश्वकर्मा ने किया।साथ ही लोकतंत्र के महापर्व पर हमें क्या करना, कैसे करना और कब करना और क्यों करना इसकी विस्तृत जानकारी उपस्थित सभी कार्यकत्ताओं को दिया।साथ ही आगामी प्रशिक्षण वर्गो में जाने वालों के लिए बातें बतलाती गई। बैठक को प्रान्त संगठन मंत्री श्री देवी सिंह जी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि हमें रामायण के सभी पात्रों से शिक्षा मिलती है चाहे वह जामवंत जी का जीवन चरित्र हो, हनुमान जी का जीवन चरित्र हो, अंगद जी का जीवन चरित्र हो, लक्ष्मण जी का जीवन चरित्र हो या सीता जी का जीवन चरित्र हो। प्रखंड में बजरंगदल,का गिरिडीह पारसनाथ में होने वाली वर्ग को लेकर विशेष चर्चा की गई। एवं दुगार्वाहिनी मातृशक्ति का गुमला में होने वाली वर्ग को लेकर संख्या का लक्ष्य निर्धारण किया गया। साथ ही लोकतंत्र का महापर्व को लेकर जो आगामी चुनाव है उसे लेकर विशेष चर्चा हुआ। उन्होने कहा जो राष्ट्रीयहित,देशहित,सनातन हित का बात करेगा हम सभी कार्यकर्त्ता उसी पार्टी को अपना देंगे और दिलाएंगे भी।बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया और कहा कि इस महापर्व में हमें बढ़-चढ़ कर भाग लेना है और लोगों को भी राष्ट्रहित में मतदान के लिए प्रोत्साहन करना है। बैठक में कूल सात पंचायतों के विहिप, बजरंगदल,दुगार्वाहिनी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री रोबिन महतो जी ने किया।मौके पर रांची जिला अध्यक्ष रामेश्वर दयाल जी,सामाजिक समरसता प्रमुख सोमनाथ पांडे, जिला मंत्री रोबिन कुमार, खलारी खंड कार्यवाह भोलानाथ चौहान जी, बजरंगदल प्रखंड संयोजक अमित लोहरा, प्रखण्ड संयोजिका सुनीता महतो, चूरी पश्चमी संयोजिका नीरा देवी, पूर्वी पंचायत संयोजिका संगीता देवी ,जिला सामाजिक समरसता प्रमुख उदय जी, मण्डल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला सेवा प्रमुख अवधेश राय,खलारी महामंत्री कार्तिक पांडे,अरविंद सिंह,शत्रुंजय सिंह, आनन्द सिंह,दीपक जी,अजित,रंजीत, मनोज,अजय बैठा रितेश, ऋतिक, देवा,अलका पाण्डे,सुनीता महतो,नीरा देवी,संगीता देवी,मंजू देवी,सरोज तिर्की,पिंकी देवी,सुनीता देवी, 'कृष्णा देवी,विनीता पांडे,सरिता देवी,ललिता बंजारन,सोनी देवी,निभा देवी,अनीता सिंह,शीला देवी इत्यादि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पलामू में व्यवसायी से पांच लाख की रंगदारी, गोली मारने की धमकी

**पलामू**। जिले के छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत ठाकुरबाड़ी मंदिर के नजदीक छत्तरपुर निवासी व्यवसायी रितेश कुमार आनंद उर्फ राजा गुप्ता को जान से मारने की धमकी मिली है। खाटिन निवासी संतोष गुप्ता को गोली मारने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि एक और व्यवसाई को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पर यह धमकी दी गई है। व्यवसायी रितेश ने मंगलवार को बताया कि फोन पर धमकी देते हुए 5 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। नहीं देने पर शाम तक गोली मारने की चेतावनी दी गई है। इस मामले के लिए छत्तरपुर थाना में आवेदन देकर थाना प्रभारी से जानमाल की गुहार लगाई है।

## संक्षिप्त खबरें

### राजधानी में दो लोगों की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** रांची के सदर थाना क्षेत्र में दो लोगों की मौत हो गई। मामला सदर थाना क्षेत्र के चुना भट्ठा इलाके का है। जहां एक युवक का शव उसके ससुराल में मिला। युवक की पहचान 36 वर्षीय सिंकू पासवान के रूप में की गई । उसका घर रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र में है। वह चुना भट्ठा अपने ससुराल आया हुआ था। घरवालों ने बताया कि बीती रात दोनों पति-पत्नी का किसी बात पर खूब झगड़ा हो गया। उनका कहना था कि इसी से नाराज होकर उसने खुद को मिटा लिया। वहीं अन्य मामला सदर इलाके के भाभा नगर का है। यहां लगभग 55 साल के विजय राम की लाश संदिग्ध परिस्थितियों में मिली। मृतक रांची के एक डॉक्टर का चालक था। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में कर शवपरीक्षा के लिए रिम्स भेज दिया है। यह दोनों मामले सुसाइड के हैं या कुछ और, इसका अभी खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस को शवपरीक्षा प्रतिवेदन का इंतेजार है। उसके बाद ही जांच की दिशा-दशा तय की जायेगी।

### सैकड़ो अल्पसंख्यक प्रधानमंत्री से प्रभावित हो कर भाजपा का दामन थामा



**रांची।** रांची में लोकसभा से ठीक पहले सैकड़ों अल्पसंख्यकों ने भाजपा का दामन थामा। मंगलवार को मोहम्मद अनवर अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुआ। विधायक सीपी सिंह ने मोहम्मद अनवर को पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत किया। अरगोड़ा स्थित संजय सेठ के कार्यालय में सैकड़ों समुदायों के लोगों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित हो कर भाजपा में शामिल हुए। यह कार्यक्रम वरूण साहू के द्वारा करवाया गया। कार्यक्रम का संचालन जोनी वर्कर, और मो. रब्बानी, ने किया । मौके पर मोहम्मद अनवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश दिन-प्रतिदिन प्रगति के पथ पर है। देश में सभी समुदायों को एक समान देखते, उनका हर योजना सभी के लिए बराबर है उन्होंने कहा कि सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हमारे प्रधानमंत्री कुशल नेतृत्व का परचम लहरा रहे हैं। मौके पर मो. रब्बानी, जोनी वर्कर राजा अंसारी, एस्टीया खान, रफीक अंसारी, अब्दुल खान, सेराज खान, समीम अंसारी, खलील खान, साकिब अंसारी, रुस्तम अंसारी,चेतन साहू,कुमार साहू, रविंद्र जायसवाल, पारस, कामाख्या, अजय, अविनाश, संजय सहित अन्य लोगों ने भाजपा का दामन थामा।

### विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**रांची :** विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे झारखंड में मतदाता जागरूकता अभियान चला रहे हैं। राष्ट्रहित में 100% मतदान करने का आग्रह लेकर गांव गांव में कार्यकर्ता संपर्क कर रहे हैं। इसी क्रम में खूंटी लोकसभा क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र सहमंत्री डॉक्टर बिरेंद्र साहू एवं प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने तमाड़ एवं अन्य क्षेत्र के कई गांवों में कार्यकताओं की बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही 12 मई से 19 मई तक खूंटी जिला के सभी प्रखंडों में सीता नवमी कार्यक्रम करने की व्यापक योजना बनाई गई। इस अवसर पर खूंटी जिला उपाध्यक्ष विकास मिश्र, मुकेश जायसवाल , अजय कुमार साहू , जिला संयोजक ,प्रकाश अधिकारी , सौरभ कुमार, किंकर महतो ,अभिराम मुंडा, हरिश्चंद्र मुंडा, रंजीत हजाम, श्री परशुराम दास, रोहित सिंह ,अमित महतो, संजय महतो ,सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रांची पुलिस ने उग्रवादियों के खिलाफ चलाया अभियान, एक बाइक बरामद

**रांची।** रांची पुलिस ने बुढ़मू थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी( टीएसपीसी) के उग्रवादियों के जमावड़े की सूचना पर मंगलवार को छापेमारी की। पुलिस का भनक लगते ही उग्रवादी जंगल में भागने लगे। उग्रवादियों को पुलिस टीम के जरिये काफी दूर तक पीछा किया गया। लेकिन उग्रवादी घने जंगल एवं पहाड़ का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस टीम ने सर्च के दौरान उग्रवादियों का एक लुटा हुआ अपाची बाइक बरामद किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर खलारी डीएसपी के नेतृत्व में थाना प्रभारी बुढमू, क्यूआरटी और झारखंड जगुआर की टीम ने इलाके में सर्च अभियान चलाया। इस दौरान उग्रवादियों का एक लूटा हुआ बाइक बरामद किया गया है।

### झारखंड में गरीब, आदिवासी, दलित का हक मारा जा रहा है : संतोष कुमार सोनी



**रांची :** राज्य में दो साल से चल रही ईडी की कार्रवाई एक बार फिर सुर्खिय़ों में है. बीते सोमवार की सुबह ईडी की टीम ने कुल 9 स्थानों पर छापेमारी की थी. जिसमें सबसे ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव कुमार लाल के नौकर जहागीर आलम के घर से 35.23 करोड़ रुपये बरामद हुए. जिसके बाद चुनावी माहौल में राजनीति और गरमा गई है. जदयू के प्रदेश महामंत्री संतोष कुमार सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि झारखंड में गरीब, आदिवासी, दलित का हक मारा जा रहा है. मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के नौकर के घर से ईडी की छापेमारी में बरामद पैसा उसका उदाहरण है. राज्य में ऐसे कई लोग है, जिन्हें ने कमजोर समाज की लोगो के हक-अधिकार को मार कर पैसा अकूत दौलत इक्कठा किए है. इतने बड़े मात्रा में मंत्री के पीएस के नौकर के घर से कैश मिलना कोई आम बात नहीं है. इस घटना की जितनी निंदा की जाये कम है, मंत्री आलमगीर आलम को अब लाभ के पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है. नैतिकता के आधार पर उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए. साथ ही महामहिम राज्यपाल महोदय से निवेदन है कि राज्य में बड़ रहे भ्रष्टाचार और ईडी कार्रवाई में भारी मात्रा में मिल रहे कैश को देखते हुए, तत्काल गठबंधन सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की अनुशंसा करे.

# रांची लोकसभा क्षेत्र की स्क्रूटनी में 27 उम्मीदवारों के नामांकन सही मिले, छह अस्वीकृत

बिभा संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची संसदीय क्षेत्र के लिए संवीक्षा (स्क्रूटनी) की प्रक्रिया मंगलवार को संपन्न हुई। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कमरा संख्या 207 में उम्मीदवारों और उनके प्रस्तावकों की उपस्थिति में रांची संसदीय क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा के जरिये बारी-बारी से सभी 33 उम्मीदवारों के नाम-निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी की गयी। स्क्रूटनी में 27 उम्मीदवारों के नामांकन सही पाये गये जबकि छह उम्मीदवारों के नामांकन अस्वीकृत कर दिए गए। सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्यूनिस्ट) से मिंटू पासवान, अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया से रामहरि गोप, निर्दलीय से अरशद अयूब, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से पंकज कुमार रवि, भारतीय जनता पार्टी से संजय सेठ, लोक अधिकार पार्टी से हरिनाथ साहू, आदिवासी किसान मजदूर पार्टी से अंजनी पांडे, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल से धनंजय कुमार भगत, निर्दलीय से मनोरंजन भट्टाचार्य, बहुजन समाज पार्टी से मनोज कुमार, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी से निपु सिंह, भारतीय जनतंत्र मोर्चा से धर्मेंद्र तिवारी, अबुआ झारखंड पार्टी से बिरेंद्र नाथ मांझी, निर्दलीय देवेंद्र नाथ महतो, सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी से प्रवीण कच्छप, निर्दलीय कामेश्वर प्रसाद साव, एकल सनातन भारत दल से सर्वेश्वरी साहू, जय महाभारत पार्टी से सोमा सिंह, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से यशस्विनी सहाय, भागीदारी पार्टी से श्याम बिहारी प्रजापति, बहुजन मुक्ति पार्टी से विनोद उरांव, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) से रंजना गिरि, निर्दलीय प्रवीण चन्द्र महतो, निर्दलीय ऐनुल अंसारी, निर्दलीय संतोष कुमार जायसवाल, समता पार्टी से हेमंती देवी, निर्दलीय कोलेश्वर महतो के नामांकन सही पाए गए।

#### छह उम्मीदवारों के नामांकन अस्वीकृत

स्क्रूटनी के दौरान छह उम्मीदवारों के नामांकन में त्रुटि पायी गयी, जिसके बाद उनका नामांकन अस्वीकृत कर दिया गया। इनमें निर्दलीय संदीप उरांव, निर्दलीय संजय कुमार महतो, झारखंड जनक्रांति मोर्चा से अमरेंद्र कुमार, निर्दलीय प्रेमनाथ बड़ाईक, निर्दलीय मंजू देवी, स्वराज एकता पार्टी से सुशील कुमार शामिल हैं। स्क्रूटनी के बाद जिन उम्मीदवारों के नामांकन स्वीकृत हुए हैं वे नौ मई को तीन बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन अपराह्न चार बजे से उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेंगे।

इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, सहायक निवार्ची पदाधिकारी 64-हटिया विधानसभा क्षेत्र राजेश्वरनाथ आलोक, सहायक निवार्ची पदाधिकारी 63-रांची विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राज्य में छठे चरण के चुनाव की स्क्रूटनी में 22 की उम्मीदवारी रद्द

#### सातवें चरण के लिए नामांकन के पहले दिन तीन ने भरा पर्चा

#### जब्ती का आंकड़ा एक अरब 10 करोड़ 36 लाख हुआ

बिभा संवाददाता



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि छठे चरण के चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी में 22 उम्मीदवारों का पर्चा रद्द हो गया है। सबसे अधिक सात उम्मीदवारों का पर्चा गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से रद्द हुआ है। यहां अब कुल 18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे हैं। के. रवि कुमार मुख्य निर्वाचन कार्यालय, निर्वाचन सदन, सेक्टर-2 धुर्वा में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। रवि कुमार ने बताया कि धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से तीन का पर्चा रद्द हुआ है। अब यहां कुल 25 उम्मीदवार बचे हैं। रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छह लोगों का पर्चा खारिज हुआ है। यहां से अब 27 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भी छह लोगों का पर्चा रद्द हुआ है। यहां अब 26 उम्मीदवार बचे हैं। इस चरण में नाम वापसी की अंतिम तारीख नौ मई है।

रवि कुमार ने बताया कि सांतवें चरण के चुनाव में नामांकन के पहले दिन कुल तीन प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। इसमें राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से एक नामांकन दाखिल किया गया है। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से दो लोगों ने नामांकन पत्र भरा है जबकि दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पहले दिन एक भी नामांकन नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद से झारखंड में सामान और नकदी की जब्ती का आंकड़ा एक अरब से ऊपर जाकर 01 अरब 10 करोड़ 36 लाख हो गया है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस पर्यवेक्षक ने की बैठक, दिये कई निर्देश



बिभा संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण समापन के लिए आईपीएस सह रांची लोकसभा क्षेत्र के पुलिस पर्यवेक्षक जलिन्दर डी सुपेकर ने मंगलवार को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा सहित अन्य वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस दौरान पुलिस पर्यवेक्षक ने चुनाव को लेकर की गयी तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में पुलिस पर्यवेक्षक के जरिये आदर्श आचार संहिता के दौरान जिला पुलिस की ओर से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई।

समीक्षा के क्रम में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और व्यापार के विरुद्ध पुलिस एवं उत्पाद विभाग के संयुक्त टीम के जरिये छापेमारी करने, मादक पदार्थों के खरीद-बिक्री और भंडारण एवं उसमे संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ छापेमारी करने, शास्त्र अधिनियम के तहत आरोप पत्रित आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

इसके आलावा सक्रिय अपराधियों के खिलाफ समर्पित सीसीए प्रस्ताव की समीक्षा करते हुए सभी अपराधियों के खिलाफ नियत अवधि में कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया।

### यूजीसी की राजभाषा निरीक्षण समिति ने किया सीयूजे का दौरा

बिभा संवाददाता



**रांची :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की दो सदस्यीय समिति ने झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दौरा किया. इस अवसर पर सीयूजे के माननीय कुलपति प्रो. के.बी. दास ने समिति के सदस्य के तौर पर पधारे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के संयुक्त सचिव एवं राजभाषाई निरीक्षण अधिकारी डॉ. गंभीर सिंह चौहान एवं यूजीसी के उप सचिव एवं राजभाषाई निरीक्षण समिति के सदस्य श्री जितेन्द्र का स्वागत एवं सम्मान पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर किया. स्वागतोपरान्त निरीक्षण के प्रारंभ में माननीय कुलपति प्रो. के.बी. दास की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ. बैठक में पिछले एक वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय में राजभाषा हिंदी के प्रयोग, उपयोग एवं प्रचार सम्बन्धी कार्यों को लेकर पीपीटी के माध्यम से सीयूजे के प्रभारी हिंदी अधिकारी डॉ. उपेन्द्र कुमार ह्यसत्यार्थीह्न द्वारा प्रस्तुति दी गयी. बैठक में विश्विद्यालय के विभिन्न प्रशासनिक एवं शैक्षणिक विभागों द्वारा हिंदी में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई. विश्वविद्यालय के हिन्दी कार्यान्वयन संबंधित उपलब्धियों पर निरीक्षण अधिकारियों द्वारा समाधान जताया गया और बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया गया। बैठक के उपरांत निरीक्षण समिति के सदस्यों ने विश्वविद्यालय स्थित विवेकानंद पुस्तकालय, प्रशासनिक कार्यालय, वित्त विभाग, परीक्षा विभाग एवं कुछ शैक्षणिक विभागों का निरीक्षण भी किया. निरीक्षण अधिकारी डॉ. गंभीर सिंह चौहान ने हिंदी अधिकारी डॉ. उपेन्द्र कुमार ह्यसत्यार्थीह्न के कार्यों की सराहना की तथा विश्वविद्यालय को हिंदी में अधिक से अधिक साहित्यों के लेखन के साथ साथ महापुरुषों की जीवनियों से सम्बंधित महत्वपूर्ण तथ्यों को विश्वविद्यालय की दीवारों पर लिखने की सलाह दी.

निरीक्षण के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री के. के. राव, विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई क्यू ए सी) के निदेशक प्रो आर के डे, संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक) प्रो मनोज कुमार, संकायाध्यक्ष (छात्र कल्याण) प्रो रत्नेश विश्वक्सेन, वित्त अधिकारी श्री पी. के. पंडा, परीक्षा नियंत्रक श्री बीबी मिश्रा, आंतरिक लेखा परीक्षा प्रो विमल किशोर, पुस्तकालयाध्यक्ष, डॉ सुजीत कुमार पाण्डेय, उप कुलसचिव अब्दुल हलीम, प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी डॉ अमृत कुमार इत्यादि उपस्थित थे.

### उषा मार्टिन ने कराया 30 युवकों को इलेक्ट्रिशयन व सोलर पैनल का प्रशिक्षण

#### हुनर से खुलता है आत्मनिर्भरता का रास्ताः एनएन झा

बिभा संवाददाता



**रांची।** प्रशिक्षण से युवा आत्मनिर्भर होते हैं और यह स्वरोजगार कर रास्ता खोलता है। गांवों के युवाओं में भरपूर कौशल और काबिलियत है। इसको सही तरीकें से पहचान कर प्रशिक्षण दिया गया, तो ये युवा पूंजी बन जायेंगे। उक्त बातें उषा मार्टिन के एचआर हेड एन0एन0झा ने कहीं। वे आज उषा मार्टिन एवं मिनी टूल रूम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इलेक्ट्रिशयन व सोलर पैनल का प्रशिक्षण कोर्स के प्रशिक्षण पश्चात युवकों के सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा ज्ञान के साथ कौशल विकास जरूरी है। इसे तेजी से प्रयोग में लाकर ग्रामीण गरीबों को खत्म किया जा सकता है। मिनी टूल रूम के प्राचार्य एम0के0 गुप्ता ने कहा कि उषा मार्टिन के माध्यम से गांव के युवक और युवतियों को लाभ मिल रहा है। सशक्त गांव बनाने की दिशा में यह अच्छी पहली है। उन्होंने कहा कि अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ही रोजगार कर राह आसान होगा। ऐसे में युवाओं का लक्ष्य बेहतर तरीकें से स्वरोजगार के प्रशिक्षण को प्राप्त करना होगा। इसके साथ ही उनको अपने परिवेश एवं कामों में पर्यावरण के संरक्षण का भी प्रयास करना चाहिए।

उषा मार्टिन फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि समग्र विकास की अवधारणा को विभिन्न आयामों के माध्यम से गांवों में धरातल पर उतारा जा रहा है। अभी तक 150 से अधिक ग्रामीणों को सिलाई, कढ़ाई, कप-प्लेट निर्माण, प्लंबर, मोटरसाईकिल सर्विसिंग, टैली एवं अन्य स्वरोजगार के माध्यम से जोड़ा जा चुका इस अवसर पर इस अवसर पर सीएसआर मैनेजर प्रिया बागची के अलावा कई लोग उपस्थित थे। मंच संचालन मंगल टोप्पो एवं धन्यवाद ज्ञापन आशुतोष मिश्रा ने किया। इस अवसर पर देवाशीष घोष, भुवनेश्वर महतो, राहुल उरांव, रौशन लिंडा आदि उपस्थित थे।

### बुंडू प्रखंड में वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण में सुस्ती बरते जाने एवं वोटिंग प्रतिशत कम पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जताई नाराजगी

बिभा संवाददाता



**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जहां लगातार दिशा-निर्देश दे रहे हैं, वहीं विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर निर्देश पर अमल की निगरानी भी कर रहे हैं। उसी के तहत मंगलवार को रांची जिले के बुंडू प्रखंड क्षेत्र के दो मतदान केन्द्रों का उन्होंने निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण, मतदाता मार्गदर्शिका के वितरण एवं अब्सेंट, शिफ्ट, डेथ (एएसडी) सूची के अद्यतीकरण कार्य की गहराई से छानबीन की। उपरोक्त कार्य में शिथिलता मिलने पर नाराजगी जताते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि अगर संबंधित पदाधिकारी की लापरवाही के कारण किसी भी मतदाता को अपने मताधिकार के प्रयोग में परेशानी की शिकायत आई, तो कड़ी कार्रवाई होगी। निर्वाचन से संबंधित सभी कार्य ससमय संपन्न कराए जाने के लिए सभी जिलों के लिए कैलेण्डर तय है।जिनकी भी जहां जिम्मेवारी है उन्हें निर्धारित समय से पूरा करना है।उन्होंने निर्वाचन कार्य की तैयारी में गति लाने का निर्देश दिया। साथ ही शिथिलता बरते जाने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने मतदाता मार्गदर्शिका एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण में तेजी लाते हुए शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही एएसडी की अपूर्ण सूची को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदाताओं की सहायता हेतु नियुक्त किये जाने वाले वालिंटियर से संबंधित सूची एवं मतदान केंद्र जागरूकता समूह की सूची का भी अवलोकन कर इसे पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने बुंडू के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी के मतदान केंद्र संख्या 69 एवं राजेंद्र आश्रम कन्या मध्य विद्यालय के मतदान केन्द्र संख्या 72 का निरीक्षण किया।

### एयरपोर्ट पर राहुल गांधी का पारंपरिक तरीके से किया गया स्वागत

बिभा संवाददाता



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी का एक दिवसीय झारखंड दौरे के दौरान रांची एयरपोर्ट पर कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर साहेब प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ,सुबोध कांत सहाय ,झारखंड प्रदेश के महासचिव सह वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू ने एयरपोर्ट पर राहुल गांधी का स्वागत पारंपरिक अंग वस्त्र ओढ़ाकर काया। इस दौरान कांग्रेस के कई नेता विधायक उपस्थित थे। विनय सिन्हा दीपू ने कहा कि दो चरण के मतदान पूरे हो चुके हैं तीसरे चरण का मतदान हो रहा है। इस बीच राहुल गांधी झारखंड के चाईबासा और लोहरदगा लोकसभा उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस तीन चरणों के मतदान में मत प्रतिशत कम हुए हैं यह साबित कर रहा है कि देश की जनता मोदी के झूठे वायदे से परेशान हैं और कांग्रेस के प्रति अपना विश्वास जता रही है। झारखंड के 14 सीटों पर ठीक उसी तरह के परिणाम आयेंगे जिस तरह से 2019 में भाजपा के डबल इंजन वाली रघुवर दास सरकार में विधानसभा चुनाव में आया था।इस मौके पर झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर , प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर , पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय , बिनय सिन्हा दीपू , राँची लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय , कुमार राजा राकेश किरण महतो, ऋषिकेश सिंह , बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, उज्जल तिवारी, अंकित सिंह ने सभी ने राहुल गांधी का स्वागत किया ।

## संक्षिप्त खबरें

### लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान प्रारंभ



**रामगढ़ः** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग (रामगढ़) के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान पोस्टल बैलट के माध्यम से आकस्मिक सेवाओं के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों, कर्मियों, पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों, मतदान कर्मियों, पत्रकारों आदि के द्वारा मंगलवार से प्रारंभ हो गया है। लोकसभा निर्वाचन जिला पदाधिकारी सह उपायुक्त चन्दन कुमार ने बताया कि पोस्टल बैलट के माध्यम से पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों के मतदान हेतु 13 मई 2024 से 16 मई 2024 तक पुलिस लाइन रामगढ़ (सुविधा केन्द्रों पर)। 22 बड़कागांव, 23 रामगढ़, 24 मांडू, 25 हजारीबाग सहित अन्य विधानसभा के मतदान कर्मियों के लिए 13 मई 2024 से 16 मई 2024 तक गांधी मेमोरियल जिला सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस रामगढ़। आवश्यक सेवाओं, चालकों, कंडक्टर, सफाई कर्मियों सहित अन्य कर्मी 6 मई 2024 से 30 मई 2024 तक समाहरणालय परिसर रामगढ़ में कार्यालय अवधि के दौरान पोस्टल बैलट के माध्यम से अपना मतदान कर सकेंगे।

### 10 मई को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बोकारो मे आगमन को लेकर की गई बैठक, कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह



**बोकारो :** सेक्टर 2 सी दुर्गा पूजा मैदान में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के 10 मई को आगमान को लेकर धनबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में विशाल जनसभा को करेंगे संबोधित उक्त आंश्य की जानकारी देते हुए बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहां की कुशल संगठनकर्ता,प्रखर वक्ता,केंद्रीय रक्षा मंत्री सह पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह के आगमन को लेकर कार्यकताओं में खासा उत्साह है उनके सभा को सुनने के लिए क्षेत्र की जनता भी उत्साहित है। बोकारो विधायक बिरंची नारायण के आवासीय कार्यालय में जिलाध्यक्ष जयदेव राय की अध्यक्षता में तैयारी बैठक हुई जिसमें लोकसभा के सहसंयोजक रोहित लाल सिंह,शरद महतो शशिभूषण ओझा मुकुल,कमलेश राय,संजय त्यागी,बिराभद्र प्रसाद सिंह,इंद्र कुमार झा,माथुर मंडल,विनय किशोर,मनोज सिंह,अनिल सिंह,अभय कुमार गोलू,राजू गुप्ता अन्य सदस्य गण मौके पर मौजूद रहे।

### सामाजिक वर्गों के साथ बैठक कर भाजपा का समर्थन मांगा



**रामगढ़ः** रामगढ़ शहर के 11 स्थानो पर भाजपा द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया,भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने सभी से वोट मांगने के लिए मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा । उन्होंने आगामी 20 मई को ईवीएम के क्रम संख्या 2 पर कमल का बटन दबाकर,अपना बहुमूल्य वोट देकर भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी मतों से जीतने का आग्रह किया। इसमें मुख्य रूप से हजारीबाग लोकसभा के प्रभारी अभय सिंह, लोकसभा सह संयोजक कुंटू बाबू , जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी , महामंत्री छोटन सिंह मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवस्त्व मंडल महामंत्री ऋषिकेश सिंह ,पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो, मीडिया प्रभारी भीम सेन चौहान राजीव रंजन , सत्यजित सिंह,शीतल सिंह जय किशोर ठाकुर, धिरज साहू, ब्रजेश पाठक ,संतोष साव मुख्य रूप से उपस्थित थे। जनसंपर्क अभियान आज सुबह सर्वप्रथम गुरुद्वारा रोड से प्रारंभ किया गया, उसके बाद विकास नगर ,छोटका काना वार्ड, क्षत्रिय महासभा वार्ड नंबर 1 शास्त्री नगर, दिनेश पाठक ब्राह्मण समाज के बीच बैठक, हरिजन समाज के बीच कोइरी टोला पतरातू बस्ती कुशवाहा धर्मशाला, लायंस क्लब, चैंबर ऑफ कॉमर्स मेंबरों के साथ मिलकर अपने पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया गया।

### दूध ले जा रहे टैंकर एवं मोटरसाईकिल मैं जोरदार भिड़ंत , दो युवक घायल

**बोकारो :** दूध ले जा रहे टैंकर ने मोटरसाईकिल सवार को टक्कर मार दी घटना बोकारो जिले के बेरमो अनुमंडल के पेटरवार थाना क्षेत्र के चिनिया गढ़ा के पास की है जिसमें मोटरसाईकिल सवार दुर्घटनाग्रस्त हो गया. ग्रामीणों के द्वारा पेटरवार थाना को सूचना देने के बाद घायल को उपचार के लिए पेटरवार समुदायिक स्वास्थ केंद्र ले जाया गया. वहीं डाक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार कर एक घायल को बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया. जबकि एक का ईलाज पेटरवार समुदायिक केंद्र में ही चल रहा है. वहीं घायल कौशल प्रजापति ने बताया कि पेटरवार से डेंडे अपने घर जा रहे थे. इस दौरान गोमिया से आ रहे दूध के टैंकर ने हमलोगों सामने से टक्कर मार दी और भाग गया. मोटर साईकिल उमेश यादव चला रहा था, जिसे अत्यधिक चोट आई है. पेटरवार थाना पुलिस ने मोटर साईकिल को अपने कब्जे में ले लिया है. जबकि दूध का टैंकर चालक भागने मे सफल रहा.

### निलंबित आईएएस छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** बरियातू के सेना के कब्जे वाली जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री में शामिल निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी कोर्ट में पेशी हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने मंगलवार को सभी आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है। अदालत ने अगली पेशी की तिथि 21 मई निर्धारित की है।

# ये वसूल नहीं, वसूली वाली सरकार है : सुदेश महतो

बिभा संवाददाता



**रांची :** वर्तमान सरकार को इंगित करते हुए कहा कि ये वसूल नहीं, वसूली वाली सरकार है। जनजातीय समाज का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता में कभी रहा ही नहीं। इनका उद्देश्य सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति करना है। यह सरकार जनजाति वर्ग का इस्तेमाल अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए कर रही है लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इस समाज के गौरवपूर्ण विरासत को सुरक्षित और अक्षुण्ण रखते हुए उनके विकास के लिए कार्य करना हमारा दायित्व है।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित एनडीए की बैठक में कही। मौके पर केंद्रीय मंत्री सह खूंटी लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी अर्जुन मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित रहें। इस दौरान कई युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन राज्य की अर्थव्यवस्था पर डकैती किया है राज्य को खोखला कर दिया है। राज्य का आलम देख रही है जनता। ये सरकार राज्य के बेरोजगार युवाओं का गुनहगार है। गुनाह की सजा लोकतंत्र की अदालत में मिलेगी। उन्होंने कहा कि साढ़े चार साल के कार्यकाल में सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया है। इन्होंने अपने कारनामों से राज्य का नाम पूरे देश में बदनाम किया है। नीति, नियोजन का वादा कर सत्ता में आने वाले लोग खान संपदा को लूटने में मग्न हैं। जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए हम आपसी समन्वय और साझेदारी के साथ खूंटी समेत राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करेंगे।

पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वगत करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि राज्य में आवश्यक राजनीतिक परिवर्तन में आप सभी का योगदान महत्वपूर्ण है। हर गांव हर घर तक अपनी पहुँच बनाए और पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुँचाने का कार्य करें।

बैठक में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री सह एनडीए के खूंटी लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कहा कि एनडीए का हरेक कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी को फिर से एकबार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मेहनत कर रहा है। इस परिश्रम का सुखद परिणाम चार जून को देखने को मिलेगा। कार्यकताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से जीत की पटकथा लिखेगा एनडीए। खूंटी की जनता देश में सुशासन और दूरगामी लक्ष्य रखने वाली सरकार बनाने के लिए अपना मतदान हमारे पक्ष में अवश्य करेगी।

इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी गंजल ईकिर मुण्डा, रमेश मुण्डा, राम दुर्लभ सिंह मुण्डा, जिप सदस्य विजय मानकी, केंद्रीय सचिव सुधा मुण्डू, केंद्रीय सदस्य रमेश भगत, अडकी प्रमुख कृष्ण सिंह मुण्डा, तमाड प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता, बुण्डू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो, राधिका देवी, दुति कृष्ण मुण्डा, उमेश नायक, हरदेव महतो, सुनिता देवी, प्रेम कुमार गुप्ता, कन्हाई सिंह, योगेश्वर महतो, सुमित्रा देवी संतोष महतो इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### सोशल मीडिया पर #मैं भी इलेक्शन एंबेसडर कर रहा ट्रेंड

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के कार्यालय द्वारा # मैं भी इलेक्शन एंबेसडर अभिया हैशटैग अभियान ट्वीटर (एक्स) पर मंगलवार शाम में ट्रेंडिंग में आ गया। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अभियान से जुड़े सभी मतदाताओं, पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं सोशल मीडिया के इंफ्लुएंसर को धन्यवाद कहा। रवि कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान के प्रति मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए आयोजित इस सफल अभियान में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर लाखों की संख्या में पोस्ट हुए। इस तरह के अभियान से सोशल मीडिया से जुड़े मतदाताओं को जागरूक करने में सहायता प्राप्त होगी।

### बोकारो पुलिस अधीक्षक ने यातायात कार्यालय में वोटर जागरूकता अभियान चलाया






बिभा संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो पुलिस अधीक्षक के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में बोकारो जिला के लोगों का मतदान में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु हस्ताक्षर अभियान, टोटो रैली को प्रस्थान करवाकर, सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। ताकि दिनांक 25 मई 2024 को होने वाले मतदान में मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सकें। इस कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चास, पुलिस उपाधीक्षक नगर, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, पुलिस उपाधीक्षक कण्ट्रोल रूम बोकारो एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। साथ ही पुलिस अधीक्षक बोकारो के द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाता जागरूकता हेतु सोशल मीडिया सेल गठित कर सोशल मीडिया में विभिन्न तरह के स्लोगन वाले पोस्ट डालकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

### आजसू प्रत्याशी पर चंद्र प्रकाश चौधरी के जीत को लेकर की गई जनसभाः एंजेला



बिभा संवाददाता

**बोकारो :** आजसू पार्टी के चन्द्र प्रकाश चौधरी के नामांकन जनसभा जैनामोड़ , बोकारो में भाजपा नेत्री सह पूर्व अंतरराष्ट्रीय तिरंदाज एंजेला सिंह अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ गांजे बाजें के साथ पहुंची, इस अवसर पर एंजेला सिंह ने कहा कि भाजपा समर्थित आजसू के गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी माननीय चन्द्र प्रकाश चौधरी कि जीत आज के जनसभा में सुनिश्चित हो गई है उनकी जीत के अन्तर को बढ़ाने के लिए हम मिलकर काम करेंगे और मोदी जी के चार सौ पार, एक फिर मोदी सरकार के नारे को सफल बनाने का काम करेंगे। और मोदी सरकार का जो सपना है अबकी बार 400 पर का नारा बुलंद करेंगे और एक कमल जीत का गिरिडीह सीट से भी जाएगी मौके पर सैकड़ो महिलाओ कार्यकर्ता लोग मौजूद रहीं।

### 11वां निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का अयोजन, कुल 55 लोगों जांच की गई

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** अपना 11वां निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर रोटरी क्लब, बोकारो द्वारा 'पीपीएच, अपना नंबर जानें', न्यू श्री दुर्गा मेडिकल, लक्ष्मी मार्केट परिसर में आयोजित किया। शिविर पारस अस्पताल, एचईसी, रांची के सहयोग से आयोजित किया गया। कुल 55 लोगों के बीपी, शुगर, वजन और ऊंचाई आदि की जांच की गई। टीम का नेतृत्व पारस अस्पताल रांची के डॉ एस.के ओझा, प्रबंधक श्री शशि आनंद, मिस मीना और श्री शंकर ने किया। अध्यक्ष ने इस तरह की नियमित जांच पर जोर दिया क्योंकि ये जांच गंभीर जटिलताओं को रोकने में मदद करती हैं। क्लब हर महीने इस तरह के शिविरों का आयोजन करता रहा है और इस से कई वंचित व्यक्तियों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से गंभीर समस्याओं से निपटने में मदद मिली है। अध्यक्ष ने पारस अस्पताल की टीम और न्यू श्री दुर्गा मेडिकल के मालिक श्री चिराग राज को धन्यवाद दिया। रोटरी क्लब से अध्यक्ष घनश्याम दास, रो. अशोक तनेजा, रो. (डॉ) अनिल त्रेहन, रो. अशोक केडिया, रो. (डॉ) आर.एन. प्रधान ने सक्रिय सहयोग दिया।

मंगलवार को क्लब द्वारा दो दिवसीय नेत्र एवं दंत जांच शिवर का केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 में समापन हुआ। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज कुमार और उन के सहायक श्री बजरंगी कुमार और डॉ. शिवम त्रिपाठी द्वारा नेत्र जांच और दंत जांच जारी रहा। दोनों दिन मिला के कक्षा 9 से 12 तक के करीब 500 से ज्यादा छात्र एवं छात्राओं की जांच की गई। जिन छात्रों को समस्या थी, उन्हें क्रमशः डॉ. कुणाल और डॉ. शिवम के क्लीनिक में जाने की सलाह दी गई। अध्यक्ष घनश्याम दास ने प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार को उन के समग्र सहयोग और आतिथ्य के लिए धन्यवाद दिया। अध्यक्ष ने आगे जोर देकर कहा कि इस तरह के जांच शिविर समस्याओं का जल्द पता लगाने में मदद करते हैं और बाद में होने वाली जटिलताओं से बचा जा सकता है। रोटरी क्लब से घनश्याम दास, डॉ प्रधान, डॉ अनिल त्रेहन, अशोक तनेजा एवं अशोक केडिया शिविर में उपस्थित थे।

### जयराम महतो का नामांकन कंफर्म, प्रस्तावक के माध्यम से दूसरी बार अपना नामांकन किया दाखिल

बिभा संवाददाता



बोकारो : गिरफ्तारी से बच रहे निर्दलीय उम्मीदवार जयराम महतो के चुनावी मैदान में रहने के सारी अटकलों पर अब विराम लग गया है. जयराम महतो ने गुरुवार को गिरिडीह सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद बोकारो समाहरणालय में एक प्रस्तावक के माध्यम से दूसरी बार अपना नामांकन दाखिल किया। मालूम हो कि जयराम महतो के वकील सोमनाथ शेखर ने बताया कि01मई को जयराम महतो ने तीन सेट में नामांकन किया था.उन्हें मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया में कुछ त्रुटि को लेकर दोबारा बुलाया था.06मई को जयराम का प्रस्तावक कुलदीप राम ने चौथे सेट का नामांकन किया है

बोकारो जिला प्रशासन ने जयराम के चौथे सेट का नामांकन स्वीकार कर लिया है.

जबकि पूर्व के तीन सेट का नामांकन पत्र रद्द हो गया है. उन्होंने बताया कि कोर्ट की तरफ से जयराम महतो को विधानसभा घेराव के मामले में राहत मिली गई है. कोर्ट ने उनके विरुद्ध पीडक कार्रवाई पर रोक लगा दी है. उनके खिलाफ वारंट इश्यू था.

बता दें कि नामांकन पत्र में त्रुटि को लेकर एक नोटिस भी जारी की गयी थी. नोटिस में 7 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे के बीच आकर अपनी प्रामाणिकता सत्यापित करने के लिए कहा गया था। आज जयराम के सभी प्रस्तावक निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय पहुंचे थे.

### बोकारो स्टील प्लांट के डी एन डब्लू विभाग के केबुल टनल में अग्नि सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध

बिभा संवाददाता




**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट के डी एन डब्लू विभाग के मेन स्टेप डाउन सब स्टेशन (MSDS-1) के बेसमेंट और उससे जुड़े केबल टनल में फायर रीटार्डेन्ट डोर और फायर बैरियर पैनल का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन तथा अतिरिक्त प्रभार संकार्य ) श्री राजन प्रसाद के द्वारा किया गया. इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) श्री पी के बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ), श्री बी पी सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (डी एन डब्लू ) श्री एन भाटिया, वितरण तंत्र विभाग, सुरक्षा अभियन्त्रण विभाग, सीईडी, अग्नि सेवाएं व अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे. पावर सप्लाई का वितरण केबल के माध्यम से समस्त विभागों को किया जाता है, इसे सुचारू रुप से वितरित करने के लिए प्लांट के सभी विभागों को एच टी केबुल नेटवर्क से जोड़ा गया है. अग्नि रोधक द्वार की उपयोगिता तब होती है जब किसी कारण केबुल टनल में आग लग जाती है. अग्नि रोधक द्वार आग को एक कमपार्टमेंट से दूसरे कमपार्टमेंट में जाने से रोकती है. अग्नि रोधक पैनल केबल के आग को आगे बढने से रोकती है, जिससे कि जान माल का नुकसान कम से कम होता है और प्लांट को सुचारु रूप से चलाने में मदद मिलता है. डी एन डब्लू विभाग के अग्नि सुरक्षा के प्रबंधन के संदर्भ में श्री दिलीप कुमार गोंड, महाप्रबंधक (डी एन डब्लू) ने बताया कि केबल टनल में अग्नि सुरक्षा के लिए और भी कदम उठाए जा रहे हैं तथा इसके लिए अग्नि रोधक द्वार और अग्नि अवरोधक पैनल जैसे उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है.

## मतदाता जागरूकता को लेकर पदयात्रा सहित अन्य कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

प्रकाश पटवारी






**रामगढ़ः** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग (रामगढ़) के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। निर्वाचन के दौरान रामगढ़ जिले में प्रत्येक मतदाता द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के नेतृत्व व आरक्षी अधीक्षक डॉ बिमल कुमार कि उपस्थिति में जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।

मंगलवार को मतदाता जागरूकता के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इस दौरान सर्वप्रथम रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक से सुभाष चौक रामगढ़ तक WALKATHON वॉक फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार, उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार सहित अन्य स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, कर्मियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं सहायिकाओं, विभिन्न विद्यालयों के बच्चों, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय अग्रवाल, इंद्रपाल सिंह, विष्णु पोद्दार,अनुप कुमार, कमल बगड़िया, राहुल जैन आदि सहित बड़ी संख्या में जिले वासियों ने WALKATHON में हिस्सा लिया। WALKATHON के दौरान मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न स्लोगन सहित अन्य रचनात्मक तरीके से लोगों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने, मतदान के महत्व आदि के प्रति जागरूक किया गया। WALKATHON संपन्न होने के उपरांत सुभाष चौक रामगढ़ के समीप सभी ने मतदाता जागरूकता के तहत स्वयं मतदान करने एवं अन्य लोगों को भी मतदान करने के प्रति जागरूक करने की शपथ ली।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी को मतदान के महत्व के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि अक्सर हम देखते हैं कि शहरी क्षेत्र में रहने वाले मतदाता सभी तरह से जागरूक होने के बावजूद मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं। हमारा वोट हमारा भविष्य तय करता है इसलिए यह बहुत जरूरी है की प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करें वहीं उन्होंने सभी से स्वयं मतदान करने एवं अपने आसपास रहने वाले अन्य लोगों को भी मतदान करने के प्रति जागरूक करने की अपील की।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार ने पहले मतदान फिर जलपान का नारा देते हुए सभी को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की शुभकामनाएं दी एवं सभी से निर्वाचन के दौरान 20 मई 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने की अपील की। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार ने शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को उनके मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करने का कार्य किया वहीं उन्होंने सभी से स्वयं एवं अन्य लोगों को भी मतदान करने के प्रति जागरूक करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने नई पहल करते हुए लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदाताओं को सांकेतिक रूप से निमंत्रण पत्र देकर मतदान करने के लिए आमंत्रित किया वहीं इन सब के अलावा कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेशों के साथ गुब्बारों को हवा में छोड़ते हुए सभी से आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने की अपील की गई। कार्यक्रम का संचालन उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया वहीं उन्होंने कार्यक्रम के संचालन के साथ-साथ लोगों को निर्वाचन संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां एवं मतदान के प्रति जागरूक करने का भी कार्य किया।

# संक्षिप्त खबरें

## प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के अधिकारियों ने किया गोविंदपुर में जनसम्पर्क अभियान



**खूँटी** । लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मंगलवार को प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अधिकारियों ने गोविंदपुर में जनसम्पर्क अभियान में शामिल हुए। जो कि जिला के तोरपा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर के लोगों से मुलाकात की और आगामी 10 मई को खूँटी में गृहमंत्री अमित शाह के आगमन पर कार्यक्रम में शामिल होने का न्यौता दी। साथ ही बतायी कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें सबका साथ सबका विकास की भावना है।इसलिए अच्छी सरकार के लिए अच्छी मानसिकता के साथ मतदान करना आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रुप में देखने के लिए कमल का बटन दबाकर आप सभी का समर्थन आवश्यक है। आगामी 13 में को भूत में जाकर पहले नम्बर पर सबसे उपर कमल का बटन दबाकर अर्जुन मुंडा को अपना प्रतिनिधि के रुप में भेजने का काम करें। आप सभी के एक एक मतदान से फिर एक बार बनेगा मोदी सरकार। इस दौरान भाजपा प्रदेश की काजल प्रधान, बीजेपी पूर्व प्रदेश मंत्री, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संपति देवी, सुचिता सिंह, मण्डल अध्यक्ष रामध्यान सिंह, आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

## मजदूरी के पैसे से पल्सर खरीदकर घर लौट रहा युवक की मौत

**रनिया** । मरचा रनिया मुख्य पथ पर रनिया थाना क्षेत्र के बलंकेल मोड़ में सोमवार की रात स्कूटी सवार युवक एक पेड़ से सीधे जा टकराया , जिससे युवक की स्थिति नाजुक होने के कारण उसकी मौत हो गयी। युवक की पहचान रनिया थाना क्षेत्र के हुटुटुवा गाँव निवासी 22 वर्षीय अंकुश बारला के रुप में की गयी। जो बलंगकेल मोड़ में मुख्य पथ के किनारे पेड़ को सोमवार की रात दस बजे के आसपास टक्कर मार दिया। घटना में अंकुश को गंभीर चोट लगी और मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर रनिया पुलिस शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए खूँटी सदर अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि अंकुश गोवा में रहकर मजदूरी का कार्य करता था और हाल के दिनों में ही गाँव लौटा था। वहीं सोमवार की रात सेकंड हैंड पल्सर मोटरसाइकिल खरीद कर खूँटी से गाँव लौट रहा था। परंतु पल्सर मोटरसाइकिल को अंकुश का दोस्त चला रहा था और अंकुश दोस्त का स्कूटी लेकर लौट रहा था। घटना के बाद अंकुश परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने स्कूटी को जप्त कर लिया है। वहीं अन्त्यपरिक्षण कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

## एस्ट्रो टर्फ मैदान में हॉकी मैच के साथ नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**खूँटी** । नगर पंचायत क्षेत्र के हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में मंगलवार को आवासीय और डे बोर्डिंग पुरुष के बीच हॉकी मैच कराया गया। मौके पर जनसम्पर्क खूँटी की नुक्कड़ नाटक टीम के कलाकारों के माध्यम से खिलाड़ी एवं दर्शकों को लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने हेतु अपने मत का प्रयोग करने के लिए एवं मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु जागरूक किया गया। इसके साथ ही युवा मतदाताओं को अपने मताधिकार की महत्ता से अवगत कराने हेतु अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए खेल प्रतिभागियों ने इस चुनाव में एक भी मतदाता न छूटे का संदेश प्रेषित किया। इस आयोजन में मुख्य रूप से ज़िला खेल पदाधिकारी खूँटी, एवं जिला खेल के सभी कर्मचारी, आवासीय एवं डे बोर्डिंग के प्रशिक्षक और खेलाड़ियों के अभिभावक उपास्थित थे।

## कांग्रेस ने चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन

**खूँटी** । कांग्रेस ने मंगलवार को हुटार , सिलादोन एवं मारंगहादा में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन मौके जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि इण्डिया गठबंधन के सभी स्थितियों की मेहनत से लग रहा है कि जीत तो निश्चित है। पर, अपने विरोधी को कमजोर नहीं समझना चाहिए।

## डम्पिंग यार्ड में जलते कूड़े कचड़े से उठ रहे धुएँ, कूड़े में दवा के डब्बे व कई तरह के सामन



**खूँटी** । नगर पंचायत क्षेत्र के डंपिंग यार्ड में लगे आग चौथे दिन भी चारों ओर जलता रहा जिससे शहर के विभिन्न इलाकों से उठे कूड़े कचरे में कई तरह के रासायनिक तत्वों वाले डब्बे आदि भी जलने लगे हैं। जिसके कारण धुएँ के साथ केमिकल का धुआँ भी उठ रहा है। और ये धुएँ आसपास के मोहल्ले तक भी पहुँच रहा है। लोगों ने बताया कि धुएँ में दुर्गंध भी काफी होता है। बता दें कि डंपिंग यार्ड में के.एम.एस. एजेंसी को नगर पंचायत द्वारा कूड़ा कचरा उठाव करने का जिम्मा दिया गया है। साथ ही, के.एम.एस कम्पनी द्वारा ही कचड़े को मशीन द्वारा क्रसिंग व रिसाइकिल करके खाद व अन्य सामान बनाया जाना था। लेकिन विगत पाँच छह वर्षों से बन रहा रिसाइक्लिंग सिस्टम आज तक चालू नहीं हो पाया। और इसी बीच डंपिंग यार्ड में आग लग जाने से अब नहीं बन पाएगा। जो कि नगर पंचायत के लिए आर्थिक क्षति भी है। डंपिंग यार्ड के मैनेजर ने बताया कि शनिवार की दोपहर को आग लगी है और फिर यह चारों ओर फैले गयी। उसने बताया कि अभी तक तो रीसायकल और क्रशिंग मशीन चालू नहीं हो पाया है। और वही इस कूड़े से खाद का निर्माण होता और राख छाई सीमेंट फैक्ट्री में चला जाता। और अब इसमें आग लग जाने के कारण वैसा कुछ नहीं बन पाएगा। उन्होंने कहा कि यह तो क्षति हुआ ही है। लेकिन इसके जिम्मेवारी और मशीन चालू नहीं हो पाने की प्रक्रिया के बारे पूछे जाने पर कुछ बोलने से बचते नजर आये। लेकिन यह निर्माण कार्य की निविदा तिथि से निर्माण कार्य व मशीन चालू करने का समय से कई वर्ष पार हो गये। लेकिन सरकारी योजनाओं और मदों पर उदासीनता शिथिलता और कार्रवाई पर आखिर दोषी कौन। वहीं दवाओं के शीशी, कचड़े मूल फेंके गये दवा सहित केमिकल युक्त सामानों के जलने से उठ रहे धुएँ कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

# कांग्रेस लंबे अरसे तक शासन करने के बावजूद अलग झारखंड की मांग को हमेशा लटकाने का काम किया : अर्जुन

बिभा संवाददाता





**खूँटी** । तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के बुंडू में केंद्रीय मंत्री व खूँटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने एनडीए के घटक दल आजसू के द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सभी से विकसित भारत, विकसित खूँटी बनाने के लिए 13 मई को मतदान करने की अपील की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी राष्ट्र निर्माण में लगे हैं और इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। दूसरी तरफ ऐसे लोग चुनाव लड़ रहे हैं, जिनके पास न कोई मिशन है न कोई विजन। आज राज्य में खनन माफिया राज्य के बालू को बाहर भेज दे रहे हैं लेकिन अगर कोई गरीब अपना घर बनाना चाह रहा है तो उसे बालू नसीब नहीं हो रहा है। श्री मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार में भ्रष्टाचार हावी है, जहां भी छापे पड़ रहे हैं, वहां से करोड़ों मिल रहे हैं। यह राज्य के लिए दुर्भाग्य है । झारखंड राज्य को बनाने के लिए कई लोगों ने आहुति दी है, कई गोलीकांड हुए हैं, जिसकी जिम्मेदार भी कांग्रेस ही है । इसी कांग्रेस के साथ मिलकर राज्य की सरकार जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने का काम कर रही है, जहाँ मंत्री के पी.ए. के नौकर के घर करोड़ों रुपए मिल रहे हैं। कांग्रेस लंबे अरसे तक शासन में थी लेकिन उसने अलग झारखंड की मांग को हमेशा लटकाने का काम किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। राँची से टाटा तक रेलवे लाइन बने यह हमारा संकल्प है। शिक्षा के क्षेत्र में हम आगे बढ़े ये हमारा संकल्प है ।कृषि क्षेत्र में हम बेहतर करें ये हमारा संकल्प है। श्री मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल संसद में पास कराकर हमारी सरकार ने महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है। 2029 में जब चुनाव होगा, संसद में 33 प्रतिशत महिलाएँ चुनकर संसद में जाएगी। इस ऐतिहासिक बिल को भी कांग्रेस ने वर्षों से लटकाकर रखा था ।

### विभिन्न गाँवों का भी किया दौरा

श्री मुंडा ने तमाड़ विधानसभा के विभिन्न गाँवों में जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया और सभी से 13 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को मतदान करना है।

# अपराधियों के लिए हथियार बिक्री कर उपलब्ध कराने वाले दो व्यक्ति गिरफ्तार

बिभा संवाददाता





खूँटी । जिले के तोरपा थाना क्षेत्र से सोमवार को अवैध हथियार की कारोबारियों को पकड़ने में पुलिस को कामयाबी मिलने की बात पुलिस प्रशासन द्वारा सामने आयी है। जिसमें तोरपा थाना क्षेत्र के कुल्डा जंगल में सोमवार को आग्नेयास्त्र खरीद बिक्री का मामले की जानकारी गुप्त सूचना के आधार पर एसपी अमन कुमार को मिली थी। जो कि क्रिमिनल लोगों के उपयोग के लिए हथियारों का खरीद बिक्री होनेवाला है। डीएसपी क्रिष्टोफर केरकेट्टा के अनुसार, इसी? क्रम में खरीद बिक्री करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए तोरपा पुलिस ने दो व्यक्ति को पकड़ लिया गया। जिसे मंगलवार को जेल भेज। दिया गया है। तोरपा डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने मंगलवार को प्रेसवार्ता करके बताया कि गुमला जिला के कमडारा थाना अंतर्गत सरिता हरिजन टोली निवासी 26 वर्षीय अतीश राम और तोरपा बाजार टाँड़ निवासी 27 वर्षीय नीतीश कुमार तोरपा के कुल्डा जंगल में हथियार बेचने के लिए पहुँचा था। उन्होंने बताया कि खूँटी एसपी अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के सत्यापन पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तोरपा क्रिस्टोफर क्रिकेटर के नेतृत्व में चलाए गए छापामारी अभियान के दौरान पुलिस ने एक देशी पिस्तौल, दो जिंदा गोली एवं एक टाटा नेक्शन कार के साथ नीतीश व अतिश को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दोनों अपराधियों के संबंध में पुलिस के द्वारा बताया गया की अतिश पूर्व में कामडारा थाना में आर्म्स एक्ट जुआ व अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। वह पूर्व में भी जेल जा चुका है। छापामारी टीम में पुलिस निरीक्षक तोरपा अंचल अशोक कुमार,तोरपा थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडे, अमरेंद्र मंडल जयदीप मेहता और तोरपा थाना के सशस्त्र जवान शामिल थे।

भाजपा के जनसंपर्क अभियान में नीलकंठ हुए शामिल, कहा

# आपके मतदान का समर्थन ही बनाएगा मोदी जी को प्रधानमंत्री : नीलकंठ



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । इस बार चार सौ पार फिर एक बार मोदी सरकार के लिए लगातार ही भाजपा के कार्यकताओं व नेता गणों के द्वारा जनसम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को खूँटी विधायक और लोकसभा निर्वाचन के सिमडेगा प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने मोहनाटोली में जनसम्पर्क अभियान में शामिल हुए। वहीं विधायक ने कहा कि आपका मतदान का समर्थन से ही मोदी जी फिर एक बार 400 पार के साथ सरकार बनाएंगे। वहीं पूरे देशवासियों का सपना है कि एक बार फिर मोदी सरकार । जिन्होंने केवल देश का विकास नहीं बल्कि पूरे देश को विदेशी ताकतों से सुरक्षित रखने का काम भी कर्तव्य के साथ पूरा किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भाजपा के होने के कारण ही खूँटी में विकास दिखाई दे रहा है। लोगों को योजना का काफी लाभ मिला है। और आगे भी मिलेगा, जबतक भाजपा की सरकार रहेगी। इसलिए बीजेपी का बटन दबाकर आप मोदी जी को अपना समर्थन दें। वहीं नगर अध्यक्ष सुरेश जायसवाल की अगुवाई में जनसंपर्क अभियान चलाकर मुहल्ले में भ्रमण किया गया। मौके पर, अर्जुन पाहन, विकाश चौधरी, जनार्दन मिश्रा, शंकर प्रधान, पवन कुमार साह, महिंदर नायक, फागु महतो, राजेंदर भगत सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## जिले में कराया जाने लगा है डाक मतदान




खूँटी । लोकसभा निर्वाचन की प्रक्रिया में डाक मतदान भी एक प्रक्रिया है। जिसके तहत जिले में मंगलवार से डाक मतदान कराया जाना सुनिश्चित कर दिया गया है। जिसमें पूर्व में ही डाक मतदान के लिए भरे गए प्रपत्र प्रक्रिया करके मंगलवार को अनेक मतदाताओं ने मतदान किये।

# कालीचरण मुण्डा ने मुरहू के विभिन्न गाँवों में अपने लिए लोगों से मांगे वोट

बिभा संवाददाता



खूँटी । मुरहू प्रखंड के मुरहू, डुडरी, कोडाकेल, गनालोया, हस्सा, गजगाँव में मंगलवार को इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी काली चरण मुण्डा ने इण्डिया गठबंधन के पक्ष में करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने और भाजपा को मतदान द्वारा सबक सिखाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में मुझे चुनाव चिह्न हाथ छाप पर वोट दे कर विजय बनावे जोकि वे एवं राहुल गांधी के हाथों को मजबूती दें, निरंकुश सरकार से जो गरीबों पिछड़ों का शोषण कर रही ताकतों से हमेशा लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा अगर भाजपा पुनः केन्द्र में आती है तो हम सभी आदिवासी मूलवासी का आस्तित्व खतरे में पड़ जायेगी क्योंकि वे भरे मंच से संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। मौके पर विधानसभा प्रभारी अमरेन्द्र सिंह, रविकांत मिश्रा, विलसन तोपनो, बबलू, फुलचंद टुटी, मगतराय मुण्डा, विपीन लुगून, अनमोल होरो, एडवर्ड हंस, आदि उपस्थित थे।

# मतदान केंद्र पर मतदान आरंभ से समाप्ति तक सभी प्रक्रियाओं की दी गई जानकारी



बिभा संवाददाता

खूँटी । लोक सभा आम चुनाव 2024 के मद्येनजर प्रषिक्षण कोषांग द्वारा 60-खूंटी एवं 59-तोरपा विधान सभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त मतदान दलों के अनुसार पोलिंग आफिसर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में खूँटी विधानसभा एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों में से क्रमशः 320 एवं 280 मतदानकर्मी शामिल हुए। यह उनका अंतिम दौर का प्रशिक्षण था। ये प्रशिक्षण विगत कई दिनों से चुनाव में लगनेवाले अधिकारियों को लगातार दीजिए रही है। ताकि किसी प्रकार की गलतियाँ ना हो। प्रशिक्षण के दौरान मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान के बाद की समस्त प्रक्रियाओं से विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि विविध चरणों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों द्वारा आप सभी को निर्वाचन की तमाम प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया है। उम्मीद है कि आप सभी अपने कार्य दक्ष होकर चुनाव कार्यों का सफल निष्पादन करेंगे। उन्होंने सभी मतदान कर्मियों को समय पर बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, बिरसा कॉलेज, खूँटी परिसर में बनाये जा रहे है डिस्पैच सेन्टर पर पहुँचने का निर्देश दिया ताकि मतदान कर्मियों को समयानुसार मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जा सके। उपायुक्त ने मतदानकर्मियो को निर्देशित किया कि मतदान के दिन पूर्वाह्न पाँच बजे संबंधित मतदान केंद्र पर पहुँचकर मतदान आरंभ करने की प्रक्रिया के कार्य में सावधानी के साथ लगना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने मतदान कर्मियों को प्रपत्र 17ए के संधारण में विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सीयू, बीयू एवं वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की व्यवहारिक जानकारी दी गई। साथ ही निर्वाचन के दौरान उपयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों के संधारण, पैकेटिंग आदि के संबंध में विस्तार से बताया गया। इस दौरान चुनाव की तमाम कार्य पद्धति से अवगत कराने में 30 मुख्य प्रशिक्षक शामिल थे।

# महिलाओं की राजनीति में दिख रही सक्रियता, प्रचार में महिलाएँ आने लगी आगे





बिभा संवाददाता

**खूँटी** । लोकसभा निर्वाचन निर्वाचन के महापर्व में पहली बार महिलाओं द्वारा स्वेच्छा से घर से निकलकर जनसंपर्क अभियान में देखा जा रहा है। पहले महिलाएँ घर में रहती थी लेकिन राजनीति में भी बढ़-कर कर हिस्सा लेने लगी हैं। भाजपा कार्यकताओं ने बताया कि इसका मुख्य कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवाई में भाजपा सरकार द्वारा नारी उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएँ चलाई गई। जिससे महिलाएं शिक्षित स्वावलम्बी और स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ सके। और जिसका नतीजा यह हुआ कि आज के समय में महिलाएँ आगे बढ़ी हैं। वहीं प्रत्येक दिन घर का कामकाज करने के बाद भोजन बनाकर सभी कार्यों को का निष्पादन करने के पश्चात महिलाएँ जनसंपर्क अभियान में भाजपा का झंडा फॉर्म विभिन्न गांव में देखने को मिल जाती है। इसी क्रम में विमला देवी की अगुवाई में काफी संख्या में महिलाएं जनसंपर्क अभियान में निकली और किशनपुर में घर-घर जाकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए कमल का बटन दबाकर मतदान करने का आग्रह की?। वहीं उर्मिला देवी, गौरा देवी, बासमती देवी नौरी पूर्ति आदि अनेक लोगों ने डूमरदगा, जलटंडा, टुनगाँव गम्हरिया बिचना, घाघरा, दरला , बिरमकेल आदि गाँवों में घर-घर जाकर कमल फूल छाप का बटन दबाकर मतदान करने के लिए कहा। उर्मिला देवी ने बताया कि आगामी 10 मई को खूँटी में गृहमंत्री अमित शाह के आगमन पर कार्यक्रम में शामिल होने का न्यौता दी। साथ ही बतायी कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें सबका साथ सबका विकास की भावना है। बाकि पार्टी हिंदू मुस्लिम सिक्ख इसाई करके बाँटने का काम करती है। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर का उद्घाटन किया गया। जिसके कारण उस क्षेत्र के सभी जाति धर्म संप्रदाय के लोगों का रोजगार बढ़ गया है। आज सभी लोग वहाँ खुश हैं। बाहर से लोग अयोध्या दर्शन करने जा रहे हैं। वहीं उस क्षेत्र के लोगों का प्रत्यक्ष व परोक्ष रुप से आमदनी का श्रोत बढ़ गया है। विपक्ष के पास विकास का कोई विजन नहीं है। जहाँ जिस राज्य में गैर भाजपा सरकार है वहीं घोटाला, भ्रष्टाचार, काले करतूत होते हैं। इसलिए सावधान रहना है और कमल फूल का बटन दबाकर मतदान करना जरूरी है। अच्छी सरकार के लिए अच्छी मानसिकता के साथ मतदान करना आवश्यक है। महिला मोर्चा की मिडिया प्रभारी रीता देवी ने मुरहू में महिलाओं संग जनसंपर्क रैली निकालकर भाजपा को जीतने और नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने का आग्रह की।

## जदयू के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक चौधरी निष्कासित

**रांची**। जदयू के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सह संथाल परगना प्रमंडल प्रभारी अशोक चौधरी को छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया। चौधरी पर जदयू पार्टी के विरोध में बैठक बुलाने, प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ बयान देने, पार्टी के अनुशासन को भंग करने और दल विरोधी गतिविधि में शामिल होने का आरोप है। इस संबंध में मंगलवार को जदयू के महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी भगवान सिंह ने उनके निष्कासन से सम्बंधित पत्र जारी किया । इसकी सूचना जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी दे दी गयी है।

# अमेरिकी बैंक क्यों हो रहे दिवालिया?



प्रहलाद सबनानी

**पूंजीवाद पर आधारित आर्थिक नीतियां अमेरिका में बैंकिंग क्षेत्र में उत्पन्न समस्याओं का हल नहीं निकाल पा रही हैं। अब तो अमेरिकी अर्थशास्त्री भी मानने लगे हैं कि आर्थिक समस्याओं के संदर्भ में साम्यवाद के बाद पूंजीवाद भी असफल होता दिखाई दे रहा है एवं आज विश्व को एक नए आर्थिक मॉडल की आवश्यकता है। इन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों का स्पष्ट इशारा भारत की ओर है क्योंकि इस बीच भारतीय आर्थिक दर्शन पर आधारित मॉडल भारत में आर्थिक समस्याओं को हल करने में सफल रहा है।**

अमेरिका में वर्ष 2023 में 3 बैंक (सिलिकन वैली बैंक, सिगनेचर बैंक, फर्स्ट रिपब्लिक बैंक) डूब गए थे एवं वर्ष 2024 में भी एक बैंक (रिपब्लिक फर्स्ट बैंक) डूब गया है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अमेरिकी केंद्रीय बैंक, यूएस फेडरल रिजर्व, द्वारा ब्याज दरों में की गई वृद्धि के चलते बैंकों के असफल होने की यह परेशानी बहुत बढ़ गई है।

सिलिकन वैली बैंक ने कई तकनीकी स्टार्ट अप एवं उद्यमी पूंजी फर्म को ऋण प्रदान किया था। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 20,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्तियां थी और यह अमेरिका के बड़े आकार के बैंकों में गिना जाता था और हाल ही के समय में डूबने वाले बैंकों में दूसरा सबसे बड़ा बैंक माना जा रहा है। इसी प्रकार, सिगनेचर बैंक ने न्यूयॉर्क कानूनी फर्म एवं अचल सम्पत्ति कम्पनियों को ऋण सुविधाएं प्रदान कर रखी थीं। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 11,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति थी और अमेरिका में हाल ही के समय में डूबने वाले बड़े बैंकों में चौथे स्थान पर आता है। 31 जनवरी 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार, रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की कुल सम्पत्तियां 600 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं जमाराशि 400 करोड़ अमेरिकी डॉलर थीं। न्यू जर्सी, पेनसिल्वेनिया और न्यूयॉर्क में बैंक की 32 शाखाएं थीं जिन्हें अब फुल्टन बैंक की शाखाओं के रूप में जाना जाएगा क्योंकि फुल्टन बैंक ने इस बैंक की सम्पत्तियों एवं जमाराशि को खरीद लिया है।

पीयू रिसर्च संस्थान के अनुसार, चार शताब्दी पूर्व, वर्ष 1980 एवं वर्ष 1995 के बीच अमेरिका में 2,900 बैंक असफल हुए थे। इन बैंकों के पास संयुक्त रूप से 2.2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्ति थी। इसी प्रकार, वर्ष 2007 से वर्ष 2014 के बीच अमेरिका में 500 बैंक, जिनकी कुल सम्पत्ति 95,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर थी, असफल हो गए थे। ऐसा कहा जाता है कि विशेष परिस्थितियों को छोड़कर अमेरिका में सामान्यतः बैंक असफल नहीं होते हैं। परंतु, इस सम्बंध में अमेरिकी रिकार्ड कुछ और ही कहानी कह रहा है। वर्ष 1941 से वर्ष 1979 के बीच, अमेरिका में औसतन 5.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 1996 से वर्ष 2006 के बीच औसतन 4.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं एवं वर्ष 2015 से वर्ष 2022 के बीच औसतन 3.6 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 2022 में अमेरिकी बैंकों को 62,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ था। इसके पूर्व, वर्ष 1921 से वर्ष 1929 के बीच अमेरिका में औसतन 635 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। यह अधिकतर छोटे आकार के बैंक एवं ग्रामीण बैंक थे और यह एक ही शाखा वाले बैंक थे। अमेरिका में आई भारी मंदी के दौरान वर्ष 1930 से वर्ष 1933 के बीच 9,000 से अधिक बैंक असफल हुए थे। इनमें कई बड़े आकार के शहरों में कार्यरत बैंक भी शामिल थे और उस समय इन बैंकों में जमाकताओं की भारी भरकम राशि डूब गई थी। वर्ष 1934 से वर्ष 1940 के बीच अमेरिका में औसतन 50.7 बैंक प्रतिवर्ष बंद किए गए थे। अमेरिका में इतनी भारी मात्रा में बैंकों के असफल होने के कारणों में मुख्य रूप से शामिल है कि वहां छोटे छोटे बैंकों की संख्या बहुत अधिक होना है। बैकों के ग्राहक बहुत पढ़े लिखे और समझदार हैं। बैंक में आई छोटी से छोटी परेशानी में भी वे बैंक से तुरंत अपनी जमाराशि को निकालने पहुंच जाते हैं, जबकि बैंक द्वारा इस राशि से खड़ी की गई सम्पत्ति को रोकड़ में परिवर्तित करने में कुछ समय लगता है। इस बीच बैंक यदि जमाकर्ता को जमाराशि का भुगतान करने में असफल रहता है तो उसे दिवालिया घोषित कर दिया जाता है और इस प्रकार बैंक असफल हो जाता है। कई बार बैंकों द्वारा किए गए निवेश (सम्पत्ति) की बाजार में कीमत भी कम हो जाती है, इससे भी बैंकें अपने जमाकताओं को जमाराशि का भुगतान करने में असफल हो जाते हैं। अभी हाल ही में अमेरिका में मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में लगातार बढ़ौतरी की गई है, जिससे इन बैकों द्वारा अमेरिकी बांड में किये गए निवेश की बाजार में कीमत अत्यधिक कम हो गई है। अब इन बैंकों को बांड में निवेश की बाजार कीमत कम होने के स्तर तक प्रावधान करने को कहा गया है और यह राशि इन बैकों के पास उपलब्ध ही नहीं है, जिसके चलते भी यह बैंक असफल हो रहे हैं। एक सर्वे में यह बताया गया है कि आने वाले समय में अमेरिका में 190 अन्य बैंकों के असफल होने का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि ब्याज दरों के बढ़ने से ऋण की मांग बहुत कम हो गई है। विभिन्न कम्पनियों ने अपने विस्तार की योजनाओं को रोक दिया है, इससे निर्माण की गतिविधियों में कमी आई है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक, फेडरल रिजर्व, का पूरा ध्यान केवल मुद्रा स्फीति को कम करने पर है एवं अमेरिकी अर्थव्यवस्था में विकास दर को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में उत्पादों की मांग कम हो और मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाया जा सके। इसके चलते कई कम्पनियां अपने कर्मचारियों की छंटनी कर रही है एवं देश में युवा वर्ग बेरोजगार हो रहा है।




पूंजीवाद पर आधारित आर्थिक नीतियां अमेरिका में बैंकिंग क्षेत्र में उत्पन्न समस्याओं का हल नहीं निकाल पा रही हैं। अब तो अमेरिकी अर्थशास्त्री भी मानने लगे हैं कि आर्थिक समस्याओं के संदर्भ में साम्यवाद के बाद पूंजीवाद भी असफल होता दिखाई दे रहा है एवं आज विश्व को एक नए आर्थिक मॉडल की आवश्यकता है। इन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों का स्पष्ट इशारा भारत की ओर है क्योंकि इस बीच भारतीय आर्थिक दर्शन पर आधारित मॉडल भारत में आर्थिक समस्याओं को हल करने में सफल रहा है। अमेरिका में बैकों के असफल होने की समस्या मुख्यतः मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में की गई वृद्धि के कारण उत्पन्न हुई हैं। दरअसल, मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उत्पादों की मांग को कम करने के लिए ब्याज दरों में वृद्धि करने के स्थान पर बाजार में उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाई जानी चाहिए ताकि इन उत्पादों की कीमत को कम रखा जा सके। प्राचीन भारत में उत्पादों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाता था, जिसके कारण मुद्रा स्फीति की समस्या भारत में कभी रही ही नहीं है। बल्कि भारत में उत्पादों की प्रचुरता के चलते समय समय पर उत्पादों की कीमतें कम होती रही हैं। ग्रामीण इलाकों की मंडियों में आसपास ग्रामों में निवास करने वाले ग्रामीण व्यापारी एवं उत्पादक अपने उत्पादों को बेचने हेतु एकत्रित होते थे, सायंकाल तक यदि उनके उत्पाद नहीं बिक पाते थे तो वे इन उत्पादों को कम दामों पर बेचना प्रारम्भ कर देते थे ताकि गांव जाने के पूर्व उनके समस्त उत्पाद बिक जाएं एवं उन्हें इन उत्पादों को अपने गांव वापिस नहीं ले जाना पड़े। इस प्रकार भी विभिन्न उत्पादों की भारतीय मंडियों में मांग से अधिक आपूर्ति बनी रहती थी। अतः उत्पादों की कमी के स्थान पर उत्पादों की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता पर ध्यान दिया जाता था, इससे प्राचीन भारतीय ग्रंथों में मुद्रा स्फीति का जिक्र ही नहीं मिलता है। दूसरे, पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में आर्थिक मॉडल एवं नियमों को बहुत जटिल बना दिया गया है। इससे भी कई प्रकार की आर्थिक समस्याएं खड़ी हो रही है जिसका हल विकसित देश नहीं निकाल पा रहे हैं।

## संपादकीय

### सहभागी और सक्रिय अदालतें

सर्वोच्च न्यायालय ने आपराधिक मामलों की सुनवाई में अदालतों को सहभागिता-सक्रियता का निर्देश दिया है। कहा है कि अदालतें गवाहों, खास कर गुमराह हुए गवाहों, के बयान दर्ज करने वाला टेप-रिकार्डर भर नहीं हैं। दरअसल, यह पैसिवनेस है, जो दोतरफा मार करती है। पहले तो सरकारी वकील ऐसे गवाहों के प्रति ढीले पड़ जाते हैं। वे उससे जरूरी सवाल भी नहीं करते जिनसे कि उसके मुकरने की सटीक वजह मालूम होती। कोई भी आपराधिक मुकदमा गुमराह गवाहों की बदौलत जीता जाता है। इसमें सरकारी वकील, जो अभियोजन पक्ष के होते हैं, वे अपने पैने सवालों से सच उगलवा सकते हैं, पर वे इन सवालों को जानबूझ कर टाल जाते हैं। उनका यह कतराना भी बिका हुआ होता है, जबकि उन्हें सरकार से मोटी पगार मिलती है। इस स्थिति में बदलाव के लिए सरकारी वकीलों के पदों को वकील की राजनीतिक निष्ठा के आधार पर नहीं, उसकी पेशेवर सक्षमता के अनुसार भरा जाना चाहिए। योग्यता और नैतिक निष्ठा सबसे जरूरी आस्पेक्ट है। गलत और अक्षम वकीलों के चयन से मुकदमा जरूरी स्टेज पर कमजोर होने लगता है। दोषी मुकदमा जीत जाता है। पीड़ित को कभी भरोसा ही नहीं होता कि उसकी सुनवाई निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से होगी, उसे अंततः न्याय मिलेगा। यहां सबसे बड़ी क्षति न्यायाधीशों की अ-सक्रियता से होती है, जब वे अपनी भूमिका को गवाहों के बयान दर्ज करने तक सीमित कर अ-सहभागी हो जाते हैं। यह दोहरा घाटा है। इससे न्याय के उस प्राथमिक सिद्धांत का खंडन हो जाता है, जिसे सुलभ कराने के लिए न्यायपालिका का गठन हुआ है। इससे बचने के लिए सर्वोच्च न्यायालय अदालतों से गवाहों से जिरही होने की ताकीद करती है ताकि सच का खुलासा हो सके। मुकदमे पर रोशनी पड़े। पीड़ितों को न्याय मिले। यह बिल्कुल वाजिब ताकीद है। प्रायः देखा गया है कि बड़े से बड़ा कांड, यहां तक कि नरसंहार मामलों में भी गवाहों के मुकरने और अदालतों के जिरही न होने से दोषी छूटते रहे हैं। इससे न्याय व्यवस्था की भारी किरकिरी होती रही है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा निर्देश में इस नासूर हो चुकी स्थिति की एक बुनियादी पड़ताल है। अदालतों को सक्रिय होना है। इस अंदाज में कि अपराध का दूसरा पहलू सामने आ सके क्योंकि ह्यकोई अपराध आखिर में एक व्यक्ति के विरु द्ध ही नहीं, समाज के विरु द्ध भी होता है़ क्या यह न्यायिक सक्रियता का आगाज है? नहीं, इसकी अपनी सीमा है पर यह कई बार न्याय व जन हित में लाजिमी है।

## चिंतन-मनन

### व्यापारी के बेटे

एक व्यापारी के दो पुत्र थे। मरने से पहले उसने अपनी संपत्ति दोनों बेटों में बराबर-बराबर बांट दी। एक पुत्र ने अपने व्यापार को काफी बढ़ाया। वह अत्यंत संपन्न होकर समाज के प्रतिष्ठत लोगों में गिना जाने लगा। जबकि दूसरे को व्यापार में घाटा हो गया और उसके परिवार को दो जून की रोटी जुटाने में भी अत्यंत तकलीफें उठानी पड़ीं। अपने भाई की तरक्की और अपनी दुर्दशा देखकर दूसरा भाई एक संत के आश्रम में पहुंचा और बोला, महाराज, मुझे लगता है कि ईश्वर केवल कल्पना है और यदि उसका अस्तित्व कहीं है भी तो वह पक्षपाती है। क्या वह भी पक्षपात करता है? मैं और मेरे भाई दोनों एक ही पिता की संतान हैं। पिता ने दोनों को बराबर हिस्सा दिया। लेकिन वह लगातार तरक्की कर रहा है और मैं रसातल की ओर जा रहा हूं। भला ऐसा क्यों?

उसकी बात सुनकर संत उसे अपने साथ एक बगीचे में ले गए और बोले, देखो, वहां एक कोने में गन्ना बोया हुआ है, दूसरे कोने में चिरायता है, एक ओर चमेली के फूल अपनी सुगंध बिखेर रहे हैं तो दूसरी ओर गुलाब के पौधों पर फूलों के साथ कांटे भी नजर आ रहे हैं । इनकी इस भिन्नता के लिए इन्हें पैदा करने वाली जमीन दोषी या पक्षपाती नहीं है। जैसा बीज बोया गया है वैसा ही फल मिला है। सुख-दुख और उन्नति-अवनति के लिए ईश्वर जिम्मेदार नहीं बल्कि स्वयं मनुष्य जिम्मेदार है। उसके कर्म और संस्कार जिम्मेदार हैं। तुम्हारे भाई ने मेहनत और योग्यता से अपने काम को संभाला तो उसकी उन्नति होती गई, इसके विपरीत तुमने आलस्य और भोग-विलास में अपना समय व्यतीत किया तो तुम्हारा धन धीरे-धीरे खत्म होता गया। तुमने मेहनत की ही कब थी जो ईश्वर को दोष दे रहे हो। जैसा कर्म तुमने किया है वैसा ही फल पाया है। ह सुनकर दूसरे पुत्र की आंखें खुल गईं। वह अपनी गलती सुधारने का निश्चय कर वहां से चला आया।

# मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें



संजय गोस्वामी



देश में पहला लोकसभा चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से लेकर 21 फरवरी 1952 तक चला था। उस समय पूरे देश में चुनाव कराया एक जटिल प्रक्रिया थी। सबकुल नया भी था। भारत के पहले चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन थे। चुनाव आयोग के पास बड़ी जिम्मेदारी थी। देश का पहला आम चुनाव 68 चरणों में कराया गया था। पहले इलेक्शन कमिशन ने तय किया था कि वोटिंग 1952 के फरवरी और मार्च महीने में होगी। लेकिन हिमाचल प्रदेश की चिनी तहसील के लोगों को अक्टूबर 1951 में ही मौका मिल गया, क्योंकि सर्दियों में बर्फबारी के चलते यह इलाका बाकी जगहों से कट जाता है। देश के पहले लोकसभा चुनाव में 401 निर्वाचन क्षेत्रों की कुल 489 सीटों के लिए मतदान हुआ था। तब बैलेट पेपर पर चुनाव हुआ करता था।संविधान हमें वोट देने का अधिकार देता है, जो एक मौलिक अधिकार है जिसका प्रयोग भारत के सभी नागरिकों को करना चाहिए। मतदान प्रतिशत में गिरावट को रोकने के लिए वर्तमान राजनीतिक रुझानों और प्रणालियों में आमूल-चूल परिवर्तन की आवश्यकता है। मतदान करते समय सतर्क रहना और सोच-समझकर निर्णय लेना महत्वपूर्ण है। हाल के चुनावों के नतीजों में मतदाता मतदान में कमी देखी गई है, जिससे यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक बदलावों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है कि मतदाताओं को सरकार में एक सच्चा प्रतिनिधि मिले। भारत में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होकर और 1 एक जून तक वोटिंग होगी। सात फेज में इलेक्शन होंगे और 4 जून को नतीजे आएंगे। लेकिन ये बात भी गौर करने वाली है कि इस बार लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया 44 दिनों में पूरी होगी जो 1951-52 के पहले ससंदीय चुनाव के बाद मतदान की सबसे लंबी अवधि होगी। बता दें कि पहले चुनाव में वोटिंग 4 महीने से अधिक समय तक चली थी। इस बार निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा से लेकर मतगणना होने तक तक चुनाव प्रक्रिया कुल 82 दिनों में पूरी होगी। मतदान न केवल एक अधिकार है बल्कि एक कर्तव्य भी है जो हमारे देश के भविष्य को आकार देने में मदद करता है। इसमें सरकारों को बदलने, देश को बेहतर बनाने और सामाजिक परिवर्तन लाने की शक्ति है। मतदान करके, हम उन प्रतिनिधियों को चुनते हैं जो हमारे देश पर शासन करते हैं, इसलिए हमारे देश के विकास के लिए सभी नागरिकों के लिए इस प्रक्रिया में भाग लेना महत्वपूर्ण है। मतदान हमें उस प्रकार की सरकार में अपनी बात कहने का अधिकार देता है जो हम चाहते हैं और देश की प्रगति में योगदान करते हैं। यह हमें महिलाओं, बच्चों और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के अधिकारों की वकालत करने में भी सक्षम बनाता है। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान छात्रों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के बारे में शिक्षित करते हैं। सभी के लिए जरूरी है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें और देश के विकास में अपना योगदान दें।

# 'राहुल गांधी, आसान नहीं रायबरेली की डगर...!'



कांग्रेस नेता राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव न लड़ पाने की हिम्मत के बाद आखिर परम्परागत रायबरेली से नामांकन दाखिल कर दिया। यह बात सही है कि राहुल गांधी के अमेठी छोड़ने के बाद कांग्रेस राजनीति में कोई ठोस सन्देश देने में सफल नहीं हो रही थी, जिसके कारण कांग्रेस के कई नेता अमेठी के बारे में बोलने से किनारा करने लगे थे। अब राहुल गांधी अपने दादा फिरोज खान, दादी इंदिरा गांधी और मां सोनिया गांधी की विरासत को बचाने के लिए मैदान में आ गए हैं। यहां सवाल यह नहीं हैं कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस ने रायबरेली को क्यों चुना, बल्कि सवाल यह है कि राहुल गांधी ने अमेठी को क्यों छोड़ा।

क्या वास्तव में राहुल गांधी को फिर से अपनी पराजय का डर लगने लगा था? अगर यह सही है तो फिर ऐसा क्यों है कि राहुल गांधी हर बार अपने लिए सुरक्षित स्थान की तलाश क्यों करते हैं। उल्लेखनीय है कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अमेठी में अपनी जमीन खिसकती दिखाई दी, तब उन्होंने एकदम सुरक्षित लगने वाली सीट केरल की वायनाड को चुना। वहां से चुनाव जीते जरूर, लेकिन अमेठी की हार कांग्रेस परिवार की हार थी, जिसे कांग्रेस आज तक भुला नहीं पाई है। ऐसे में कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ाना खतरे से खाली नहीं था।

कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के नामांकन जमा करने के समय जिस प्रकार से बड़े नेताओं का जमघट लगा, वह भले ही जनता में प्रभाव डालने के लिए किया हो, लेकिन इससे यह भी राजनीतिक सन्देश सुनाई दे रहा है कि अब रायबरेली की सीट भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। यह इसलिए भी कहा जा सकता है कि वहां लगभग सभी बड़े नेता उपस्थित हुए। यहां तक कि प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रोबर्ट वाड्रा भी कांग्रेस के विरासती राजनेता के तौर पर उपस्थित हुए।

ऐसे में एक सवाल यह भी आता है कि एक ही परिवार के चार व्यक्तियों को कांग्रेस के बड़े नेताओं के रूप में प्रचारित करना निसंदेह कांग्रेस पर परिवारवादी होने को ही प्रमाणित करता है। जिस परिवारवाद के आरोप के कारण कांग्रेस असहज हो जाती है, आज कांग्रेस ने फिर से उसी रास्ते पर कदम बढ़ाने को अपनी नियति मान लिया है। हालांकि कांग्रेस ने आनन-फानन में राहुल गांधी को रायबरेली से उम्मीदवार बनाकर यह तो सन्देश दिया ही है कि भारत में रायबरेली ही राहुल गांधी के लिए सबसे सुरक्षित लोकसभा सीट है। यहां कांग्रेस का परम्परागत मतदाता है, वहीं यह क्षेत्र नेहरू-गांधी परिवार की विरासत भी है।

कहा जाता है कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति अगर अपनी विरासत को विस्मृत कर देता है, तो उसे नए सिरे से अपनी जमीन तैयार करनी पड़ती है। और अगर विरासत के आधार पर अपने कदम बढ़ाता है तो उसकी आधी राह आसान हो जाती है। राहुल गांधी के सामने तमाम सवाल होने के बाद भी ऐसा लगता है कि उन्होंने अपनी आधी बाधा को पार कर लिया है। रायबरेली को कांग्रेस का गढ़ इसलिए भी माना जाता है कि क्योंकि यहां से इंदिरा गांधी के पति फिरोज खान दो बार सांसद रहे, उसके बाद इंदिरा गांधी भी सांसद रहीं। अब पिछले पांच बार से सोनिया गांधी लोकसभा का चुनाव जीती हैं।

मजेदार बात यह भी है कि वर्ष 1977 के आम चुनाव में जनता लहर में इंदिरा गांधी को भी पराजय का दंश भोगना पड़ा। उसके बाद एक बार भाजपा ने भी परचम लहराया है। इसलिए यह कहा जाना कि रायबरेली में कांग्रेस आसानी से विजय प्राप्त करेगी, कठिन ही है। आज कांग्रेस की स्थिति देखकर यह भी कहने में गुरेज नहीं होना चाहिए कि आज की कांग्रेस के पास इंदिरा गांधी जैसा नेता नहीं है। जब इंदिरा गांधी चुनाव हार सकती हैं, तब आज तो कांग्रेस की स्थिति बहुत कमजोर है। ऐसा तो तब हुआ, जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं था, इसलिए कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अच्छी खासी जीत हासिल करती थी। लेकिन अब उत्तर प्रदेश का राजनीतिक परिदृश्य बदला हुआ है। अब कांग्रेस के पास पहले जैसा वोट बैंक भी नहीं है, हालांकि इस चुनाव में सपा का समर्थन कांग्रेस के पास है, इसलिए चुनाव में सपा के कार्यकर्ता भी राहुल का प्रचार करेंगे, ऐसे में निश्चित ही कांग्रेस का वजूद बढ़ेगा ही, यह तय है, लेकिन कितना बढ़ेगा, यह कहने में जल्दबाजी ही होगी।

वर्तमान में कांग्रेस के लिए यह पेचीदा सवाल ही था कि कांग्रेस की ओर से अमेठी और रायबरेली से किसको उम्मीदवार घोषित किया जाए, क्योंकि इन दोनों सीटों पर प्रथम तो गांधी परिवार का पुख्ता दावा बनता था। इसलिए दोनों क्षेत्रों में से किसी एक से प्रियंका वाड्रा को चुनाव मैदान में उतारने की कवायद भी की जा रही थी, लेकिन प्रियंका को इस बार चुनाव लड़ने से दूर कर दिया। लेकिन सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या राहुल गांधी के रायबरेली से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद कांग्रेस अमेठी के चुनाव को गंभीरता से लेगी, क्योंकि अब कांग्रेस का पूरा जोर राहुल गांधी को जिताने में लगेगा।

राहुल गांधी को जिताना कांग्रेस की मजबूरी है, क्योंकि अब राहुल गांधी ही नहीं, पूरी कांग्रेस की साख दांव पर लगी है। अगर कांग्रेस रायबरेली से चुनाव हारती है तो देश में कांग्रेस के बारे में गलत सन्देश जाएगा। यहां पर एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह भी आ रहा है कि राहुल गांधी द्वारा पिछले चुनाव में भी दो स्थानों से चुनाव लड़े थे, जिसमें अमेठी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अब वायनाड से उम्मीदवारी के बाद रायबरेली की रुख करके फिर से संदेह को जन्म दिया है। ऐसा लग रहा है कि इस बार वायनाड का चुनाव बहुत ही टक्कर का माना जा रहा है। कुछ खबरें तो राहुल गांधी के हारने तक की बात कह रही हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि इसलिए ही राहुल गांधी को फिर से दो स्थानों से चुनाव लड़ाया जा रहा है। राहुल गांधी का उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ना कोई नया नहीं है, वे अमेठी से भी चुनाव लड़ चुके हैं। इसलिए उनके नाम का जादू कोई नया प्रभाव छोड़ेगा, यह पूरी तरह विश्वास के साथ नहीं कहा जा सकता।

**- सुरेश हिंदुस्तानी (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# इंजीनियरिंग में बेस्ट आप्शंस



स्टूडेंट्स के बीच इंजीनियरिंग हमेशा से हॉट सब्जेक्ट रहा है, क्योंकि बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग के बाद करियर के कई ऑप्शंस खुल जाते हैं। कोर्स कंप्लीट करने के बाद इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस, पीएसयू, प्राइवेट सेक्टर में शानदार जॉब हासिल कर सकते हैं। अगर आप इंजीनियरिंग में एडमिशन लेने जा रहे हैं, तो जानें यहां आपके लिए क्या बेस्ट ऑप्शंस हैं..

## एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग

एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग में एडमिशन के लिए 12वीं में साइंस सब्जेक्ट यानी फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स/ बायोलॉजी जैसे सब्जेक्ट होने चाहिए। अधिकतर एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट और यूनिवर्सिटी एग्रीकल्चर इंजीनियर के बीई/बीटेक प्रोग्राम्स में एडमिशन के लिए एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन करती है। इस कोर्स की अवधि चार वर्ष की होती है। इसमें डिप्लोमा कोर्स भी किया जा सकता है। कुछ संस्थानों में एडमिशन बारहवीं के अंक के आधार पर भी होता है। आज इस फील्ड में अवसर भी कम नहीं है। स्किल्ड प्रोफेशनल्स प्रोडक्शन, सेल्स, मैनेजमेंट, रिसर्च आदि फील्ड में जॉब की तलाश कर सकते हैं।

## एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग



12वीं साइंस (मैथ्स) के स्टूडेंट्स बीई/बीटेक एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं या एयरोनॉटिक्स में डिप्लोमा भी कर सकते हैं। विभिन्न कॉलेजों और आईआईटीज में एयरोनॉटिक्स में डिग्री और पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री कोर्स उपलब्ध है। कई पॉलिटेक्निक्स द्वारा एविएशन में डिप्लोमा कोर्स कराए जाते हैं। देश में कुछ संस्थान एविएशन में पोस्ट ग्रेजुएट (एमटेक) और डॉक्टोरल प्रोग्राम (पीएचडी) भी कराते हैं। एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग का बीई/ बीटेक कोर्स चार साल का होता है, जबकि डिप्लोमा कोर्स की अवधि दो-तीन साल होती है। एयरोनॉटिकल इंजीनियर गवर्नमेंट और प्राइवेट एयरलाइंस में जॉब की तलाश कर सकते हैं। इसके अलावा, नेशनल एयरोनॉटिकल लैब, एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन, इसरो आदि में भी जॉब पा सकते हैं।

## ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग

इन दिनों ऑटोमोबाइल इंजीनियर्स की डिमांड काफी बढ़ गई है। आप आईआईटी (गुवाहाटी) से बीटेक इन डिजाइनिंग (चार वर्षीय) का कोर्स कर सकते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (एनआईडी) अहमदाबाद, इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में चार वर्षीय प्रोग्राम ऑफर करती है। इन सभी कोर्स में 12वीं (पीसीएम) के बाद जेईई मेन्स और एडवांस क्वालिफाई करके एडमिशन लिया जा सकता है। आईआईटी, दिल्ली से इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में मास्टर डिग्री (दो वर्षीय) हासिल कर सकते हैं। आईआईटी, कानपुर भी इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में दो वर्षीय मास्टर डिग्री कोर्स कराती है। इसके अलावा, इंडस्ट्रियल डिजाइन सेंटर, आईआईटी-मुंबई से इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में मास्टर डिग्री (दो वर्षीय) प्राप्त कर सकते हैं।

## जेनेटिक इंजीनियरिंग

इस कोर्स में एंट्री के लिए 12वीं बायोलॉजी, केमिस्ट्री और मैथ्स से पास होना जरूरी है। इस समय अधिकतर यूनिवर्सिटी और इंस्टीट्यूट में जेनेटिक इंजीनियरिंग के लिए अलग से कोर्स ऑफर नहीं किया जाता है, लेकिन इसकी पढ़ाई बायोटेक्नोजी, माइक्रोबायोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री में सहायक विषय के रूप में होती है। बायोटेक्नोलॉजी के अडंर ग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट में जेनेटिक इंजीनियरिंग में स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। गेजुएट कोर्स, बीई/बीटेक में एंट्री प्रवेश परीक्षा के आधार पर होती है। जेनेटिक इंजीनियर के लिए भारत के साथ-साथ विदेश में भी जॉब के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। मेडिकल और फार्मास्युटिकल कंपनी, एग्रीकल्चर सेक्टर, प्राइवेट और गवर्नमेंट रिसर्च और डेवलपमेंट सेंटर में जॉब हासिल कर सकते हैं। टीचिंग को भी करियर ऑप्शन के रूप में आजमाया जा सकता है।

## इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग

इलेक्ट्रिकल इंजीनियर बनने के लिए स्टूडेंट को जेईई या फिर स्टेट लेवल पर आयोजित होने वाले इंजीनियरिंग एग्जाम को क्वालिफाई करना जरूरी है। 12वीं साइंस के स्टूडेंट्स इस कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। इसके लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ होना चाहिए। मौजूदा समय में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ है। इंडस्ट्रीज मैन्युफैक्चरिंग, टेलीविजन, कंप्यूटर, माइक्रोवेब्स से संबंधित इंडस्ट्रीज में इसकी खूब मांग है। इसके अलावा, एटमी प्लांट्स, हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट्स, थर्मल पावर आदि के डिजाइन और डेवलपमेंट इलेक्ट्रिक इंजीनियर की अहम भूमिका होती है।

## फायर इंजीनियरिंग

फायर इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन के लिए साइंस सब्जेक्ट्स से बारहवीं पास होना जरूरी है। इसके अलावा, इन कोर्सेज में प्रवेश के लिए कई संस्थान नेशनल लेवर पर एंट्रेंस एग्जाम और साक्षात्कार आदि भी आयोजित करते हैं। फायर इंजीनियरिंग से रिलेटेड सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी कर सकते हैं। कोर्स के दौरान आग बुझाने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी जाती है। इन कोर्सेज में फिजिकल फिटनेस के मार्क्स भी जोड़े जाते हैं। दिल्ली कॉलेज ऑफ फायर एंड सेफ्टी इंजीनियरिंग के डायरेक्टर जेड एस लाकड़ा के मुताबिक, फायर इंजीनियरिंग से जुड़े प्रोफेशनल्स के लिए गवर्नमेंट और पब्लिक सेक्टर में काफी संभावनाएं हैं। इस फील्ड में जुड़े प्रोफेशनल्स रेलवे, एयरफोर्ट ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया, डिफेंस फोर्स, इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, ओएनजीसी, माइंस, रिफाइनरिज, पेट्रोकेमिकल्स कॉम्प्लेक्स आदि में जॉब की तलाश कर सकते हैं।

## कंप्यूटर साइंस

कंप्यूटर साइंस में करियर बनाने के लिए मैथ्स और साइंस (फिजिक्स, केमेस्ट्री) में अच्छी पकड़ होनी चाहिए। इस ब्रांच में बीई या बीटेक करने के बाद पोस्टग्रेजुएशन यानी एमई/एमटेक किया जा सकता है। कंप्यूटर इंजीनियर्स के लिए देश-विदेश दोनों जगहों पर अच्छी संभावनाएं हैं। ये सॉफ्टवेयर्स को डिजाइन, डेवलप और मेंटेन करते हैं। इस फील्ड से जुड़े लोगों को सॉफ्टवेयर कंपनीज और आईटी कंपनियों में जॉब मिलती है। कंप्यूटर इंजीनियर अपनी टीम के साथ मिलकर मैथ और साइंस का प्रयोग करके कंप्यूटर को डिजाइन और डेवलप करते हैं। आमतौर पर कंप्यूटर के पुजरें के साथ काम करने वाले प्रोफेशनल्स को हार्डवेयर इंजीनियर कहा जाता है और जो कंप्यूटर के प्रोग्राम्स के साथ काम करते हैं, उन्हें सॉफ्टवेयर इंजीनियर कहा जाता है।

## पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

इन दिनों पेट्रोलियम इंजीनियर्स की काफी डिमांड है। अन्य इंजीनियरिंग ब्रांच की ही तरह पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में एडमिशन के लिए स्टूडेंट्स का 12वीं साइंस (फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स) से पास होना जरूरी है। इस कोर्स में एडमिशन के लिए जेईई पास करना जरूरी है। कोर्स कंप्लीट करने के बाद इंडियन ऑयल, ऑयल इंडिया लिमिटेड, एचपीसीएल, ओएनजीसी, बीपी आदि में जॉब की तलाश की जा सकती है।

## माइनिंग इंजीनियरिंग

माइनिंग इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन के लिए मैथ, फिजिक्स और केमिस्ट्री से 12वीं पास होना जरूरी है। माइनिंग इंजीनियरिंग में एडमिशन के लिए जेईई जैसे एंट्रेंस एग्जाम को पास करना जरूरी है। कोर्स कंप्लीट करने के बाद स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड, आईपीसीएल, नेवली लिग्नाइट कॉरपोरेशन, यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, आदि में जॉब की संभावनाएं तलाश सकते हैं। इसके अलावा, रिसर्च और टीचिंग में भी काफी स्कोप है।

# हॉबी भी बन सकती है कमाई का साधन



यदि आपकी भी कोई हॉबी है, तो वह आपको अच्छा रिटर्न भी दे सकती है। जरूरत है कि आप अपनी हॉबी को अपना पैशन बना लें, तभी तो वह आपको लाभ देगी। पैशन को निवेश में बदलने की शुरूआत करने पर उससे संबंधित कुछ बातों को जानना जरूरी है, तभी तो आप उसकी सही कीमत पा सकती हैं और अपनी कड़ी मेहनत से जुटाई संग्रहणीय वस्तुओं को भी सुरक्षित रख सकती हैं।

**कलैक्शन के लिए जुनून**

कलैक्शन की ललक किसी में बचपन या बुढ़ापे से ले कर कभी भी पैदा हो सकती है। कला, पेंटिंग, स्कल्पचर, स्टांप, सिक्के और नोट सरीखी वस्तुओं का कलैक्शन लंबे समय में आपको अच्छी रिटर्न दे सकता है।

**शुरूआत के लिए**

यदि आप कुछ संग्रह करना शुरू करने वाली हैं, तो बेहतर है कि आप आम कलैक्शन के साथ शुरूआत करें। उदाहरण के लिए यदि आप स्टांप इकट्ठी करने वाली हैं, तो जितनी ज्यादा संभव हो, उतनी स्टांप इकट्ठी करें और जब कुछ समय के बाद आपके पास स्टांप का अच्छा-खासा कलैक्शन हो जाए, तो आप किसी खास देश की खास स्टांप पर भी फोकस कर सकती हैं। इससे मिलने वाली खुशी एक संकलनकर्ता का प्रोत्साहन होती है, न कि उसके संकलन की मार्कीट वैल्यू उसके लिए मायने रखती है।

**अभिभावकों की भूमिका**

अगर किसी बच्चे में कलैक्शन की हॉबी है तो अभिभावक और शिक्षकों को उसे प्रोत्साहित करना चाहिए। अभिभावकों में अपने बच्चे के टैलेंट को पहचानने की क्षमता होनी चाहिए। प्रत्येक माता-पिता का दायित्व है कि वे अपने बच्चे की कलैक्शन की आदत को पैशन बनाने में उसे प्रोत्साहन दें। वे अपने बच्चे का परिचय ऐसी विभिन्न सोसायटियों से करा सकते हैं, जहां पर पुराने और बड़े संकलनकर्ता दूसरों को प्रोत्साहित करने के लिए मीटिंग और सैमीनार आयोजित करते हैं। ये सोसायटियां किसी संकलनकर्ता के संकलन की जानकारी को लोगों से सांझा करने और उनके संकलन को विस्तृत बनाने के लिए जानकारियां देने में मददगार होती हैं।

विशिष्ट कलैक्टरों की जमात में शामिल होने के लिए संकलनकर्ता को अपने संकलन के विषय की गहन जानकारी होनी चाहिए। उसके लिए अपने विषय के अन्य संकलनकर्ताओं और उनके संकलन के स्तर के बारे में जानना भी बेहद जरूरी है, सो इसके लिए आप प्रदर्शनियों में जाएं तथा नैट पर सर्च करती रहें।

**उपलब्धता भी रखती है मायने**

आप जिस चीज का संकलन करने जा रहे हैं, उसकी उपलब्धता का स्तर जानना बेहद महत्वपूर्ण है। यह भी समझें कि विशिष्ट संकलनकर्ताओं के पास संजोई गई चीजें आसानी से नहीं मिलतीं।

**डीलर की पहचान जरूरी**

स्टांप, स्कल्पचर और सिक्के बेचने वाले डीलरों से कोई चीज खरीदने से पहले आप अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें कि वास्तव में वह वस्तु अपने दाम के अनुरूप है या नहीं। एंटीक वस्तुएं खरीदते समय प्रत्येक आइटम का गहनता से परीक्षण करना होगा। इसकी भी जांच कर लें कि वह चीज अच्छी स्थिति में हो और किसी अधिकृत संस्था द्वारा प्रमाणित हो। एंटीक वस्तुएं खरीदते समय इस बात का भी ध्यान रखें कि कहीं आप धोखाधड़ी का शिकार तो नहीं हो रहे हैं, क्योंकि बहुत सी नई चीजों को पुराना रूप देकर एंटीक बता दिया जाता है।

**संग्रहणीय वस्तुओं की सुरक्षा**

एक संकलनकर्ता को अपनी संग्रहणीय वस्तुओं की गुणवत्ता के साथ किसी हाल में समझौता नहीं करना चाहिए। उन्हें अपने संग्रहण की स्थिति की समय-समय पर जांच करनी चाहिए। ऐसी चीजों को इकट्ठा करने से बचना चाहिए, जो सही स्थिति में न हों, हालांकि पुराने इस्तेमाल हो चुके स्टांप इसके अपवाद हो सकते हैं। संकलनकर्ता आम तौर पर अपनी कलैक्शन को लेकर बेहद पोजैसिव होता है। अपनी कलैक्शन को लोगों के हाथ में देकर दिखाने की अपेक्षा दूर से दिखाना बेहतर तरीका है। सिक्कों के संग्रहणकर्ताओं को अपने सिक्के साफ पानी से धोने चाहिएं। ऐसे रसायनों से बचना चाहिए जिनसे सिक्कों की वास्तविक चमक कम हो जाती हो।

संकलनकर्ताओं को अपने संकलनको दुर्लभ, अति दुर्लभ जैसी श्रेणियों में वर्गीकृत कर उनका कैटालॉग बनवा कर उनके विषय में लोगों को जानकारी देनी चाहिए।

**संकलन का बाजार**

संकलनकर्ताओं को देखना चाहिए कि उनके संकलन के लिए आसान खरीद और बिक्री का बाजार हो। संकलित वस्तुओं को किसी मान्यता प्राप्त अथॉरिटी से प्रमाणपत्र मिला होना चाहिए। संग्राहक के पास अपने संकलन को बेहतर स्थिति में सुरक्षित रखने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर भी होना चाहिए।

**पैशन को दें दिशा**

अपने पैशन को यूं ही मत जाने दें। आपका यह पैशन आपको किसी बड़े निवेश की ओर ले जा सकता है। अगर आपको सिक्के इकट्ठे करने का शौक है तो आप सिक्कों का एक बड़ा कलैक्शन कर इन्हें बेच कर अच्छी-खासी कमाई कर सकते हैं अर्थात आपकी हॉबी भी पूरी होगी और पैसा कमाने की चाहत भी। पेंटिंग, स्कल्पचर, स्टांप तथा दुनिया के तमाम देशों की करंसी इकट्ठा करने की आपकी हॉबी आपको धनवान बना सकती है।

# आफिस और आपका व्यवहार

ऑफिस में कभी काम को कल पर टाल कर, तो कभी काम ज्यादा होने पर छुट्टी ले लेना जैसी आदतें पुरुषों में ही नहीं, बल्कि महिला कर्मचारियों में भी पाई जाती हैं। उन्हें तो शायद यह महसूस भी नहीं होता कि उनकी यह आदत धीरे-धीरे उनकी ही परफार्मैंस पर भारी पड़ते हुए उन्हें बॉस की नजरों में गैर-जिम्मेदार ठहराती जा रही है।

महिलाएं अक्सर दूसरों के सामने यह राग अलापती हैं कि वे तो मजे की नौकरी कर रही हैं। ऐसी बातें जब बॉस के कानों में पहुंचती हैं, तो वह निल-परफार्मैंस के साथ सहज ही आपकी तुलना कर लेता है। यही कारण है कि जब प्रमोशन की बात आती है तो कई बार आपके जूनियर बाजी मार जाते हैं। ऐसी कई गलतियां हैं, जिनकी आदी हो चुकीं महिला कर्मचारी इन्हें अपनी आदत बना लेती हैं। यदि आप में भी कोई ऐसा अवगुण है तो उसे समय रहते ही सुधार लेना आवश्यक है।

## अपनी गलती दूसरों के सिर न मढ़ें

अपनी गलती को छिपाने वाले तथा बॉस की नजरों में अच्छी इमेज साबित करने वाले लोग हर जगह होते हैं। ऐसे लोग अपनी गलती दूसरे के सिर मढ़ कर बच निकलना चाहते हैं, परंतु अपनी इस आदत के कारण दूसरों की परेशानी की वजह बन जाते हैं। यदि आप में भी यह आदत है तो इसे सुधार लेना ही बेहतर है। हो सकता है कि आरंभ में अपनी गलती मानते हुए आपको शर्मिंदगी महसूस हो, लेकिन यकीन मानें कि उसे छिपाने में आपको कहीं ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है। अपने किसी कुलीग के सिर गलती मढने की कोशिश हर बार कामयाब नहीं हो सकती और गलती साबित हो जाने पर वह स्थिति अधिक कष्टदायक हो सकती है।



## रोज की बहानेबाजी तौबा-तौबा

कई बार आप सुबह उठती हैं और काम पर जाने का मन नहीं हो रहा या बच्चों ने घूमने की फरमाइश कर दी तो तुरंत फोन कर बॉस से पेट दर्द, सिरदर्द या किसी और बीमारी का बहाना बना कर आप लीव ले लेती हैं। छुट्टी लेना तो आपका अधिकार है और उस समय आप अभिनय में कलाकारों को भी मात दे देती हैं। कुछ दिन की छुट्टी चाहिए तो मैडीकल सर्टीफिकेट देकर लंबी छुट्टी ले ली परंतु ऐसी बहानेबाजी आपके दूसरे कुलीग्स का वर्क प्रैशर बढ़ा देती है। कभी यह सोचा है कि आपकी इस आदत के चलते आप अपने सहयोगियों का ही नहीं, बल्कि अपने बॉस का भी विश्वास खोने लगती हैं, क्योंकि वह आपको जिम्मेदारी का काम या ओहदा देने से कतराने लगते हैं।

## व्यवहार हो संतुलित

किसी ने आपके काम पर उंगली उठाई या फिर आपको क्रिटीसाइज किया तो आप अपने गुस्से पर काबू नहीं रख पातीं और गुस्से में लाल-पीली होकर सामने वाले पर बरस उठती हैं या फिर आप सामने वाले की कही गलत बातों को भी चुपचाप सुन स्वयं में ही सिमटे हुए वहां से उठ कर चल देती हैं। प्रोफैशनल नजरिए से देखा जाए तो दोनों तरह के व्यवहार सही नहीं हैं, क्योंकि तुरंत रिएक्ट करने से आप सबकी नजरों में एग्रैसिव साबित होते हैं तो चुपचाप हर किसी की नाराजगी झेलने से आप सॉफ्ट टार्गेट बन जाते हैं। इसलिए बेहतर है कि व्यवहार को संतुलित रखें क्योंकि दोनों ही स्थितियों में आप अपना सही पक्ष नहीं रख सकतीं। इसलिए बेहतर है कि भीतर का आक्रोश थम जाने पर ही सामने वाले से बात करें। इससे आप जहां सही ढंग से अपना पक्ष रख सकेंगी, वहीं आपकी एनर्जी बेकार की बातों में वेस्ट नहीं होगी और काम पर भी उसका नैगेटिव असर नहीं पड़ेगा।

## पर्सनल काम करें अवॉयड

ऑफिस के फोन से पर्सनल कॉल करना, ई-मेल पर चैट करना, प्रिंट पर पर्सनल डॉक्यूमैंट्स के प्रिंट लेना या फिर घरेलू कामों को निपटाना जैसे काम एक दिन बॉस के नोटिस में आ ही जाते हैं। ये सब आपकी कार्यक्षमता पर सवालिया निशान भी लगाते हैं। इसलिए बेहतर है कि इस प्रकार के पर्सनल कामों को अवॉयड किया जाए।

## शालीन पहनावा

जब बात ऑफिस में प्रोफैशनल बिहेवियर की चल रही हो तो सही ड्रैसिंग भी उसी में आती है। यदि ऑफिस में कोई ड्रैस कोड नहीं है तो आपकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, इसलिए ऑफिस में हमेशा ग्रेसफुल पोशाक ही पहनें, क्योंकि इसी से आपके सहयोगी आपके बारे में अपनी राय कायम करते हैं।

# दिल्ली एलजी ने की केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश

**–दो लोगों ने वीके सक्सेना को पत्र लिखकर की जांच की मांग**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कथित शराब घोटाले की वजह से जेल में बंद अरविंद केजरीवाल की मुसीबत कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। अब दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है। एलजी को शिकायत मिली थी कि आप और इसके मुखिया ने खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) से फंडिंग ली है।

सूत्रों के मुताबिक एक अप्रैल को आशू मोंगिया नाम के एक व्यक्ति ने एलजी वीके सक्सेना को पत्र लिखकर जांच की मांग की थी। मोंगिया खुद को वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन का महासचिव बताते हैं। आम आदमी पार्टी के सदस्य रहे मुनीष रायजादा ने भी एलजी से जांच की मांग की थी। अब राजभवन ने गृहमंत्रालय से जांच की सिफारिश की है। मोंगिया का कहना है कि उन्होंने वॉट्सएप पर एसएफजे के गुरपतवंत सिंह पन्नू का वीडियो देखा था जिसमें उसने दावा किया था कि केजरीवाल ने आतंकी भुल्लर को छोड़ने का वादा करते हुए 16 मिलियन डॉलर की फंडिंग ली थी। मोंगिया का कहना है कि वॉट्सएप पर वीडियो देखने के बाद उन्होंने शिकायत करने का फैसला लिया। आम आदमी पार्टी का कहना है कि मोंगिया बीजेपी नेता हैं। मोंगिया इससे इनकार करते हुए खुद को एक हिंदू संगठन का नेता बताते हैं।

राजभवन की ओर से गृहमंत्रालय को भेजे गए पत्र में आप के पूर्व नेता मुनीश रायजादा का भी जिक्र किया गया है। अमेरिका के शिकागो में डॉक्टर रायजादा 2015 तक आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी थे। संगठन की गतिविधियों को लेकर एक वेबसाइट बनाने की वजह से आप से उन्हें निकाल दिया गया था। पन्नू के वीडियो के बाद उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट करके केजरीवाल पर कई आरोप लगाए थे। एलजी को केजरीवाल के खिलाफ शिकायत के साथ एक पेन ड्राइव भी सौंपी गई है, जिसे अब जांच के लिए भेजा गया है।

दरअसल, पन्नू ने एक वीडियो जारी करके दावा किया था कि आम आदमी पार्टी ने 2014 से 2022 के बीच उससे 16 मिलियन यूएस डॉलर (करीब 134 करोड़) रुपए की फंडिंग ली थी। पन्नू ने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने आतंकी देवेंद्र पाल सिंह भुल्लर को जेल से रिहा करने का भरोसा दिया था, जिसे पूरा नहीं किया। वहीं, आम आदमी पार्टी ने एलजी की ओर से की गई जांच की सिफारिश को अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नई साजिश करार दिया है। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी दिल्ली में सभी सात सीटों पर हार रही है इसलिए वह हमारे नेता अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नई-नई साजिश रच रही है।

## मुसलमानों को आरक्षण जरूर मिलना चाहिए, लालू प्रसाद के बयान से बिहार की राजनीति गरमाई


पटना। इस समय देश में लोकतंत्र का महाकुंभ चल रहा है। इस चुनाव में देश की राजनीतिक पार्टियां अपने वोटरों को लुभाने के लिए कई वादे भी कर रही हैं। वहीं इस लोकसभा चुनाव के दौरान धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण एक बड़ा मुद्दा बन गया है। इसको लेकर पक्ष और विपक्ष तरह-तरह की बयानबाजी कर रहा है। एक ओर जहां इंडिया गठबंधन के नेता इसका समर्थन कर रहे तो वहीं एनडीए और बीजेपी खेमा इसका विरोध करता नजर आ रहा है। इस बीच राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने पटना में पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में सीधे तौर पर कहा कि मुस्लिमों को आरक्षण मिलना चाहिए। लालू प्रसाद यादव विधान परिषद सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे थे। यहां उन्होंने पत्रकारों से मुखातिब हुए कहा कि मुसलमानों को आरक्षण जरूरी मिलना चाहिए। उनसे पत्रकारों ने पूछा कि पीएम मोदी और बीजेपी आरोप लगा रहे हैं कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को दे दिया जाएगा। इस पर लालू ने मुसलमानों के आरक्षण का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मुसलमनों को भी आरक्षण मिलना चाहिए। गौरतलब है कि कर्नाटक में धर्म आधारित आरक्षण पर बीजेपी हमलावर है। पीएम मोदी कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा मुसलमानों के लिए आरक्षण के मुद्दे को आधार बनाकर जनता के बीच जा रहे हैं। पीएम मोदी चुनावी जनसभाओं में कई बार कहा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण देना संविधान के खिलाफ है। कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीती के लिए ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे रही है। अब लालू यादव ने मुसलमानों के आरक्षण का समर्थन कर सियासत को और गर्मा दिया है। बता दें कि एमएलसी शपथ ग्रहण समारोह में लालू प्रसाद यादव विधान परिषद में पहुंचे और इस दौरान लालू और नीतीश आमने सामने भी हुए, लेकिन दोनों ने बातचीत नहीं की।

## मतदान करने अमेरिका से गुजरात आई युवती, टिकट पर खर्च किए 3 लाख रुपए

बनासकांठा। चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए निर्वाचन आयोग समेत विभिन्न संगठन जागृति अभियान चलाते हैं। चुनाव के दिन मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें, इसके लिए सार्वजनिक अवकाश का ऐलान भी किया जाता है। बावजूद इसके कई मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग नहीं करते। ऐसे मतदाताओं को अमेरिका से केवल वोट डालने आई युवती से प्रेरणा लेनी चाहिए। अपने एक वोट की अहमित को समझते हुए युवती अमेरिका से गुजरात आई। टिकट पर तीन लाख रुपए खर्च करके युवती केवल वोट डालने के लिए गुजरात आई है। बनासकांठा जिले के डीसा की मूल निवासी युवती ने आज सुबह शहर की नगर प्राथमिक स्कूल में अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान करने अमेरिका से आई इस युवती का पहले पोलिंग बूथ पर स्वागत किया गया।

## चंद्रबाबू की जमानत के खिलाफ सुनवाई टली

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और टीडीपी चीफ चंद्रबाबू नायडू को हाईकोर्ट से मिली जमानत के खिलाफ मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह इस मामले को 10 हफ्ते बाद सुनेगी। यह याचिका आंध्र प्रदेश सरकार की तरफ से दाखिल की गई है। नायडू को स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन घोटाला मामले में 9 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। 31 अक्टूबर को स्किल डेवलपमेंट घोटाले में आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने उन्हें मेडिकल ग्राउंड पर अंतरिम जमानत दी थी। तब वे राजमुंदरी जेल से करीब 53 दिन बाद बाहर आए थे। 20 नवंबर को हाईकोर्ट ने उन्हें रेगुलर बेल दे दी। नायडू के खिलाफ आंध्र प्रदेश की जांच एजेंसियों ने पांच अलग-अलग मामलों में जांच चल रही है। इसके बाद आंध्र प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील करते हुए हाईकोर्ट के फैसले को रद्द करने के निर्देश की मांग की थी। सरकार ने कहा है कि नायडू एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं। वे एक सरकारी कर्मचारी सहित अपने दो प्रमुख सहयोगी पहले ही देश से भागने की व्यवस्था कर चुके हैं।



## पश्चिम बंगाल बारिश से 12 लोगों की मौत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि राज्य के विभिन्न जिलों में हो रही भारी बारिश से अब तक 12 लोगों की मौत हो चुकी है। सीएम ने सोशल मीडिया पर दुख व्यक्त करते हुए बताया कि बिजली गिरने से पूर्व बर्धमान में 5 और पश्चिम मेदिनीपुर और पुरुलिया में 2-2 लोगों की मौत हो गई। वहीं नादिया में दीवार ढहने से 2 और साउथ 24 परगना में पेड़ गिरने से 1 शख्स की मौत हो गई। मौसम विभाग ने 10 मई तक राज्य में इसी तरह आंधी-तूफान की आशंका जताई है। ममता बनर्जी ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग पीड़ितों के परिवार को राहत और मुआवजा राशि देगा। पिछले कुछ दिनों से चिलचिलाती गर्मी से जूझ रहे कोलकाता समेत राज्य के कई जिलों में सोमवार को कई जिलों में तेज हवाओं के साथ मध्यम से भारी बारिश हुई। जिससे तापमान में भारी गिरावट देखने को मिली।

## गुजरात के इस पोलिंग बूथ पर फिर एक बार हुआ 100 प्रतिशत मतदान

अहमदाबाद। भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां प्रत्येक वोट की कीमत मायने रखती है7 गुजरात में एक ऐसा पोलिंग बूथ है जहां वर्षों से सिर्फ एक वोटर के लिए पूरा मतदान केन्द्र तैयार किया जाता है और वहां 15 कर्मचारियों का स्टाफ शाम 6 बजे तक तैनात रहता है। यह बूथ मध्य गिर के जंगलों के बीच है, जो जूनागढ़ से 110 किलोमीटर की दूरी पर पौराणिक मंदिर के पास है। बाणेज नामक पोलिंग बूथ के महंत हरिदास इकलौते मतदाता हैं। हरिदास पौराणिक मंदिर के महंत हैं और उनके मतदान करते ही 100 प्रतिशत मतदान के संकेत मिल जाते हैं। आज भी महंत हरिदास के वोटिंग करते ही सौ फीसदी मतदान हो गया। मतदान के बाद महंत हरिदास ने कहा कि लोकतंत्र की जीवंत रख मेरे लिए खास व्यवस्था करने पर मैं निर्वाचन आयोग का आभारी हूं। उन्होंने हरेक मतदाता से अपने मताधिकार का उपयोग करने की और कहा कि मतदान करना हमारा कर्त्तव्य है। चुनाव लोकतंत्र की धरोहर है, जिसे संभालना हम सभी की जिम्मेदारी है। दरअसल निर्वाचन आयोग वर्ष 2002 से बाणेज में विशेष मतदान केन्द्र की व्यवस्था करता आ रहा है। महंत हरिदास से पहले महंत भरतदास के लिए यहां खास पोलिंग बूथ बनाया जाता था। महंत भरतदास के लिए निर्वाचन आयोग हर चुनाव में बाकायदा 5 से 8 लोगों की टीम भेजकर विशेष मतदान केन्द्र की व्यवस्था करता था। 1 नवंबर 2019 को बाणेज के महंत का निधन हो गया था। जिसके बाद से निर्वाचन आयोग महंत भरतदास के अनुगामी हरिदास के लिए खास पोलिंग बूथ की व्यवस्था करता है। गिर जंगल एशियाटिक शेरों का ठिकाना है, जहां खूंखार वन्यजीव होने के बावजूद भरतदास मंदिर में अकेले ही रहते थे। भरतदास के बाद अब उनके अनुगामी महंत हरिदास भी मंदिर में अकेले रहते हैं और लोकतंत्र के पर्व में भाग लेकर लोगों को प्रेरित करते हैं।

## उत्तराखंड में जंगलों में आग के बीच टल गया बड़ा हादसा... जलता पेड़ वाहन पर गिरा

देहरादून। उत्तराखंड में जंगलों की आग कई दिनों से धधक रही है, इसकारण अभी तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं एक बड़ा हादसा मंगलवार को टल गया। दरअसल, हल्द्वानी से निर्माण सामग्री लेकर पदमपुरी जा रहे पिकअप वाहन के ऊपर चांफी के पास जलता पेड़ गिर गया। वाहन में फंसे चालक को लोगों ने बाहर निकाला। गनीमत रही कि समय रहते ड्राइवर को बचा लिया। पीड़ित चालक नवीन ने बताया कि बीते चार दिनों से जंगल लगातार जल रहे हैं। नवीन ने बताया कि चालकों की मदद से उसे बाहर निकाल लिया गया, जिससे उसकी जान बच गई। वहीं डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा, 'जंगल में आग लगाने वालों को चिन्हित किया जाएगा और दोषियों पर कार्रवाई होगी। अगर जरूरत पड़ी तब गैंगस्टर एक्ट में भी कार्रवाई होगी। अबतक 13 एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं 4 लोग पकड़े गए हैं। वहीं वन विभाग के आईएफएस निशांत वर्मा ने कहा कि आग की घटनाओं को लेकर सभी जिलों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। हर दिन इन नोडल अधिकारियों से रिपोर्ट ली जाएगी। फायर वॉचर का भी इंश्योरेंस किया जाएगा। पौड़ी और अल्मोड़ा के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए एनडीआरएफ को बुलाया जाएगा।

## सलमान खान के घर फायरिंग मामले में हुआ नया खुलासा

**– मुंबई क्राइम ब्रांच ने कहा–शूटरों को रुपया और रेकी करने में की थी मदद**

मुंबई,। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस मामले में पांचवें आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया है, जिसका नाम मोहम्मद चौधरी है। टीम ने बताया कि चौधरी ने दोनों शूटरों सागर पाल और विक्की गुप्ता को रुपया पहुंचाने और रेकी करने में मदद की थी। चौधरी को आज मुंबई लाया जा रहा है, जहां उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा और हिरासत की मांग की जाएगी।

बता दें कि इससे पहले सलमान खान के घर फायरिंग करने वाले एक आरोपी ने पुलिस कस्टडी में आत्महत्या कर ली थी। आरोपी अनुज थापन के परिवार ने उसकी मौत की जांच सीबीआई से कराने की मांग करते हुए बंबई हाईकोर्ट का रुख किया था। पुलिस का दावा है कि अनुज थापन ने हवालात में आत्महत्या की जबकि उसकी मां रीता देवी ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया कि उसके बेटे की हत्या की गई है।

# मायावती ने जातिगत समीकरणों को आधार बना सजाई सियासी फील्डिंग

**–बारामती लोकसभा सीट पर पवार परिवार की लड़ाई का फायदा उठाने का प्रयास**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के बारामती लोकसभा सीट पूरे देश में चर्चा का विषय बनी हुई है। बारामती इलाके में पवार वर्सेज पवार की लड़ाई है। इस लड़ाई के बीच बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने जातिगत समीकरणों को आधार बनाकर यहां सियासी फील्डिंग सजाने का दावा कर रही है। बसपा नेता मानते हैं कि उनको दोनों पवार परिवार में हुई लड़ाई का फायदा मिलने वाला है। इसके अलावा बसपा जातिगत समीकरणों के आधार पर खुद को इस लड़ाई में मान रही है। पार्टी का मानना है कि मीडिया महाराष्ट्र में बसपा को हल्के में ले रही है, लेकिन यहां पर सियासी परिणाम चौंकाने वाले आएंगे।

चुनाव प्रचार खत्म होने से कुछ घंटे पहले बसपा में एक बड़ी जनसभा की। इस जनसभा में मौजूद महाराष्ट्र पश्चिम के जोन प्रभारी कालू राम चौधरी ने कहा कि बारामती लोकसभा सीट के इतिहास को अगर आप देखेंगे, तो पता चलेगा कि यह बसपा का गढ़ रही है। यहां पर हाथी चुनाव चिन्ह से एमपी भी चुने गए हैं और एमएलए भी। यह तो मीडिया है, जो उनको चुनावी लड़ाई में शामिल नहीं करता है। बसपा ने इस सीट पर प्रियदर्शनी कोकरे को प्रत्याशी बनाया है। कोकरे धनकर समाज से आती हैं और 23 लाख में इस लोकसभा क्षेत्र में साढ़े छह लाख वोटर धनकर समाज का है। इसके अलावा दलित और मुस्लिम समाज भी उनके साथ है।

इसके अलावा दोनों पार्टियां, जो यहां पर पहले से मैदान में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही थीं, लेकिन यहां पर पवार वर्सेस पवार की लड़ाई हो गई। तो वह नाराज लोग भी तो हमारे साथ आ गए हैं। इसलिए यह कहना कि बसपा यहां पर कमजोर है गलत है। बसपा यहां पर मजबूत स्थिति में है। परिणाम चौकाने वाले हो सकते हैं। सभा में बाबू पवार ने कहा कि बारामती में पवार परिवार ने विकास के नाम पर कुछ नहीं किया। जो घोटाले किए गए थे उससे डरकर अजित पवार भाजपा के साथ मिल गए। इसकी जानकारी महाराष्ट्र में बच्चे-बच्चे को है। इसलिए यहां की जनता ने इस बार बसपा के पक्ष में मतदान करने का मन बना चुकी है।

जनसभा को संबोधित करते हुए धनकर समाज से यशवंत ब्रिगेड के प्रमुख ने कहा कि बारामती का धनखड़ समाज पूरी तरीके से बसपा के साथ जुड़ चुका है। पवार परिवार सिर्फ अपने घर की लड़ाई लड़ रहा है। जबकि यह इलाका पानी जैसी मूलभूत सुविधा से जूझ रहा है। अब यहां पर कोई अपनी बेटी के लिए लड़ाई लड़ रहा है, तो कोई अपनी पत्नी के लिए लड़ाई लड़ रहा है। जनता की जरूरत और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए तो कोई लड़ ही नहीं रहा है।

बसपा के जिला सचिव उमेश ने कहा यहां से दस किलोमीटर दूर उनका गांव है। वहां जाकर देखिए लोग पानी के लिए कैसे तरसते हैं। अजित दादा, जो यहां पर विकास की बात करते हैं वह बहुत सीमित है। उस विकास का न तो इलाके में कोई असर है और न ही बारामती शहर में। यहां का युवा नौकरी के लिए दूसरे शहरों में जा रहा है। जो इंडस्ट्रियल एरिया डेवलप हुआ है, वहां पर उनके क्षेत्र के लोगों को नौकरियों नहीं दी गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रचार के लिए 500-500 रुपये खर्च करके यूपी और बिहार से आने वाली महिलाओं को क्षेत्र में ले जाया जाता है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से बसपा में आकाश आनंद ने एंट्री ली है, उससे उनकी पार्टी को बड़ा फायदा होने वाला है। हमारे सभी कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत झोंक कर बारामती में सियासी माहौल बना लिया है। यह सीट बसपा ही जीतेगी।

## आज भारत के प्रधानमंत्री ने रोक रखा है तीसरा विश्व युद्ध



**–बीजेपी प्रत्याशी कंगना बोलीं–रूस और यूक्रेन भी चाहते हैं मोदी का मार्गदर्शन**

**मंडी (एजेंसी)।** बॉलीवुड अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश के मंडी सीट से बीजेपी प्रत्याशी कंगना रनौत का एक बयान वायरल हो रहा है। इसमें कंगना कहते हुए दिख रही है कि आज पीएम नरेंद्र मोदी ने तीसरे विश्व युद्ध होने से रोक रखा है। यह बयान कंगना ने एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए दिया था। कंगना ने कहा था कि आज रूस और यूक्रेन पीएम नरेंद्र मोदी की तरफ देखते हैं और उनका मार्गदर्शन भी चाहते हैं। यही कारण है आज तीसरा विश्वयुद्ध रुका हुआ है, क्योंकि मोदी खुद विश्व शांति के पक्षधर हैं। कंगना ने कहा कि नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। आज हमें इस बात पर गर्व होना चाहिए कि हम उस पार्टी से ताल्लुक रखते हैं, जो विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और हमारे पास नरेंद्र मोदी जैसा सक्षम नेतृत्व है।

बता दें कि इससे पहले भी कंगना के कई ऐसे बयान दिए हैं जो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं जिसमें उन्होंने कभी पीएम मोदी को भगवान राम का अवतार बताया तो कभी भगवान विष्णु का। जारी वायरल वीडियो 3 मई 2024 का है और यह बयान सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले चौकी गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दिया गया था।

कंगना ने कहा कि 4 जून को चुनावी नतीजे जब बीजेपी के पक्ष में होंगे तो कांग्रेस के नेताओं को एहसास हो जाएगा कि हिमाचल में टुकड़े गैंग सोच का कोई स्थान नहीं हैं। कंगना ने कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह पर हमला बोले हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी अहंकार में आकर बीजेपी नेताओं का अपमान कर रहे हैं। चुनावी नतीजे आने के बाद रावण व कौरवों की तरह विक्रमादित्य सिंह का अहंकार चकनाचूर हो जाएगा।

## मतदान का आंकड़ा जारी करने में चुनाव आयोग क्यों कर रहा देरी

**–खड़गे ने इंडिया गठबंधन के नेताओं को लिखा पत्र, आवाज उठाने का आग्रह**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया गठबंधन के सहयोगी नेताओं को पत्र लिखकर चुनाव आयोग के रवैये और मतदान के आंकड़े जारी करने में देरी पर सवाल उठाए हैं। खरगे ने पत्र में इंडिया गठबंधन के नेताओं से आग्रह किया कि वे ऐसी विसंगतियों के खिलाफ आवाज उठाएं और हमारा एकमात्र उद्देश्य एक जीवंत लोकतंत्र की संस्कृति और संविधान की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि हमें केंद्रीय चुनाव आयोग की स्वतंत्रता सुनिश्चित करनी चाहिए और इसे जवाबदेह बनाना चाहिए।

खड़गे ने कहा कि इंडिया के तौर पर लोकतंत्र की रक्षा करना और चुनाव आयोग की स्वतंत्र कार्यप्रणाली की रक्षा करना हमारा सामूहिक प्रयास होना चाहिए। उपरोक्त सभी तथ्य हमें यह सवाल पूछने के लिए मजबूर करते हैं। क्या यह अंतिम परिणामों में गड़बडी करने का प्रयास तो नहीं है?

उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि पीएम मोदी और बीजेपी पहले दो चरणों में मतदान के रुझानों से किस तरह घबराए हुए और निराश दिख रहे हैं। पूरा देश जानता है कि सत्ता के नशे में चूर एक निरंकुश शासन पद पर बने रहने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है।

# नीलेश बने बीजल मेहता, 2024 का लोकसभा चुनाव उनके लिए है खास

**–सेक्स चेंज कराकर बने महिला अब संभालेंगे चुनाव का काम**

**वडोदरा (एजेंसी)।** गुजरात के एक अधिकारी 2009 से बराबर लोकसभा चुनाव में ड्यूटी कर रहे हैं, लेकिन 2024 का चुनाव उनके लिए बेहद खास है। इसकी वजह है कि वह पहली बार महिला बनकर चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने जा रहे हैं। इससे पहले उन्होंने तीन चुनाव में पुरुष रहकर चुनावी काम किया था।

एक रिपोर्ट के मुताबिक वडोदरा में डिप्टी मामलतदार नीलेश मेहता अब बीजल मेहता बन चुके हैं। उन्होंने 2020 में सेक्स चेंज करा लिया है। वह नीलेश मेहता के तौर पर 2009 से 2019 तक तीन लोकसभा चुनाव में ड्यूटी कर चुके हैं। 2024 में वह बीजल बनकर चुनाव में ड्यूटी करते नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि मैं एक महिला के तौर पर अपनी ड्यूटी निभाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यहां मेरे सहकर्मी परिवार से भी ज्यादा हैं और मुझे सहज महसूस कराते हैं। मेहता वडोदरा कलेक्ट्रेट की चुनावी शाखा में पदस्थ हैं। नामांकन से लेकर वेबकास्टिंग समेत कई जिम्मेदारियां उनके पास हैं।



इससे पहले बीजल मेहता पोरबंदर में थे, लेकिन इलाज के दौरान 2023 में वह वडोदरा आ गई थीं। उन्होंने बताया कि वह इलाज के लिए कई बार वडोदरा और अहमदाबाद आती रहती थीं। ऐसे में वडोदरा शिफ्ट होना उनके लिए आसान रहा। उन्होंने कहा कि चार सालों की काउंसिलिंग और हॉर्मोनल थैरेपी के बाद उन्होंने सर्जरी कराई थी जिसके बाद वह नीलेश मेहता से बीजल मेहता बनीं। बीजल मेहता बताती हैं कि कक्षा 9 से ही वह अपने जेंडर को लेकर सहज नहीं थीं। उन्होंने कहा कि उस समय उनकी फीलिंग्स किसी के भी साथ शेयर करना मुश्किल था। 2012 के आसपास उन्होंने फैसला किया कि उनको महिला बनना है। वह स्वीकार करती हैं कि सर्जरी के बाद उन्हें अपनी नौकरी को लेकर भी चिंता थी, लेकिन उन्हें कोई दिक्कत नहीं हुई उनके सभी साथी उन्हें सेपार्ट करते हैं।

# मौसम बदलेगा मिजाज, कई राज्यों में हो सकती है बारिश और ओलावृष्टि


**– देश कुछ राज्यों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस वक्त देश में गर्मी अपने शबाब पर है। इस गर्मी से बचने लोग ठंडा पेय और मुंह ढंककर घर से बाहर निकल रहे हैं। देश के कई राज्यों में तो हीटवेव का जोर है। इससे बीमार लोगों से अस्पताल भरे पड़े हैं। वही मौसम भी अपने मिजाज बदल रहा है। देश कुछ राज्यों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है तो वहीं कुछ इलाकों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावनाएं है। वहीं मौसम विभाग ने 7 मई को पूर्वी मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, झारखंड और विदर्भ के कुछ हिस्सों में ओले गिरने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के मुताबिक गुजरात, विदर्भ, तमिलनाडु, राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में हीटवेव का दौर जारी रहेगा। इसके अलावा गंगीय पश्चिम बंगाल में आंधी और बारिश भी हो सकती है। देश की राजधानी दिल्ली में आज 42 डिग्री तापमान के बीच आंधी और धूल भरी हवाएं चलने की संभावना है। दिल्ली में गर्मी के साथ 9 मई तक तेज हवाओं चलने की संभावना है। हालांकि, 11 और 12 मई को दिल्ली में गरज-चमक के साथ बारिश होने के भी आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक इस हफ्ते दिल्ली का अधिकतम तापमान 41-42 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। वहीं न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

पूर्वोत्तर भारत में मध्यम बारिश और गरज के साथ बिजली गिरने और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है। 7 मई को असम और मेघालय में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं गंगीय पश्चिम बंगाल में 7 और 8 मई को अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। इसके अलावा 7 से 9 मई के बीच पूर्वी बिहार, पूर्वी झारखंड, ओडिशा, दक्षिणी छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और दक्षिणी कर्नाटक में हल्की से मध्यम बारिश और तूफान, बिजली और ओलावृष्टि हो सकती है।


वहीं पूर्वी और दक्षिणी मध्य प्रदेश, विदर्भ में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। उत्तराखंड और केरल में हल्की बारिश संभव है। अगले 24 घंटों के दौरान गंगीय पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों और तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड और तमिलनाडु में एक या दो स्थानों पर लू चल सकती है लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है।



# जियो, एयरटेल, वोडाफोन 96,317 करोड़ की स्पेक्ट्रम नीलामी में भाग लेंगी

**नई दिल्ली ।**

रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया जैसी दूरसंचार कंपनियों ने छह जून से शुरू होने वाली 96,317 करोड़ रुपये की स्पेक्ट्रम नीलामी में बोली लगाने के लिए आवेदन जमा कर दिया है। इससे पहले 2022 में हुई पिछली नीलामी में अडाणी समूह की कंपनी का नाम आश्चर्यजनक रूप से बोली लगाने वालों में आया था। हालांकि, इस बार की नीलामी में कोई नया नाम नहीं है। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए आवेदन जमा किए हैं। सरकार मोबाइल फोन सेवाओं के लिए लगभग 96,317 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी। 800 मेगाहट्र्ज, 900 मेगाहट्र्ज, 1,800 मेगाहट्र्ज, 2,100 मेगाहट्र्ज, 2,300 मेगाहट्र्ज, 2,500 मेगाहट्र्ज, 3,300 मेगाहट्र्ज और 26 गीगाहट्र्ज बैंड में सभी उपलब्ध स्पेक्ट्रम नीलामी का हिस्सा हैं। आधार मूल्य पर




कुल स्पेक्ट्रम का मूल्य 96,317 करोड़ रुपये है।

स्पेक्ट्रम 20 साल के लिए आवंटित किया जाएगा और सफल बोलीदाताओं को 20 समान वार्षिक किस्तों में भुगतान करने की अनुमति दी जाएगी। दूरसंचार विभाग ने आगामी नीलामी के माध्यम से प्राप्त स्पेक्ट्रम को न्यूनतम 10 साल की अवधि के बाद 'सरेंडर' करने का विकल्प प्रदान किया है। विभाग 10 मई को आवेदकों का स्वामित्व विवरण प्रकाशित करेगा।

आवेदन वापस लेने की अंतिम तिथि 17 मई है और बोलीदाताओं की अंतिम सूची 20 मई को घोषित की जाएगी।

# लेनदेन का ब्योरा हटाकर ई-रुपए को बनाया जा सकता है गोपनीय शक्तिकांत दास

## - कानून या टेक्नोलाजी से दूर की जा सकती है ई-रुपए की गोपनीयता से जुड़ी चिंता

**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि लेनदेन के ब्योरे को स्थायी रूप से हटाकर ई-रुपये या सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) को गोपनीय बनाया जा सकता है। इससे यह कागजी मुद्रा के समान हो जाएगी। हाल ही में आयो जित बीआईएस इनोवेशन सम्मेलन में दास ने कहा कि सीबीडीएस के ऑफलाइन हस्तांतरण को लेकर भी काम किया जा रहा है। 2022 के अंत में सीबीडीसी की लॉन्चिंग के साथ इसकी गोपनीयता को लेकर चिंता बनी हुई है। कुछ लोगों का कहना है कि सीबीडीसी से लेनदेन का रिकार्ड तैयार हो जाता है, जबकि कागजी मुद्रा के लेनदेन में गोपनीयता बनी रहती है।` रिजर्व बैंक गवर्नर ने कहा कि कानून या टेक्नोलाजी से ई-रुपये की गोपनीयता से जुड़ी चिंता दूर की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अभी भी खुदरा लेनदेन में यूपीआई को प्राथमिकता दी जा रही है लेकिन आने वाले समय में यह स्थिति बदल सकती है। बीआईएस इनोवेशन समिट में बोलते हुए दास ने कहा कि भारत अपने वित्तीय समावेशन लक्ष्यों में मदद के लिए प्रोग्रामेबिलिटी फीचर पेश करने के साथ-साथ सीबीडीसी को ऑफलाइन मोड में हस्तांतरणीय बनाने पर भी काम कर रहा है। यह ध्यान दिया जा सकता है कि 2022 के अंत में सीबीडीसी की शुरुआत के बाद से गोपनीयता पहलू के बारे में चिंताएं रही हैं, कुछ लोगों का कहना है कि इलेक्ट्रॉनिक प्रकृति एक निशान छोड़ देगी जहां सभी मुद्रा का उपयोग किया गया है, नकदी के विपरीत जो गुमनामी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि मूल सिद्धांत यह है कि सीबीडीसी में नकदी के समान ही गुमनामी की डिग्री हो सकती है, न अधिक और न कम। अतीत में दास और उनके डिप्टी टी रबी शंकर सहित आरबीआई अधिकारियों ने कहा है कि प्रौद्योगिकी गोपनीयता पर ऐसी चिंताओं का समाधान प्रदान करती है। इस बीच दास ने दोहराया कि भारत सीबीडीसी को ऑफलाइन मोड में भी हस्तांतरणीय बनाने पर काम कर रहा है, उन्होंने बताया कि नकदी की प्रमुख विशेषताओं में से एक यह है कि इसे काम करने के लिए नेटवर्क कनेक्टिविटी की आवश्यकता नहीं है।

# देश के कई राज्यों में महंगा हुआ पेट्रोल और डीजल



**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में कच्चा तेल हल्की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। इस बीच देश में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने मंगलवार को ईंधन की नई कीमतें जारी कर दी हैं। गुजरात, गोवा, झारखंड, केरल, एमपी और मणिपुर समेत कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े हैं। वहीं महाराष्ट्र, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, बिहार और जम्मू-कश्मीर में ईंधन की कीमतें घटी हैं। नई दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.15 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.85 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.43 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। वहीं नोएडा में पेट्रोल 94.81 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.94 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.03 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.22 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.38 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.39 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.63 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.34 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 105.16 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.03 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.74 रुपये प्रति लीटर है।

# इंडिया रेटिंग्स ने बढ़ाया भारत का वृद्धि दर अनुमान

**मुंबई ।**

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया। यह अनुमान रिजर्व बैंक के सात प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा अधिक है। घरेलू रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा कि सरकारी पूंजीगत व्यय बने रहने, कॉरपोरेट और बैंकिंग क्षेत्र के बही-खाते में कर्ज की कमी और आरंभिक निजी कॉरपोरेट पूंजीगत व्यय से मिले मजबूत समर्थन ने उसे वृद्धि अनुमान में संशोधन करने के लिए मजबूर किया है। इसके साथ ही रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उपभोग मांग का व्यापक आधार नहीं होना और वैश्विक स्तर पर सुस्त वृद्धि के कारण निर्यात में आने वाली बाधाएं भारत की जीडीपी वृद्धि को सीमित कर सकती है। एजेंसी ने उम्मीद जताई कि निजी अंतिम उपभोग व्यय में वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर सात प्रतिशत हो जाएगी, जो वित्त वर्ष 2023-24 में तीन प्रतिशत थी। यह तीन साल का उच्चतम स्तर होगा।इस रिपोर्ट में मौजूदा उपभोग मांग को अत्यधिक विषम बताते हुए कहा गया है कि यह उच्च आय वर्ग से संबंधित परिवारों द्वारा बड़े पैमाने पर उपभोग की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं से प्रेरित है जबकि ग्रामीण खपत कमजोर बनी हुई है।इंडिया रेटिंग्स ने कहा कि सामान्य से बेहतर




मानसून रहने से गेहूं की सरकारी खरीद के चालू वित्त वर्ष में 3.7 करोड़ टन रहने पर खपत बढ़ सकती है। पिछले वित्त वर्ष में गेहूं की खरीद 2.6 करोड़ टन रही थी।

# सेबी ने ट्रेडिंग का समय बढ़ाने का प्रस्ताव किया खारिज

## - एनएसई ने दिया था डेरिवेटिव मार्केट में समय बढ़ाने का प्रस्ताव

**मुंबई ।**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को डेरिवेटिव सेगमेंट में कारोबार का समय बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था मगर बाजार नियामक ने प्रस्ताव पर ब्रोकरों के एकमत नहीं होने की वजह से उसे खारिज कर दिया। एनएसई ने बाजार नियामक से डेरिवेटिव मार्केट को अतिरिक्त तीन घंटे शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक खोलने का अनुरोध किया था। एनएसई का तर्क था कि इससे बाजार भागीदारों को देर शाम वैश्विक संकेतों का आकलन करने और उसके हिसाब से खरीद-बिक्री करने में मदद मिलेगी। लेकिन शेयर ब्रोकरों में इस पर सहमति नहीं थी। ब्रोकरों का कहना था कि इससे उनकी लागत बढ़ जाएगी और अतिरिक्त तकनीक की भी जरूरत होगी। एनएसई के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने इस प्रस्ताव को फिलहाल ठंडे बस्ते में डालने की पुष्टि की। एनएसई के नतीजों पर विश्लेषकों के साथ चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि फिलहाल कारोबार का समय बढ़ाने की कोई योजना नहीं है क्योंकि ब्रोकरों की ओर से इस बारे में अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलने की वजह से सेबी ने हमारा आवेदन खारिज कर दिया। इसलिए मार्केट का समय बढ़ाने की योजना फिलहाल स्थगित कर दी गई है।' इस साल की शुरुआत में शेयर ब्रोकरों के निकाय एसोसिएशन ऑफ नैशनल एक्सचेंजेज मेंबर्स ऑफ इंडिया ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। हालांकि बंबई स्टॉक एक्सचेंज ब्रोकर्स फोरम अलग सेगमेंट के पक्ष में नहीं था। बाजार नियामक ने बाजार में कारोबार का समय बढ़ाने के साथ ही अन्य मुद्दों पर ब्रोकरों के बीच आम राय बनाने के लिए ब्रोकर्स इंडस्ट्री स्टैंडर्ड फोरम का गठन किया था जिसमें ब्रोकरों के तीन संगठन बतौर सदस्य शामिल थे। सूत्रों के अनुसार आईएसएफ ने पिछले महीने प्रस्ताव पर अपनी टिप्पणियां सौंपी थीं।

उसने न तो बाजार का समय बढ़ाने की जरूरत की पुष्टि की और न ही इससे जुड़ी चुनौतियों से इनकार किया। बाजार नियामक ने एक्सचेंज के परिचालन, सौदों का निपटान, पोजीशन की निगरानी और जोखिम प्रबंधन के मसले पर सवाल उठाए थे।

# रुपया चार पैसे बढ़कर 83.48 डॉलर पर

**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच रुपये ने मंगलवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले सीमित दायरे में कारोबार किया और चार पैसे मजबूत होकर 83.48 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी पूंजी की निकासी से स्थानीय मुद्रा पर दबाव पड़ा और इसकी तेजी पर रोक लगी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.48 प्रति डॉलर पर खुला जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.52 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 105.18 पर रहा।





# निर्यात से रोक हटने के बाद प्याज के थोक भाव में आई तेजी

**मुंबई।** पिछले सप्ताह केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगी रोक हटा दी थी। इसके बाद प्याज के थोक भाव में तेजी दर्ज की गई है। जानकारों का कहना है कि प्याज के निर्यात की अनुमति कुछ शर्तों के साथ दी गई है। ऐसे में तात्कालिक रूप से भले ही प्याज के भाव बढ़े हैं लेकिन आगे बहुत अधिक कीमत बढ़ने की संभावना नजर नहीं आ रही है। इसका कारण यह है कि निर्यात एक तय भाव से कम पर नहीं किया जा सकेगा। केंद्र सरकार ने पिछले सप्ताह 3 मई को प्याज के निर्यात से प्रतिबंध हटाने की घोषणा की थी। इस दिन महाराष्ट्र की प्याज मंडी लासलगांव (विंचुर) में प्याज के थोक भाव 900 से 1,875 रुपए थे, जो बढ़कर 1,000 से 2,400 रुपए क्विंटल हो गए। इसी तरह मुंबई की वाशी मंडी में इस दौरान प्याज के थोक भाव 875-2,000 रुपए की तुलना में बढ़कर 1,250-2,750 रुपए क्विंटल हो गए। दिल्ली की आजादपुर मंडी में इस अवधि में प्याज के थोक भाव 875-2,000 रुपए से बढ़कर 2,750 रुपए क्विंटल दर्ज किए गए। महाराष्ट्र के एक प्याज कारोबारी ने बताया कि निर्यात पर रोक हटने के फैसले के बाद प्याज के भाव बढ़े हैं लेकिन प्याज की कीमतों में आई यह तेजी आगे लंबे समय तक जारी रहने की संभावना नहीं है क्योंकि निर्यात के लिए 550 डॉलर प्रति टन की सीमा लगा दी गई है यानी इससे कम भाव पर निर्यात नहीं किया जा सकेगा। इस भाव पर यूरोप व खाड़ी देशों को निर्यात संभव है लेकिन बांग्लादेश व कोलंबो जैसे देशों को निर्यात संभव नहीं है क्योंकि इन देशों को भारतीय प्याज के ज्यादा दाम चुकाने पड़ेंगे।

# मैक्रोटेक चालू वित्त वर्ष में 17 आवासीय परियोजनाएं पेश करेगी

**नई दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष 2024-25 में मैक्रोटेक डेवलपर्स 17 आवासीय परियोजनाएं शुरू` करने पर` विचार कर रही है, जिनकी राजस्व क्षमता 12,000 करोड़ रुपये होगी। इससे कंपनी की बिक्री बुकिंग में बढ़ोतरी होगी, जो 2023-24 में मजबूत मांग के दम पर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। निवेशकों के अनुसार लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों का विपणन करने वाली मैक्रोटेक डेवलपर्स 2024-25 में मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), पुणे तथा बेंगलुरु में 10 नई परियोजनाएं और मौजूदा आवासीय परियोजनाओं में सात नए चरण शुरू करेगा। पेश किए जाने वाले कुल क्षेत्रफल का अनुमान 1.01 करोड़ वर्ग फुट है, जिसका अनुमानित सकल विकास मूल्य (जीडीवी) 12,100 करोड़ रुपये है। हालांकि, कंपनी ने कहा कि इस वित्त वर्ष में पेश होने वाली परियोजनाओं के लिए मार्गदर्शन बढ़ सकता है, क्योंकि वह अधिक भूमि अधिग्रहण कर सकती है और इसी वित्त वर्ष में पेश करने में सक्षम हो सकती है। भारत के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक मैक्रोटेक डेवलपर्स ने चालू वित्त वर्ष में 17,500 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति बेचने का लक्ष्य रखा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। इसने अपनी बिक्री बुकिंग में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो पिछले वित्त वर्ष में रिकॉर्ड 14,520 करोड़ रुपये हो गई जो 2022-23 में 12,060 करोड़ रुपये थी।

# गोदरेज कंज्यूमर को 1,893.21 करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली ।** दैनिक उपभोग के उत्पाद बनाने वाली कंपनी गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) को मार्च तिमाही में 1,893.21 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। जीसीपीएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि ब्रांड और साख की हानि के अलावा अफ्रीका में बिक्री घटने से भी उसे नुकसान उठाना पड़ा। एक साल पहले की समान तिमाही में उसे 452.14 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। जनवरी-मार्च, 2024 में कंपनी कुल परिचालन आय 3,385.61 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले की अवधि में 3,200.16 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि चौथी तिमाही में कुल खर्च एक साल पहले की समान अवधि के 2,680.39 करोड़ रुपये की तुलना में 2,758.27 करोड़ रुपये था। आलोच्य अवधि में कंपनी ने 2,375.65 करोड़ रुपये की असाधारण लागत खर्च की। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में जीसीपीएल का एकीकृत घाटा 560.55 करोड़ रुपये था जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में कंपनी ने 1,702.46 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था।कंपनी का पिछले वित्त वर्ष में परिचालन राजस्व 14,096.11 करोड़ रुपये रहा जो वित्त वर्ष 2022-23 में 13,315.97 करोड़ रुपये था।

# इंडिगो एयरबस से खरीदेगी ए350-900 श्रेणी के 30 विमान

नई दिल्ली । भारत की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो ने यूरोपीय विमान निर्माता एयरबस से एयरबस ए350-900 श्रेणी के 30 विमानों की खरीद के लिए ऑर्डर दिया है। एयरबस ने कहा है कि यह ऑर्डर इंडिगो के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को लंबी दूरी के गंतव्यों तक फैलाने करने में मदद करेगा। इंडिगो के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने इसे एक ऐतिहासिक क्षण और इंडिगो के इतिहास में एक एक नया अध्याय बताते हुए कहा कि यह एयरलाइन और भारतीय विमानन के भविष्य को भी आकार देगा। इन 30 एयरबस ए350-900 विमानों का बेड़ा इंडिगो को वैश्विक विमानन क्षेत्र की अग्रणीय एयरलाइनों की पंक्ति में खड़ा होने और अपने कारोबार के अगले चरण में प्रवेश करने में मदद करेगा। एयरबस के एक कार्यकारी अे धिकारी ने एयरबस पर एक बार फिर भरोसा जताने इंडिगो और इस करार से जुड़ी अपनी कंपनी की टीमों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि चौड़े विमानों के लिए इंडिगो के इस पहले आर्डर से दोनों कंपनियों की साझेदारी का एक रोमांचक नया अध्याय शुरू होता है। एयरबस की ओर से जारी की गई विज्ञप्ति में कहा गया है कि ए350 डिजाइन नई है। इसमें अत्याधुनिक टेक्नॉलाजी को शामिल किया गया है। इससे कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन में 25 प्रतिशत कटौती होती है।



# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।**

शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी मुनाफावसूली हावी होने से बाजार में गिरावट रही। निवेशकों ने विभिन्न सेक्टरों में शेयर बेचे। इस दबाव के कारण ही बेंचमार्क इंडेक्स नीचे आने लगा। आज कारोबार के दौरान बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में भी 3 फीसदी तक की गिरावट रही। इसके अलावा व्यापक बाजारों में भी गिरावट आई। ये 1.9 फीसदी और 1.65 फीसदी नीचे आये। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई मानक सूचकांक सेंसेक्स 383.69 अंक करीब 0.52 फीसदी टूटकर 73,511.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज 73,259.26 और 74,026.80 के बीच कारोबार हुआ। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 140.20 अंक तकरीबन 0.76 फीसदी नीचे आया। निफ्टी दिन के अंत में 22,302.50 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में आज 22,232.05 और 22,499.05 के बीच कारोबार हुआ।

आज कारोबार के दौरान ही सेंसेक्स के 30 शेयरों में, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचसीएल टेक, एनटीपीसी, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर नीचे आये। इसमें इनमें 1 से 4 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गयी। वहीं दूसरी ओर, एचयूएल, टेक एम, नेस्ले इंडिया, टीसीएस, आईटीसी, कोटक बैंक और इंफोसिस प्रमुख रूप से लाभ में रहे। इन शेयरों की तेजी से शेयर बाजार को कुछ बल मिला।

वहीं गत दिवस बेंचमार्क सेंसेक्स एक सीमित दायरे में




कारोबार करने के बाद लगभग सपाट बंद हुआ। हाई वेल्युएशन से संबंधी चिंताओं के बीच निवेशकों ने इंडेक्स हैवीवेट में मुनाफावसूली की जिसके चलते बाजार सोमवार को लगभग सपाट रहा। वहीं आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले खराब संकेतों की वजह से हरे निशान पर कारोबार की शुरुआत के बाद शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। एचसीएलटेक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के दबाव में भारतीय शेयरों ने शुरुआती बढ़त गंवा दी। सेंसेक्स 400 अंकों की गिरावट के साथ 73,495 के स्तर पर कारोबार करता दिख रहा है। जबकि निफ्टी50 100 से अधिक अंकों की गिरावट के साथ 22,329 के स्तर पर आ गिरा। शुरुआत में सेंसेक्स 0.08 फीसदी बढ़कर 73,954.96 पर खुला था, जबकि निफ्टी 50 0.13 फीसदी बढ़कर 22,471.95 के स्तर पर कारोबार करता दिखा।

# अनन्या बिड़ला म्यूजिक से ब्रेक लेकर संभालेंगी पापा का कारोबार

## - अनन्या ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कहा- जीवन का सबसे मुश्किल फैसला

**मुंबई ।**

आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला की सबसे बड़ी बेटी अनन्या बिड़ला ने म्यूजिक से ब्रेक लेकर पापा के कारोबार को संभालने का फैसला किया है। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए शेयर की और एक इमोशनल पोस्ट भी लिखा। उनका ये पोस्ट पढ़ फैंस काफी दुखी हैं। अनन्या ने बॉलीवुड में भी काम किया था तो बॉलीवुड से भी उनके इस डिसीजन को लेकर रिएक्शन आ रहे हैं। अनन्या ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- दोस्तों, ये मेरे लिए सबसे मुश्किल डिसीजन था। अब मैं उस स्टेज पर पहुंच चुकी हूं जहां पर मेरे लिए बिजनेस करना, उसे आगे बढ़ाना और उसके साथ सिंगिंग करना मुश्किल हो गया है। मेरे लिए बैलेंस बनाना लगभग नामुमकिन हो गया है। अब तक मैंने जितने भी गाने रिलीज किए हैं उन्हें इतना प्यार देने के लिए आप सभी का शुक्रिया। मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में हम अपने ही लोगों द्वारा बनाए गए अंग्रेजी गानों की तारीफ करेंगे. क्योंकि हमारे देश में टैलेंट की कोई कमी नहीं है। इंस्टा पर ये पोस्ट शेयर करते हुए अनन्या बिड़ला ने लिखा- कभी न भुला पाने वाली यादें, इतने सारे प्यार के लिए



आप सभी का शुक्रिया। सिंगर द्वारा ये पोस्ट लिखते ही उनके सपोर्ट में बॉलीवुड समेत कई सारे फैंस उतर आए और इमोशनल भी हो गए। कई लोग तो उनके इस डिसीजन से शॉक्ड भी नजर आए।

# किरदार में खामियों के बावजूद भी मिलता स्नेहः जयेश मोरे, पुष्पा इम्पॉसिबल



**मुंबई :** सोनी सब का पुष्पा इम्पॉसिबल के कुछ एपिसोड्स में, दर्शकों ने एक नाटकीय सीक्वेंस देखा,जहां जन्मदिन मन रहा था,जहां दिलीप के कट्टर प्रतिद्वंद्वी संतोष ने उस रेस्तरां में आग लगा दी थी, जिसके बाद दिलीप को मृत मान लिया गया था। घटनास्थल पर, पुलिस को एक जला हुआ शव मिला था, जिसने दिलीप का ब्रेसलेट पहना हुआ था और पुलिस को लगा कि आग में जलकर दिलीप की मौत हो गई है। हालांकि, हालिया ट्विस्ट से पता चला कि दिलीप वापस आ गया है, क्योंकि उसने संतोष से बदला लेने के लिए अपनी मौत की झूठी कहानी रची थी। एक स्पष्ट बातचीत में, जयेश मोरे ने अपने किरदार पर गहराई से चर्चा करते हुए और नई कहानी, अपने किरदार के पहलू, और बहुत कुछ के बारे में जानकारी भी दी। और आगे जो भी होगा वह दर्शकों को और हैरान करेगा और कहानी को ज्यादा दिलचस्प बनाता रहेगा।

# आईपीएल में आज होगा सनराइजर्स और सुपर जायंट्स में मुकाबला

**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद बुधवार को आईपीएल में अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना करेगी। दोनो ही टीमें इस मैच को जीतकर प्लऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बरकरार रखने का प्रयास करेगी। जो भी टीम इस मैच में हारी उसका बाहर जाना तय है। ऐसे में इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगी। इस मैच के परिणाम से अन्य टीमों की प्लेऑफ की संभावनाओं पर भी प्रभाव पड़ेगा। सनराइजर्स को पिछले मैच में मुम्मई इंडियंस से हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसका मनोबल कमजोर हुआ है। शुरुआती मैच में जमकर रन बनाने वाले सनराइजर्स के बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों से विफल रहे हैं। टीम हालांकि इस मैच में अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड से आक्रामक शुरुआत की उम्मीद करेगी। उसका लक्ष्य अधिक से अधिक रन बनाना रहेगा क्योंकि उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी कमजोर है। कप्तान पीट कमिंस के अलावा उसके अन्य गेंदबाज अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं। दूसरी ओर केएल राहुल की कप्तानी में लखनऊ की टीम भी पिछले मैच में केकेआर से हारी थी। तब लखनऊ की टीम बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी में भी नाकाम रही। उसकी बल्लेबाजी की कमान राहुल के अलावा मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन के पास रहेगी। टीम की गेंदबाजी यश ठाकुर के अलावा रवि बिश्नोई के पास रहेगी। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल से बाहर हो गए हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान को भी चोट लगी है इससे उसे नुकसान हुआ है।

हेड को छोड़कर सनराइजर्स के अन्य बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म में रहे हैं। युवा अभिषेक शर्मा पिछले चार मैचों में 30 रन से आगे नहीं जा सके हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि हर बार सलामी बल्लेबाजों पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती, मध्यक्रम को भी कमान संभालनी होगी। हेनरिच क्लासेन लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं और नीतिश रेड्डी ने भी कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टी नटराजन ने अच्छी गेंदबाजी की है जबकि अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने भी लय हासिल कर ली है। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कोलकाता के खिलाफ इकाना स्टेडियम पर निराशाजनक प्रदर्शन किया और 137 रन पर




आउट हो गई। कप्तान केएल राहुल नाकाम रहे जबकि मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके।

इस मैच में हालांकि बारिश से बाधा आ सकती है। हैदराबाद में मैच के दिन सुबह मौसम साफ रहने की उम्मीद है पर मैच शुरू होने से पहले बारिश के आसार हैं। ऐसे में अगर बारिश के कारण ये मैच नहीं होता है तो लखनऊ और सनराइजर्स को झटका लगेगा।

अब तक सनराइजर्स हैदराबाद ने 11 मैचों में से 6 जीते है और वह अंक तालिका में चौथे स्थान पर है उसके 12 अंक हैं वहीं नेट रन रेट -0.065 का है जबकि दूसरी ओर, लखनऊ सुपर जायंट्स ने भी 11 मैचों में से 6 जीते हैं और वह भी 12 अंकों और -0.371 के नेट रन रेट के साथ तालिका में 5वें स्थान पर हैं। ऐसे में इस मैच को जीतने वाली टीम 14 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी पर बारिश के कारण अगर खेल नहीं हो पाता है तो दोनों ही टीमों को एक-एक अंक मिलेगा और दोनों टीमें 13 अंक तक पहुंच जाएंगी। जिससे चेन्नई सुपर किंग्स अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच जाएगी। अभी वह 12 अंकों के साथ ही तीसरे नंबर पर है।

### टीम

**सनराइजर्स हैदराबाद** = पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, मार्को जानसन, भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, सनवीर सिंह, ट्रैविस हेड, मयंक अग्रवाल, नितीश कुमार रेड्डी

**लखनऊ सुपर जाइंट्स** = केएल राहुल (कप्तान/विकेटकीपर), मार्कस स्टोइनिस, एश्टन टर्नर, आयुष बदोनी, क्रुणाल पंड्या, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, मोहसिन खान, यश ठाकुर, अर्शिन कुलकर्णी, युद्धवीर सिंह, दीपक हुडा, निकोलस पूरन।

# शुभमन गुजरात टाइटंस की कप्तानी के लिए सबसे बेहतर पर उन्हें काफी कुछ सीखना होगा: मिलर



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज डेविड मिलर ने कहा कि युवा शुभमन गिल गुजरात टाइटंस की कप्तानी के लिए सबसे उपयुक्त खिलाड़ी हैं पर उन्हें अभी काफी कुछ सीखना होगा। शुभमन को इस सत्र की शुरुआत में हार्दिक पंड्या के मुम्बई टीम में जाने के कारण नया कप्तान बनाया गया था। उनके लिए ये सत्र हालांकि अच्छा नहीं रहा और टीम के साथ ही शुभमन का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा। इसके बाद भी मिलर इस युवा खिलाड़ी को कप्तानी देने को सही मानने हैं। मिलर ने आरसीबी और जीटी मैच के बाद कहा कि शुभमन एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं, जैसा कि हम सभी जानते हैं। वह अब भी युवा है लेकिन मुझे अब भी लगता है कि वह कप्तानी के लिए सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। शुभमन ने आरसीबी के खिलाफ 7 गेंदों में 2 रन बनाए जबकि मिलर ने 20 गेंदों में 30 रन बनाये। मिलर ने इसी को लेकर कहा कि शुभमन एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं, जैसा कि हम सभी जानते हैं, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने को साबित किया है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस का प्रदर्शन इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है और आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में पहुंचने की उसकी उम्मीदें तकरीबन समाप्त हो गयी हैं। टीम को अपने 11वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों चार विकेट से हार का सामना करना पडा था। इस मैच में गुजरात टाइटंस गुजरात आईपीएल 2024 की अंक तालिका में 9वें स्थान पर आ चुकी है। टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहने से शुभमन पर सवाल उठ रहे हैं।

# आईपीएल में एक शतक और लगते ही बनेगा सबसे अधिक शतकों का रिकार्ड

### अब तक 12 शतक लगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल में इस बार जिस प्रकार से शतक लग रहे हैं। उससे साफ है कि शतकों के मामले में एक नया रिकार्ड बनेगा। आईपीएल में मुम्बई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में सूर्यकुमार यादव के शतक के साथ ही इस सत्र में अब तक 12 शतक लग गये हैं। इससे पहले 2023 सत्र में इतने शतक लगे थे। वहीं एक और शतक के साथ ही आईपीएल में सबसे अधिक शतक का नया रिकॉर्ड बन जाएगा क्योंकि सत्र में अभी 19 मैच और होने हैं। सनराइजर्स के खिलाफ 102 रन की पारी खेलने के साथ ही सूर्यकुमार ने भी एक उपलब्धि हासिली की है। वह ऐसे दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने मुंबई इंडियंस की ओर से दो शतक बनाए हैं। उनसे पहले केवल रोहित शर्मा ने यह रिकार्ड बनाया था। मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 51 गेंद पर 102 रन बनाये। यह आईपीएल 2024 में 12वां मौका है, जब किसी बल्लेबाज ने शतकीय पारी खेली है।

सूर्यकुमार ने टी20 क्रिकेट में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए चौथा शतक बनाया है। इस नंबर पर उनसे ज्यादा शतक सिर्फ ग्लेन मैक्सवेल 5 ही लगा सके हैं। डेविड मिलर 4 शतक के साथ बराबरी पर हैं। सूर्यकुमार ने शतकीय पारी के दौरान तिलक वर्मा 37 के साथ 143 रन की नाबाद साझेदारी की। यह मुंबई इंडियंस के लिए चौथे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड है। आईपीएल की बात करें तो ये लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। सूर्या-तिलक महज एक रन से रिकॉर्ड तोड़ने से दूर रह गए। 144 रन की साझेदारी का यह रिकॉर्ड गुरकीरत सिंह और शिमरन हेटमायर के नाम है। सूर्या का यह टी20 क्रिकेट में ओवरऑल छठा शतक है।

# टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम की जर्सी लॉन्च हुई

**मुम्बई(एजेंसी)।** अगले माह वेस्टइंडीज और अमेरिका में संयुक्त रुप से होने वाले टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम की जर्सी लॉन्च हो गयी है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस जर्सी को लॉन्च करने का एक वीडियों भी सोशल मीडिया पर डाला है। इसमें भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और अनुभवी स्पिनर कुलदीप यादव भी नजर आ रहे हैं। वहीं भारतीय टीम ने भी इस वीडियो को रीपोस्ट किया। वीडियो के साथ लिख है- एक जर्सी। एक राष्ट्र। पेश है नई टीम इंडिया टी20 जर्सी। आगामी आईसीसी शोपीस इवेंट के लिए भारत की जर्सी में वी-आकार की गर्दन पर तिरंगे रंग की रेखाएं और केसरिया रंग की आस्तीन पर क्लासिक एडिडास धारियां होंगी। जर्सी के केंद्र में इंडिया लिखा होने के साथ आगे की तरफ नीला रंग शामिल किया गया है।

बीसीसीआई ने गत सप्ताह ही इस आईसीसी टूर्नामेंट के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम भी घोषित



कर दी थी। भारत को आईसीसी टूर्नामेंट के ग्रुप ए में पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है। भारतीय टीम इसमें अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा, इसके बाद 9 जून को उसी स्थान पर पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबला होगा। इसके बाद भारत क्रमशः 12 और 15 जून को अमेरिका और कनाडा से खेलना है।

## ब्रेट ली ने सुपर जाइंट्स के कप्तान राहुल के रवैये पर सवाल उठाये

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल के रवैये की अलोचना करते हुए कहा है कि उनके कम स्ट्राइक रेट के कारण अन्य बल्लेबाजों पर जरुरत से ज्यादा दबाव पड़ रहा है। ब्रेट ली के अनुसार राहुल की उतार-चढ़ाव वाली स्ट्राइक रेट के कारण आने वाले बल्लेबाजों को तेजी से खेलने के लिए मजबूर होना पड़ता है। आईपीएल के इस सत्र में पांच सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल होने के बाद भी राहुल की स्ट्राइक रेट पर काफी सवाल उठे हैं। ली ने कहा, मुझे लगता है कि अगर आप केकेआर और लखनऊ दोनों तरफ के शुरुआती बल्लेबाजों को देखें, तो समझ में आत है। केकेआर ने तेज से रन बनाये हैं।

# आईपीएल के समय पीएसएल का आयोजन पीसीबी के लिए होगा नुकसानदेह

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अगले साल पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) का आयोजन अप्रैल-मई में करने जा रहा है। वहीं इसी समय पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) आईपीएल का आयोजन करता है। ऐसे में पीएसएल का आयोजन पीसीबी को महंगा पड़ सकता है। इसका कारण ये है कि पीएसएल के लिए आईपीएल जैसी विश्व की सबसे महंगी टी-20 लीग का मुकाबला करना कठिन रहेगा। इसका कारण है कि पीएसएल को को विदेश खिलाड़ी मिलना कठिन हो जाएंगे कयोंकि सभी की पसंद आईपीएल होता है। अब तक रोवमैन पॉवेल, शेन रदरफोर्ड, सिकंदर रजा, ल्यूक वुड, राइली रूसो, शेमार जोसफ, शाई होप और डेविड विली ही आईपीएल के अलावा पीएसएल के इस सत्र में नजर आए थे। वहीं पिछले कुछ सत्र में आंद्रे रसेल, राशिद खान और सुनील नरेन ने भी पीएसएल में खेला था। यदि दोनों टूर्नामेंट एक ही समय हुए तो विदेशी खिलाड़ी आईपीएल की तरह आयेंगे और पीएसएल को दूसरे दर्जे के ही क्रिकेटर मिल पायेंगे। इसके अलावा पीसीबी को प्रसारण अधिकार के लिए भी मुश्किल होगी क्योंकि दोनो ही टूर्नामेंट एक ही समय पर होते हैं। ऐसे में मैच का समय एक होने से पीएसएल की व्यूवरशिप कम होना तय है। वैसे ही टूर्नामेंट के दौरान स्टेडियम में कम होते दर्शकों से पीसीबी पहले ही परेशान है। अब तक देखा गया है कि आईपीएल के दौरान कोई अन्य क्रिकेट बोर्ड अपनी घरेलू लीग नहीं आयोजित करता है।

# द्रविड़ से कही श्रीसंत की एक बात ने बदली सैमसन की तस्वीर

नई दिल्ली। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन का कहना है कि एस श्रीसंत का उनकी सफलता में बड़ा योगदान है। सैमसन के अनुसार तेज गेंदबाज एस श्रीसंत के बोले एक झूठ से उनकी किस्मत बदल गयी। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने काफी पहले रॉयल्स के कप्तान राहुल द्रविड़ से



कहा था कि एक स्थानीय मैच में संजू ने उनकी गेंदों पर छह छक्के मारे थे। इसके बाद ही मुझे अवसर मिले। सैमसन ने 2009 में कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से आईपीएल में प्रवेश किया हालांकि उन्हे खेलने का अवसर नहीं मिला। पहला खिताब जीतने के बाद फ्रैंचाइजी ने सैमसन को बिना उतारे ही रिलीज कर दिया। यह वही समय था जब सैमसन को अपनी योग्यता साबित करने की जरूरत थी। एक वीडियो में सैमसन ने कहा, केकेआर के साथ होने के कारण मुझे कोई अवसर नहीं मिल रहा था पर पर आरआर के खिलाफ मैच के दौरान जब राहुल द्रविड़ उनकी कप्तानी कर रहे थे तो श्रीसंत ने उन्हें होटल लॉबी में देखा और मेरी सहायता की। उन्होंने उनसे कहा, केरल का एक लड़का है, जिसने मुझे स्थानीय टूर्नामेंट में एक ओवर में छह छक्के लगाए हैं। हमें निश्चित रूप से उसे एक ट्रायल का अवसर देना चाहिए। श्रीसंत की इस बात से सैमसन को सहायता मिली। रॉयल्स ने उन्हें चुना और 2013 में अपने डेब्यू के बाद से ही वे उनकी टीम में एक अहम खिलाड़ी बन गए हैं। एक होनहार बल्लेबाज से लेकर फ्रैंचाइजी का पोस्टर बॉय बनने और अब इसके कप्तान बनने तक सैमसन ने सब कुछ देखा है। सैमसन की कहानी की पुष्टि तब हुई जब श्रीसंत ने स्वीकार किया कि युवा विकेटकीपर बल्लेबाज को आरआर सेट-अप में लाने के लिए उन्होंने झूठ बोला था हालांकि द्रविड़ ने उनकी बात को पकड़ लिया।

# टी20 विश्वकप में नजर नहीं आयेंगे आईपीएल में धूम मचाने वाले नरेन

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 सत्र में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से धूम मचाने वाले वेस्ट इंडीज के सुनील नरेन आगामी टी20 विश्वकप कप में नजर नहीं आयेंगे। नरेन से विश्वकप में खेलने के लिए इंडीज टीम के कप्तान रोवमन पॉवेल ने संन्यास से वापसी की अपील की थी पर इस क्रिकेटर ने ये कहते हुए इंकार कर दिया कि ये स्थान किसी युवा क्रिकेटर को मिलना चाहिये। नरेन ने आईपीएल में 400 से ज्यादा रन बनाए हैं जबकि14 विकेट भी लिए हैं। वह आईपीएल में सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की सूची में तीसरे नंबर पर हैं और सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की सूची में छठे नंबर पर है। नरेन इस सत्र में कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से खेल रहे हैं। उन्होंने अब इस टी20 लीग में 41.90 की औसत और 183.66 स्ट्राइक रेट से 461 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने 14 विकेट भी लिए हैं। अब तक केवली 5 गेंदबाज ही उनसे ज्यादा विकेट ले पाए हैं इसके बाद भी वह वेस्टइंडीज की टीम में नहीं रहेंगे।

पॉवेल ने नरेन को मनाने की बहुत कोशिश की पर वह नहीं माने। पॉवेल ने कहा कि नरेन को वेस्टइंडीज की विश्व कप टीम का हिस्सा बनना चाहिये। पॉवेल ने कायरन पोलार्ड सहित कई दिग्गजों से भी अपनी बात नरेन तक पहुंचाई पर नरेन ने साफ इंकार कर दिया और कहा कि उन्होंने बहुत सोच समझकर संन्यास लिया है और अब वे इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी नहीं करेंगे। सुनील नरेन ने नवंबर 2023 में ही संन्यास का ऐलान किया है। 34 साल के सुनील नरेन ने वेस्टइंडीज के लिए 6 टेस्ट, 65 वनडे और 51 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच 2019 में खेला था। इसके बाद से वह वेस्टइंडीज के लिए कभी नहीं खेले हैं. हालांकि, आईपीएल समेत दुनिया की तमाम टी20 लीग में वह खेलते रहे हैं। उन्होंने अब तक 509 टी20



मैच खेले हैं। उन्होंने इन मैचों में 549 विकेट लिए हैं और 4195 रन भी बनाए हैं।

# सनराइजर्स की हार से सीएसके , सुपरजायंट्स और दिल्ली के प्लेऑफ की राह बनी

**मुम्बई(एजेंसी)।** आईपीएल लीग मुकाबले में मुंबई इंडियंस की सनराइजर्स हैदराबाद पर जीत से चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके), लखनऊ सुपरजायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स को लाभ हुआ है। वहीं सनराइजर्स के प्लेऑफ की उम्मीदें कमजोर हुई हैं। वहीं

सनराइजर्स हैदराबाद इस हार के बाद भी अंक तालिका में चौथे नंबर पर कायम है। सनराइजर्स की टीम एक समय अंक तालिका में पहले नंबर पर थी और तब वह टॉप-2 में रहने की उम्मीद कर रही थी पर अब उसे टॉप-4 के लिए भी कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है। अंक तालिका में चेन्नई सुपरकिंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपरजायंट्स के एक बराबर 12-12 अंक हैं। इस प्रकार नेट रनरेट के आधार पर उनकी रैंकिंग तीसरी, चौथी और पांचवीं है। तीनों ही



टीमों के अब 3-3 मैच बचे हैं। ऐसे में एक गलती से ये टीमें प्लेऑफ से बाहर होंगी।

यही कारण है कि जब मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराया तो चेन्नई सुपरकिंग्स और लखनऊ सुपरजायंट्स के प्रशंसकों ने खुशी जाहिर की। चेन्नई और लखनऊ ही नहीं, दिल्ली कैपिटल्स के फैंस की प्लेऑफ की उम्मीद भी हैदराबाद की हार से जाग गई है। दिल्ली की टीम 11 मैचों में से 5 जीतकर 10 अंकों के साथ छठे नंबर पर है। दिल्ली के प्रशंसकों उम्मीद कर रहे हैं कि उनकी पसंदीदा टीम बाकी बचे तीन मैच जीतकर प्लेऑफ में जगह बना सकती है। ऐसा संभव भी है और अगर चेन्नई, हैदराबाद व लखनऊ में से कोई दो टीम जीत जाएं तो दिल्ली आगे निकल सकती है।

सनराइजर्स हैदराबाद की हार से कोलकाता नाइटराइडर्स और राजस्थान रॉयल्स को भी थोड़ी राहत ही मिली होगी। कोलकाता और राजस्थान दोनों ही टीमें 16-16 अंक लेकर पहले दो स्थान पर हैं. अगर वे एक-एक मैच और जीत लेती हैं तो टॉप-2 में रहने का उनका दावा बेहद मजबूत हो जाएगा।

# गावस्कर ने विराट के धीमे स्ट्राइक रेट को लेकर दिये बयान का बचाव किया




मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने आईपीएल में विराट कोहली के धीमे स्ट्राइक रेट को लेकर दिये अपने बयान का बचाव किया है। गावस्कर ने कहा कि कमेंटरी करने पर जो दिखता है वही हम बोलते हैं। इस सत्र में 500 से अधिक रन बनाने विराट पावर प्ले में कम स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचना का केन्द्र बने थे। इसके बाद कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में 44 गेंद में नाबाद 70 रन की पारी खेलकर सबका मुंह बंद कर दिया था। गुजरात टाइटंस के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स को को मिली जीत के बाद विराट ने स्ट्राइक रेट को लेकर अपनी आलोचना करने वालों को करारा जवाब दिया थी। वहीं उनके बयान से गावस्कर नाराज दिखे। गावस्कर ने कहा कि कमेंटेटर कोहली से सवाल इसलिए पूछ रहे थे क्योंकि वह 118 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे थे और 14-15वें ओवर में आउट हुए थे। वहीं विराट ने गुजरात के खिलाफ 70 रन बनाकर कहा था कि वो सभी लोग जो स्ट्राइक रेट और मेरे अच्छे से स्पिन नहीं खेलने के बारे में बात करते हैं वो नहीं जानते कि मेरे लिए केवल टीम को जीत दिलाना ही मायने रखता है। 15 साल तक ऐसा करने की वजह है कि मैंने बहुत से मैदानों पर टीम के लिए मैच खेले और जीते भी हैं। ऐसे में मुझे नहीं लगता कि जो खुद मैदान पर नहीं होते, उन्हें कमेंटरी बॉक्स में बैठकर ऐसी बातें करनी चाहिए। वहीं इससे पहले गावस्कर ने कहा था कि यदि आप पारी शुरु करते हैं, फिर 14वें या 15वें ओवर में आउट हो जाते हैं और तब भी आपका स्ट्राइक रेट 118 रहता है तो इस स्थिति में अगर आप चाहते हैं कि तालियां मिलें तो यह थोड़ा अजीब है।

# टी20 विश्व कप में भारत की सफलता की कुंजी होंगे ये दो खिलाड़ी : शास्त्री

दुबई। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि आगामी टी20 विश्व कप में शिवम दुबे की बड़े छक्के लगाने की क्षमता से भारत को बड़े स्कोर बनाने में मदद मिलेगी और यशस्वी जायसवाल के साथ दुबे पर भारत की उम्मीदों का दारोमदार होगा। जायसवाल और दुबे एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में पदार्पण करेंगे। शास्त्री ने आईसीसी से कहा, 'दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं। एक यशस्वी जायसवाल है जिसने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। वह युवा है और बेखौफ खेलता है।' चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलने वाले दुबे ने इस सत्र में 11 मैचों में 170.73 की स्ट्राइक रेट से 350 रन बनाए हैं। शास्त्री ने कहा, 'मध्यक्रम में उसे देखिएगा। वह आक्रामक है और मैच विनर है। वह मजे के लिये छक्के लगा देता है और स्पिन गेंदबाजी को बखूबी खेलता है।' उन्होंने कहा, 'तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी वह असरदार है। पांचवें छठे नंबर पर उसकी भूमिका अहम होगी। अगर कोई 20.25 ओवर में खेल का नक्शा बदल सकता है, तो वह है। उसका स्ट्राइक रेट 200 के आसपास है जिससे भारत को काफी मदद मिलेगी।'



# ब्रायन लारा की भविष्यवाणी- इन 2 टीमों में हो सकता है टी20 विश्व कप का फाइनल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप 2024 में भारत-वेस्टइंडीज के बीच फाइनल की ख्वाहिश जताते हुए महान क्रिकेटर ब्रायन लारा ने कहा है कि सूर्यकुमार यादव को भारत के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। लारा ने यह भी कहा कि विश्व कप में भारत और वेस्टइंडीज के बीच फाइनल होने से 2007 में हुई गलती की भरपाई हो जाएगी जब वेस्टइंडीज में हुए वनडे विश्व कप में भारत के जल्दी बाहर होने से मेजबान को काफी खामियाजा भुगतना पड़ा।

भारत ने कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को टीम में रखा है जबकि शुभमन गिल और रिंकू सिंह जैसे युवा रिजर्व में हैं। सूर्यकुमार मुख्य टीम में है। लारा ने कहा कि मेरी सलाह यह होगी कि सूर्यकुमार यादव को तीसरे नंबर पर उतारा जाए। वह टी20 क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में से है। अगर आप सर विव जैसे खिलाड़ियों से बात करें तो वह आपको बताएंगे कि वह कैसे बल्लेबाजी को बेताब रहते थे। उन्होंने कहा कि मुझे सूर्यकुमार के साथ भी यही लगता है। उसे जल्दी से उतारना जरूरी है और अगर वह 10-15 ओवर खेल जाता है तो कमाल कर सकता है।

लारा ने कहा कि अगर आप उसको जल्दी उतारते हैं तो वह आपको जीत की स्थिति में पहुंचा देगा और बाद में बल्लेबाजी करने पर जीत दिला देगा। सूर्यकुमार आम तौर पर चौथे और कोहली तीसरे नंबर पर उतरते हैं। आईपीएल में कमेंट्री कर रहे लारा ने कहा कि भारत और वेस्टइंडीज के बीच फाइनल हो सकता है जिससे 2007 विश्व कप में हुई त्रासदी की भरपाई हो जाएगी जब भारतीय टीम पहले दौर में बाहर हो गई थी।

लारा ने कहा कि इंग्लैंड टीम को वेस्टइंडीज बहुत पसंद है। इंग्लैंड भी अंतिम 4 में होगा और चौथे स्थान पर डार्कहॉर्स के रूप में अफगानिस्तान पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि भारत और वेस्टइंडीज के बीच फाइनल से अतीत में हुई गलती की भरपाई हो जाएगी। भारत 2007 में दूसरे दौर में नहीं पहुंच सका था और इसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ा। हम नहीं चाहते कि ऐसा फिर हो इसलिए भारत और वेस्टइंडीज के बीच फाइनल होना चाहिए जिसमें बेहतर टीम जीते।

भारत ने युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा के रूप में चार स्पिनरों को चुना है जिनमें से 2 हरफनमौला हैं। लारा ने कहा कि चार स्पिनरों के होने पर मैं ज्यादा नहीं बोलना चाहूंगा। लेकिन मुझे नहीं लगता कि चारों स्पिनर खेलेंगे। मुझे खुशी है कि चहल टीम में है। वह आईपीएल स्टार ही नहीं है बल्कि काफी दिमाग लगाकर गेंदबाजी करता है। कुलदीप भी। ये आपको विकेट दिलाएंगे और रनगति पर अंकुश भी लगाएंगे। कोहली के स्ट्राइक रेट को लेकर हो रही चर्चा के बीच लारा ने कहा कि आपको अंतिम एकादश में विराट जैसा एक खिलाड़ी चाहिए ही।



## चीन के अस्पताल में चाकू से हमला, 2 की मौत, 21 घायल



युन्नान । चीन के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत युन्नान के अस्पताल में चाकू से किए गए हमले में करीब दो लोगों की मौत हुई और 21 अन्य घायल हो गए। मीडिया के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, हमला जेनक्सिओनग काउंटी के स्थानीय अस्पताल में हुआ। घटनास्थल के कई वीडियो सामने आए हैं, इन वीडियों में पुलिस वेलनेस सेंटर में एक संदिग्ध को पकड़ती हुई दिख रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पकड़ा गया संदिग्ध वास्तव में हमलावर है या नहीं।

## पाक फौजी अफसरों पर बच्चों के यौन शोषण का आरोप, 100 बच्चों के 600 वीडियो सामने आए ; सेना ने आरोप खारिज किए

इस्लामाबाद । पाकिस्तानी सेना के सबसे बड़े सेक्स स्कैंडल का खुलासा हुआ है। खैबर पख्तूनख्वा के कबाइली इलाकों में तैनात कर्नल से मेजर रैंक तक के कुछ अफसरों के बच्चों से यौन शोषण के 600 से ज्यादा वीडियो सामने आए हैं। बच्चों की उम्र 14 साल से कम बताई गई है। लगभग सौ से ज्यादा बच्चों का पांच साल से यौन शोषण किया जा रहा था। कुछ अफसरों को पाराचिनार कैंट से पेशावर कमांड हेडक्वार्टर बुला लिया गया है। कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल हसन अजहर हयात ने कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी में आदेश देते हुए किसी भी अफसर के यौन शोषण में शामिल होने से इनकार किया है। सेना का दावा है कि तीन साल पहले भी अफसरों पर 13 साल के लडक़े के यौन शोषण के आरोप लगे थे जो झूठे पाए गए थे। इस बीच, एफआईआर के बाद पुलिस ने यौन शोषण केस में एक स्थानीय दुकानदार को गिरफ्तार किया है।

**गरीब बच्चों की सप्लाई**

इलाके का एक दुकानदार ताहिर कबादी सेना का करीबी था। वही गरीब बच्चों की सप्लाई करता था। बताया जाता है कि वह बच्चों को लालच देकर अफसरों के पास भेजता था। उसने ही बच्चों के यौन शोषण के वीडियो भी बनाए। इससे वह बच्चों के माता-पिता से पैसे भी ऐंठता था। साथ ही वीडियो के जरिए वह बच्चों को ब्लैकमेल करके बार-बार अफसरों के पास भेजता था। पुलिस ने उसके लैपटॉप से ये वीडियो बरामद किए हैं।

**पहले भी आरोप लगे थे**

खुर्रम के स्थानीय लोगों का आरोप है कि सेना के कुछ अफसरों पर पहले भी बच्चों के यौन शोषण के आरोप लगे थे, लेकिन पाक सेना के मेजर और कैप्टन रैंक के अफसरों ने पुलिस वालों पर दबाव डालकर आरोपियों को छुड़ा लिया था। पाकिस्तान में 2015 में बच्चों के यौन शोषण के वीडियो वायरल करने का बड़ा रैकेट सामने आया था। इसमें करीब 400 वीडियो थे। इन वीडियो को 50-50 रुपए में बेचा गया था। हालांकि, इस मामले में फौज के अफसर शामिल नहीं थे।

## भारत से पंगा मालदीव को पड़ा मंहगा... पर्यटकों की संख्या में 40 फीसदी गिरावट , मालदीव के पर्यटन मंत्री भारतीयों से आने की कर रहे अपील

माले । भारत से तनाव का असर मालदीव के टूरिज्म पर तगड़ा पड़ा है। चार महीने में मालदीव पहुंचने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में 40 फीसदी की गिरावट आई है। इस बीच मालदीव ने भारतीय पर्यटकों से वहां आने की अपील की है। मालदीव के पर्यटन मंत्री इब्राहिम फैसल ने भारत और मालदीव के ऐतिहासिक संबंधों पर जोर देकर कहा कि हमारी सरकार भारत के साथ मिलकर काम करना चाहती है। हमारे लोग और हमारी सरकार मालदीव आने वाले भारतीयों का गर्मजोशी से स्वागत करने को तैयार हैं। मैं पर्यटन मंत्री के रूप में भारतीयों से कहना चाहता हूं कि आप मालदीव आएं। हमारी अर्थव्यवस्था दरअसल पर्यटन पर ही निर्भर है। बता दें कि मालदीव के पर्यटन मंत्री की ये अपील उस वक्त आई है, जब भारत के साथ उसके रिश्तों में तनाव है। पिछले साल दिसंबर में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर लक्षद्वीप की तस्वीरें साझा कर यहां आने की अपील की थी, तब मालदीव सरकार के तीन मंत्रियों ने पीएम मोदी और लक्षद्वीप को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद भारतीयों ने मालदीव का बायकॉट कर दिया था।

## क्या यूक्रेन के मामले में पश्चिमी देशों से सीधे भिड़ जाएगा रुस , पुतिन की हालिया बयान से लग रहा

मास्को । रूस ने कहा कि यूक्रेन के साथ युद्ध में करीब से शामिल होने की संभावनाओं को लेकर पश्चिमी देशों की टिप्पणियों से बढ़े तनाव के बीच वह युद्धक्षेत्र में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को लेकर योजना बना रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पांचवे कार्यालय की शुरुआत से पहले यह घोषणा की गई। यह घोषणा क्रेमलिन द्वारा यूक्रेन में युद्ध के बारे में वरिष्ठ पश्चिमी अधिकारियों की टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करने के कुछ दिनों बाद आई है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह अभ्यास रूसी संघ के संबंध में कुछ पश्चिमी अधिकारियों के उत्तेजक बयानों और धमकियों के जवाब में है। 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद से रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कीव को सैन्य समर्थन बढ़ाने से हतोत्साहित करने के लिए पश्चिमी देशों को मॉस्को की परमाणु ताकत के बारे में बार-बार याद दिलाया है। पुतिन ने रूस की रक्षा के लिए आवश्यक सभी साधनों का उपयोग करने की चेतावनी के जरिए मास्को के परमाणु शस्त्रागार की याद समय समय पर दिलाई है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा था कि वह यूक्रेन में सेना भेजने से इंकार नहीं करते हैं और ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड कैमरन ने कहा कि कीव की सेनाएं रूस के अंदर लक्ष्यों पर हमला करने के लिए ब्रिटिश लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करने में सक्षम होंगी। क्रेमलिन ने उन टिप्पणियों को खतरनाक बताया, जिससे रूस और नाटो के बीच तनाव बढ़ गया। युद्ध ने पहले ही मॉस्को और पश्चिम के बीच संबंधों पर काफी दबाव डाल दिया है।

## इजराइल ने राफा में रातभर चलाया ऑपरेशन....मुस्लिम देश ने दी चेतावनी

राफा । इजरायल और हमास आतंकियों के बीच सीजफायर की वार्ता असफल होती दिख रही है। रिपोर्ट है कि इजराइल रक्षा बलों ने राफा सीमा पार के गाजा हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है। आईडीएफ ने क्षेत्र में रात भर ऑपरेशन चलाया है। रिपोर्ट मिली हैं कि इजरायली सैनिक गाजा में लगभग 3.5 किमी तक घुस गए हैं। इजरायल ने राफा सीमा के पास बड़ी संख्या में टैंक खड़े कर दिए हैं। इजरायल के राफा में ऑपरेशन से पहले उसके मुस्लिम देश जॉर्डन ने चेतावनी दी है। जॉर्डन ने कहा कि राफा में एक और इजरायली नरसंहार रोकने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय विफल रहा है। जॉर्डन ने चेतावनी दी कि दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा में एक और इजरायली नरसंहार को रोकने में विफलता अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर एक अमिट दाग होगी। बता दें कि इजरायली सेना ने राफा के पूर्वी इलाकों में फिलिस्तीनियों के लिए तत्काल निकासी आदेश जारी कर अल-मवासी शहर में जाने का आह्वान किया। इजरायल का कहना है कि वह जल्द ही राफा में अपना ऑपरेशन शुरू करेगा। इसके लिए उसने सीमा पर बड़ी संख्या में टैंक खड़े कर दिए हैं। इजराइली मीडिया के अनुसार, राफा शहर में लगभग 100000 फिलिस्तीनी नागरिकों के रहने का अनुमान है। एक और बड़ी त्रासदी की आशंका जताकर जॉर्डन के विदेश मंत्री अयमान सफादी ने कहा, फिलिस्तीनियों का एक और नरसंहार होने वाला है। इजरायल फ़िलिस्तीनियों को राफा छोड़ने की चेतावनी दे रहा है, क्योंकि उन पर हमले का खतरा है।



इजरायल में एंटीडोम मिसाइल सिस्टम गाजा से दागे हमास के रॉकेट को गिराती हुई।

## पुतिन 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बने, 33 शब्दों में शपथ ली, कहा- दुश्मनों से भी रिश्ते सुधारेंगे ; सेना ने 21 तोपों की सलामी दी

मॉस्को (ईएमएस)। व्लादिमीर पुतिन 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बन गए हैं। मॉस्को के ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में पुतिन ने 33 शब्दों में शपथ ली। यह वही जगह है, जहां रूस के जार परिवार के 3 राजाओं (एलेक्जेंडर 2, एलेक्जेंडर 3 और निकोलस 2) की ताजपोशी हुई थी। शपथ के बाद पुतिन ने कहा कि हम और मजबूत होंगे। हम उन देशों के साथ अपने रिश्ते मजबूत करेंगे जो हमें दुश्मन समझते हैं। मैं जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए हरसंभव कोशिश करूंगा। रूस में 15-17 मार्च को हुए चुनाव में पुतिन को 88 प्रतिशत वोट मिले थे। उनके विरोधी निकोले खारितोनोव को सिर्फ 4 प्रतिशत वोट मिले थे। रूस में हुए पुतिन के शपथ ग्रहण समारोह का अमेरिका, ब्रिटेन और कई यूरोपीय देशों ने बहिष्कार किया है। पुतिन ने इससे पहले साल 2000 में पहली बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। इसके बाद से 2004, 2012 और 2018 में भी वे राष्ट्रपति बन चुके हैं।



# रूस की सेना अब परमाणु हथियारों के साथ युद्धाभ्यास करेगी

### नाटो सैनिकों की यूक्रेन में तैनाती की आशंकाओं के बीच पुतिन का फैसला

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी सेना को परमाणु हथियारों की ड्रिल करने का आदेश दिया है। इस युद्धाभ्यास में नेवी और यूक्रेनी सीमा के पास तैनात सैनिकों को भी शामिल करने को कहा गया है। अलजजीरा के मुताबिक, पुतिन ने यह फैसला तब लिया जब नाटो और पश्चिमी देशों ने यूक्रेन की मदद के लिए सेना भेजने की बात कही थी।



रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि युद्धाभ्यास के दौरान टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन की तैनाती पर फोकस किया जाएगा। हालांकि, यह ड्रिल कब होगी, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। दरअसल, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पिछले हफ्ते कहा था कि अगर यूक्रेन ने मदद मांगी तो वे अपने सैनिकों को वहां भेज सकते हैं। इसके ठीक एक दिन बाद ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरून ने कहा था कि यूक्रेन अगर चाहे तो वह रूस पर हमला करने के लिए ब्रिटिश हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। रूस ने दोनों बयानों का विरोध किया था।

**अमेरिका ने यूक्रेन में सैनिक भेजे तो जंग बढ़ेगी**

पुतिन ने करीब 2 महीने पहले एक इंटरव्यू के दौरान अमेरिका को परमाणु हमले की चेतावनी दी थी। पुतिन ने कहा था कि अगर अमेरिका अपने सैनिकों को यूक्रेन में भेजेगा तो इससे जंग और बढ़ सकती है। दरअसल, रूसी न्यूज एजेंसी ने पुतिन ने सवाल पूछा था कि क्या रूस परमाणु जंग के लिए तैयार है। इस पर रूसी राष्ट्रपति ने कहा था कि हम फिलहाल परमाणु युद्ध की तरफ नहीं बढ़ रहे हैं। हमें अब तक इसकी जरूरत नहीं महसूस हुई। लेकिन अगर मिलिट्री या तकनीक के आधार पर कहा जाए तो हम इसके लिए तैयार हैं। अमेरिका इस बात को समझता है कि अगर उसने रूसी या यूक्रेन में अमेरिकी सैनिकों को भेजा तो रूस इस कदम को हस्तक्षेप के रूप में लेगा। इसके अलावा रूस के अलग-अलग मंत्री और अधिकारी कई बार यूक्रेन को परमाणु हमले की धमकी भी दे चुके हैं।

**रूस ने बेलारूस में तैनात किए परमाणु हथियार**

यूक्रेन के साथ 3 साल से जारी जंग के बीच पिछले साल 25 मार्च को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बेलारूस में रूस के परमाणु हथियार तैनात करने की घोषणा की थी। पुतिन ने कहा था कि बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको काफी समय से परमाणु हथियारों को उनके देश में तैनात करने की मांग कर रहे हैं। बेलारूस के साथ रूस के करीबी सैन्य संबंध हैं। पुतिन ने कहा था कि रूसी परमाणु हथियारों की बेलारूस में तैनाती का कारण ब्रिटेन का यूक्रेन को आर्मर पियर्सिंग शेल मुहैया कराना बताया था, जिसमें यूरेनियम होता है। पुतिन का कहना था कि परमाणु हथियारों को बेलारूस में रख कर रूस वही कर रहा है जो अमेरिका ने कई दशकों से बेल्जियम, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स और तुर्की में परमाणु हथियारों को रख कर किया।

## जयशंकर के बयान पर कनाडाई मंत्री मिलर का पलटवार



**टोरंटो (एजेंसी)।** कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने भारत द्वारा नामित आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से कथित तौर पर जुड़े तीन भारतीयों की हालिया गिरफ्तारी के संबंध में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी का विरोध किया। कनाडाई मंत्री मिलर ने जयशंकर की उस टिप्पणी पर कहा कि कनाडा संगठित अपराध से जुड़े लोगों को देश में प्रवास की अनुमति देता है। रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा के आव्रजन मंत्री मिलर ने एक साक्षात्कार में जयशंकर की टिप्पणियों पर अपनी अस्वीकृति व्यक्त करते हुए कहा कि यह सटीक नहीं है।

जयशंकर ने नई दिल्ली की चेतावनियों के बावजूद संगठित अपराध से जुड़े भारत के व्यक्तियों का स्वागत करने के लिए कनाडा की आलोचना की। जयशंकर ने दावा किया कि कनाडा में पाकिस्तान समर्थक झुकाव वाले कुछ व्यक्तियों ने राजनीतिक रूप से प्रभावशाली लॉबी बनाई है। जब आरोपी की वीज़ा स्थिति के बारे में पूछा गया, तब मंत्री मिलर ने चल रही पुलिस जांच के कारण विशिष्ट जानकारी देने से परहेज करते हुए कहा कि ऐसी पूछताछ रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) को निर्देशित की जानी चाहिए। जयशंकर ने मुक्त भाषण की आड़ में अतिवाद, अलगाववाद और हिंसा के समर्थकों को अनुमति देने के लिए ट्रूडो सरकार की आलोचना की। जयशंकर ने कहा कि खालिस्तान समर्थक लोगों का एक वर्ग कनाडा के लोकतंत्र का उपयोग कर रहा है, एक लॉबी बना रहा है और जस्टिन ट्रूडो की अल्पमत सरकार के लिए वोट बैंक बन गया है।

## अमेरिका और ईरान के बीच फंसा पाकिस्तान... गले की फांस बनी गैस पाइपलाइन

**कराची (एजेंसी)।** ईरान और पाकिस्तान के बीच दशकों पहले प्रस्तावित गैस पाइपलाइन अभी भी अधर में लटकी हुई है। हाल ही में अमेरिका ने पाकिस्तान को चेतावनी देकर कहा था कि अगर ईरान के साथ कोई भी डील होती है, तब कंगाल देश को प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका की इस धमकी के बाद ईरान का भी बयान सामने आया है। ईरान ने कहा है कि पाकिस्तान और ईरान प्रोजेक्ट को पूरा करना चाहते हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव की वजह से इसमें देरी हो रही है।

ईरान के महावाणिज्य दूत हसन नौरानी ने कहा कि पाकिस्तान की सरकार प्रोजेक्ट को पूरा करने में तत्परता दिखा रही है। उन्होंने कहा, ईरान और पाकिस्तान प्रोजेक्ट को पूरा करना चाहते हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव देरी की वजह बन रहा है। नौरान ने कहा कि ईरान-पाकिस्तान गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट बेहद अहम प्रोजेक्ट है। ईरान और पाकिस्तान साल 2010 में ईरान के गैस फील्ड से पाकिस्तान के बलूचिस्तान और सिंध प्रांत तक गैस पाइपलाइन बिछाने पर सहमत हुए थे। समझौते में तय हुआ था कि 1,900 किलोमीटर की पाइपलाइन की मदद से ईरान प्रतिदिन 1 अरब क्यूबिक फीट प्राकृतिक गैस 25 सालों तक पाकिस्तान को देगा। ईरान ने अपने क्षेत्र में पाइपलाइन बिछा ली है। उसका कहना है कि अपने क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने में करीब 2 अरब डॉलर का खर्च आया है।

# शांति प्रस्ताव पर राजी होने के बाद भी इजराइल ने कर दिया हमला ?

**गाजा (एजेंसी)।** इजराइल हमास को खत्म करने के लिए कुछ भी कर रहा है। शांति प्रस्ताव स्वीकारने के बाद भी हमला कर देता है। बीते सोमवार को भी संघर्ष विराम का प्रस्ताव मान लिया था इसके बाद भी राफा पर हमला बोल दिया। हमास की ओर से कहा गया कि अब उसको इजराइल के जवाब का इंतजार है। हमास के ऐलान के बाद सबको लग रहा था कि अब गाजा में खून-खराबा बंद हो जाएगा लेकिन हुआ इसका उल्टा। शांति की जगह इजराइल ने राफा में हमले कर डाले।

दरअसल, हमास ने प्रस्ताव तो मान लिया है लेकिन इजराइल इससे सहमत नहीं है। इजराइल की ओर से कहा गया है कि हमास ने जिस प्रस्ताव पर रजामंदी जताई है, वे 'नरम' प्रस्ताव है यानी हमास का मकसद अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ये दिखाना कि उसने संघर्ष विराम प्रस्ताव को मान लिया है।

संघर्ष विराम को लेकर इजराइल द्वारा रखे गए प्रस्ताव में बंधकों रिहाई के साथ फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ना, गाजा में मानवीय मदद पहुंचाना और अपने सैनिको को सऊथ गाजा और सेंट्रल गाजा से पीछे हटाना शामिल था। इसमे पूर्ण संघर्ष विराम और इजराइल सैनिकों के पूरी तरह गाजा से वापसी न शामिल होने पर कई फिलिस्तीन समर्थकों ने इस प्रस्ताव पर आपत्ति जताई थी। सूत्रों के हवाले से बताया कि मध्यस्थता ने हमास के द्वारा स्वाकार किए गए प्रस्ताव की बाधाओं पर फिर चर्चा शुरू की है, जिनपर इजराइल राजी नहीं है। कतर के विदेश मंत्रालय ने एलान किया कि वे एक डेलिगेशन को मिस्त्र की राजधानी कायरो भेज रहे हैं। इजराइल की ओर से भी अधिकारी कायरो जा रहे हैं। लेकिन साथ ही उन्होंने राफा में अपने हमले जारी रखने के संकेत दिए हैं।

इजराइल ने राफा के रास्ते में रहने वाली करीब एक लाख आबादी को रास्ता खाली करने के लिए कहा है। खबरों के मुताबिक सोमवार रात राफा पर गनफायर और हवाई स्ट्राइक भी की गई हैं। राफा गाजा की सबसे घनी आबादी वाला क्षेत्र है। राफा में सोमवार को हुई स्ट्राइक में करीब 5 लोगों के मरने की खबर है। हमास को उसके 'आखरी ठिकाने' में हराने के लिए इजराइल ने राफा पर इंवेजन जारी रखने की प्रतिबद्धता दिखाई है। जिसपर अमेरिका ने इजराइल को चेतावनी दी है।

# गाजा के राफा इलाके में टैंक लेकर घुसे इजराइली सैनिक

### -मिस्त्र से सटे बॉर्डर पर कब्जा किया, 1 लाख फिलिस्तीनियों को निकाला जाएगा

**तेलअवीव (एजेंसी)।** हमास के सीजफायर समझौते स्वीकार करने के बाद मंगलवार को इजराइल की सेना टैंक लेकर दक्षिणी गाजा के राफा इलाके में घुस गई। उसने मिस्त्र से सटी गाजा की सीमा पर कब्जा कर लिया है। इजराइल ने दावा किया है कि इस ऑपरेशन के दौरान उन्होंने 20 हमास लड़ाकों को मार गिराया। सैनिकों को इलाके में हमास की 3 सुरंगें मिली हैं।

हमास के साथ जंग में राफा इजराइली सेना के ऑपरेशन का आखिरी पड़ाव है। इजराइल ने इंटेलिजेंस के हवाले से दावा किया था कि हमास सीमा का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए करता है। राफा पर हमले से पहले इजराइल ने एक लाख फिलिस्तीनियों को इलाके से निकालने की बात कही है।

**हमास ने सीजफायर कबूल किया लेकिन यह इजराइल को नामंजूर**

इजराइल से जंग के 7 महीने बाद हमास ने मिस्त्र और कतर के सीजफायर के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। हमास ने सोमवार (6 मई) को इसे लेकर आधिकारिक बयान जारी किया। हमास के लीडर इस्माइल हानिए ने कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल-थानी और मिस्त्र की खुफिया एजेंसी से फोन पर बात की। उन्होंने दोनों से कहा कि वे इजराइल के साथ युद्धविराम के लिए उनकी शर्तों को स्वीकार कर रहे हैं। हमास ने कहा कि अब फैसला इजराइल के हाथ में है कि वह सीजफायर के लिए तैयार होता है या नहीं। हालांकि, इजराइल ने कहा है कि हमास जिन शर्तों पर तैयार हुआ उसे वो मंजूर नहीं है। इसके बाद इजराइल ने जंग के आखिरी फेज की शुरुआत करते हुए दक्षिणी गाजा के राफा पर हमले किए।

**अमेरिका ने गोला-बारूद की सप्लाई रोकी**

राफा में सैन्य अभियान की घोषणा करके नेतन्याहू ने एक बार फिर अमेरिका को नाराज कर दिया है। यही कारण है कि 7 अक्टूबर के हमले के बाद पहली बार अमेरिका ने इजराइल भेजे जाने वाले गोला- बारूद की खेप रोक दी है। इस खेप में मिसाइल समेत जंग से जुड़े कई सामान थे। इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने नेतन्याहू से कहा था कि राफा में सैन्य अभियान से अमेरिका-इजराइल के संबंधों पर गलत असर पड़ेगा।

**समझौता करवाने में जुटे हैं मिस्त्र, कतर और अमेरिका**

मिस्त्र, कतर और अमेरिका साथ मिलकर हमास और इजराइल के बीच युद्धविराम करवाने की कोशिश कर रहे हैं। तीनों देशों ने शुक्रवार 26 अप्रैल को प्रपोजल पर बातचीत करने के लिए एक हाई-लेवल डेलिगेशन इजराइल भेजा था। इससे पहले कतर और मिस्त्र की मध्यस्थता के बाद नवंबर में इजराइल-हमास के बीच पहली बार 4 दिन के लिए युद्धविराम हुआ था। इस दौरान हमास ने 112 बंधकों को रिहा किया था। वहीं इजराइल ने भी जेल में बंद 240 से ज्यादा फिलिस्तिनियों को छोड़ा था।

**इजराइल ने हमास को दिया था आखिरी मौका**



6 महीने की जंग में इजराइल ने राफा छोडक़र पूरे गाजा पर कब्जा कर लिया है। राफा पर हमले से पहले इजराइल ने हमास को समझौते का आखिरी मौका दिया था। इजराइल ने कहा था कि अगर हमास समझौता स्वीकार नहीं करता है, इजराइल राफा पर बड़ा हमला करेगा। इसी कारण मिस्त्र का डेलिगेशन दोनों पक्षों में समझौते करवाने को कोशिश कर रहा है। पिछले दिनों रिपोर्ट आई थी कि मिस्त्र बंधकों को छोड़ने के लिए हमास पर दबाव बनाने की तैयारी कर रहा है। दरअसल राफा मिस्त्र की बॉर्डर के पास है। इसलिए उसे डर है कि अगर इजराइली सेना राफा पर हमला करेगी, तो बड़ी संख्या में शरणार्थी मिस्त्र में घुसने की कोशिश करेंगे। इसी से बचने के लिए इजिप्ट का एक डेलिगेशन इजराइल और हमास के बीच शांति समझौते करवाने की कोशिश में जुटा है। इस समय 10 लाख से ज्यादा फिलिस्तीनियों ने राफा शहर में पनाह ली हुई है।

# संक्षिप्त खबरें

यूसील की मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठन जादूगोड़ा लेबर यूनियन की हुई वार्षिक आम सभा

## तीसरी बार महासचिव चुने गए सुरजीत सिंह, आध्यक्ष बने घाटशिला के पूर्व विधायक प्रदीप बालमुचू




**जादूगोड़ा :** घाटशिला के पूर्व विधायक प्रदीप बालमुचू की अध्यक्षता वाली यूसील की मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठन जादुगोड़ा लेबर युनियन की आज मंगलवार को तुरामडीह यूनियन कार्यालय में वार्षिक आम सभा हुई ।जिसकी अध्यक्षता पूर्व मजदूर नेता बी० एन० चौधरी ने की। इस वार्षिक सभा में सर्वसम्मति से सुरजीत सिंह को तीसरी बार यूनियन का महासचिव चुने गए ।जबकि घाटशिला के पूर्व विधायक प्रदीप बालमुचू यूनियन का अध्यक्ष बनाए गए। श्री बालमुचु बीते 1995 से इस पद पर बने हुए है। इसके अतिरिक्त तीन उपाध्यक्ष अशोक कुमार महतो बी एन चौधरी व दामु नायक को जगह दी गई है जबकि सात लोगो को सहायक सचिव के तौर पर सिधु हो ,श्रीराम पूर्ति,, सुजीत कुमार मिश्रा , प्रशांत महतो , शरत कुमार शाव , बी शंकर राव , मंगल बंकीरा को मनोनीत कियागया है । कोषाध्यक्ष का पद मदन मोहन दास व दो उपकोषाध्यक्ष के पद पर नरेश कुमार एवं पंकज कुमार का चयन किया गया है।

## हेसड़ा ग्रामवासी द्वारा तेज धूप को देखते हुए शुद्ध पेयजल एवं गुड़ चना का व्यवस्था



**जादूगोड़ा:** पोटका प्रखंड अंतर्गत हेसड़ा चौक में हेसड़ा ग्रामवासी मिलकर वैशाख महीने के तप्ती गर्मी एवं चल रही लु हवा को देख कर जामुन पेड़ के नीचे बालू हांडी में शीतल शुद्ध पेयजल एवं गुड़ चना का व्यवस्था किया गया। ताकि इस तेज धूप में आने जाने वाला लोगों को पीने के लिए शीतल पेयजल एवं खाने के लिए चना गुड़ मिले। गांव के प्रधान, राम रंजन प्रधान ने कहा कि वैशाख महीना है काफी गर्मी है। हेसड़ा चौक बस स्टैंड में यात्रियों का आना जाना लगे रहता है । काफी गर्मी होने के कारण यात्रीओ को पेयजल के लिए परेशानी उठाना पड़ रहा है ,बगल में हरीमंदिर के सामने एक चापानल है जो कि खराब पड़ा हुआ है, इसीलिए हेसड़ा ग्राम वासियों द्वारा हेसड़ा चौक में आने-जाने जाने वाले यात्रियों के लिए शीतल पेयजल एवं खाने के लिए गुड़ चना का व्यवस्था किया गया है । इस मौके पर रामरंजन प्रधान, बिरेंची सीट, नरेश बेरा, बापी बेरा, श्यामल पानी, उमाकांत सेट, समीर पानी आदि उपस्थित रहे।

## पहले रेलकर्मियों की मांगें पूरी करें, तबतक टूर कार्यक्रम लंबित करें : ईसीआरकेयू



**धनबाद :** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक धनबाद को रेलकर्मियों की विभिन्न मांगों को पूरा नहीं किए जाने तथा बुनियादी सुविधाओं की बहाली के प्रति प्रशासनिक उदासीनता के विरोध में एक ज्ञापन सौंपा। इसमें मांगों के समाधान किए जाने के आग्रह के साथ साथ यह भी मांग किया गया है कि रेल कर्मियों की लंबित समस्याओं के समाधान होने तक मंडलीय कर्मचारी कल्याण कोष की राशि से प्रस्तावित अंडमान टूर कार्यक्रम को स्थगित किया जाए। उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री एवं धनबाद मंडल पी एन एम प्रभारी मो ज्याऊद्दीन ने बताया कि इन मांगों को यूनियन पिछले दो साल से पी एन एम फोरम पर उठा रहे हैं, लेकिन रेल प्रशासन उपेक्षित और उदासीन व्यवहार कर रहा है। प्रशासन की इस टालमटोल की नीति से मंडल के अधिकांश रेलकर्मी काफी आक्रोशित हैं। एक तरफ दुर्गम भौगोलिक क्षेत्र में काम कर रहे रेलकर्मी पेयजल जैसे बुनियादी सुविधाओं के अभाव को झेलने को विवश हैं वहीं रेल प्रशासन ने कर्मचारियों के कल्याण कोष के पैसों से अंडमान टूर पर जाने के लिए आवेदन पत्र मंगाए हैं। अपने कठिन परिश्रम से रेलकर्मी धनबाद मंडल को नित नये ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं और बदले में प्रशासन उनके वाजिब भत्तों के भुगतान में असमर्थता जता रही है। सेक्शन में कुछ सुपरवाइजर निरंकुश व्यवहार कर रहे हैं और अपने मातहत कर्मचारियों का मानसिक व शारीरिक शोषण कर रहे हैं । मंडलीय अधिकारियों तक बात पहुंचाए जाने पर वो सुपरवाइजर का ही पक्ष लेते हैं और निचले स्तर के कर्मचारियों का स्थानांतरण कर देते हैं। उन्होंने कहा कि ईसीआरकेयू की डिविजनल कमीटी की आपात जूम बैठक में इस बात को लेकर सर्व सहमति हुई है कि रेलकर्मियों की निम्नलिखित मांगें जब तक पूरी नहीं होती हैं तब तक टूर कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाना चाहिए। ईसीआरकेयू ने अपनी मांगों की सूची और टूर कार्यक्रम को निलंबित करने का आग्रह पत्र मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी को सौंप दिया है और अब निर्णय मंडल रेल प्रशासन के हाथों में है। यूनियन के मीडिया प्रभारी एन के खवास में बताया कि डिविजनल कमिटी की जूम बैठक में अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, केन्द्रीय संगठन मंत्री सोमेन दत्ता और नेताजी सुभाष एवं एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा सहित चोपन टू शाखा सचिव सी पी पाण्डेय, चोपन वन के सचिव उमेश सिंह, डाल्टनगंज सचिव सुनील कुमार सिंह, पतरातू टू के सचिव अजीत कुमार, पतरातू वन सचिव आर एन चौधरी, बरकाकाना सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, चन्द्रपुरा सचिव चंदन शुक्ल, गोमो सचिव पी के सिन्हा, गझंडी कोडरमा सचिव बी बी सिंह, धनबाद वन सचिव बी के दूबे,धनबाद टू सचिव आर के सिंह, धनबाद लाईन सचिव जे के साव, कतरास सचिव आई एम सिंह, पाथरडीह सचिव बी के साव ने उपस्थित होकर अपने विचार रखे।

# राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मेडल जीतकर लौट रहे ताइक्वांडो खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**खिलाडियों ने 9 गोल्ड , 3 सिल्वर और 2 ब्राउंच मेडल पर जमाया कब्जा**

**खिलाड़ियों के इस उपलब्धि के लिए विशेष तौर पर ताइक्वांडो कोच अरविंद यादव को दिया गया शुभकामनाएं।**



बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** तीसरा झारखंड राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शामिल होकर लौट रहे खिलाड़ियों को लोहरदगा स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। बता दें कि लोहरदगा जिले से 15 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए थे। जिसमें से 14 खिलाड़ियों ने गोल्ड, सिल्वर तथा ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया है। रानी महल बॉमपास टाउन देवघर में सब जूनियर कैडेट जूनियर और सीनियर वर्क की दो दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमे जिले के खिलाडियों ने 9 गोल्ड 3 सिल्वर तथा 2 ब्राउंच मेडल जीता है । सब जूनियर वर्ग में संतोषी उरांव , अंडर 21 केजी, साक्षी कुमारी, अंडर 38 केजी, राखी कुमारी अंडर 41 केजी, आयुष्मान कुमार अंडर 29 केजी, प्रिंस कुमार अंडर 41 केजी कैडेट वर्ग में विजेंद्र उरांव 45 केजी , रोशन कुमार अंडर 55 केजी, जूनियर वर्ग में पंकज उरांव अंडर 48 केजी, राहुल कुमार राम अंडर 59 केजी गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया है। वही सिल्वर मेडल में आर्यन पाल अंडर 51 केजी आर्यमन प्रताप सिंह अंडर 25 केजी और आकांक्षा कुमारी अंडर 38 केजी सिल्वर मेडल अपने नाम किया । प्रिंस दुबे अंडर 55 केजी, आयुष्मान प्रताप सिंह अंडर 23 केजी ब्रांच मेडल पर कब्जा जमाया। इधर खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए विशेष रूप से ताइक्वांडो कोच अरविंद कुमार यादव को शुभकामनाएं एवं बधाई दिया गया है। खिलाडियों को स्वागत करने वालो में अभिषेक कुमार , डिवाइन पब्लिक स्कूल चंदलाशो के निर्देशक ज्ञान गंगा सिंह, प्रिंसिपल सुलेखा सिंह , डिवाइन पब्लिक स्कूल बाराडीह के डायरेक्टर आनंदीप सिंह , प्रिंसिपल किरण सिंह ने खिलाड़ियों का स्वगत किया तथा शुभकामनाएं दिया।

## जादूगोड़ा थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर धर्मडीह में अवैध शराब का बड़ा खेप की हुई बरामदगी





बिभा संवाददाता

**जादूगोड़ा :** चुनाव से पूर्व जादूगोड़ा थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित धर्मडीह में अवैध शराब का बड़ा खेप की जादूगोड़ा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने खुलासा किया है व एक लाख रुपए मुल्य की बरामदगी में सफलता पाई है ।इस सिलसिले में महिला व्यापारी पवनी उरांव को हिरासत में लेकर आज जेल भेजी गई है ।इधर इस विषय मे थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि आगे अनुसंधान में आपूर्तिकर्ता की पुलिस तलाश रही है व इस सिलसिले में अन्य लोगो की संलिप्तता का पता लगाकर पुलिस आगे कार्रवाई करेगी। गिरफ्तार पवनी उरांव का सही ठिकाना खोजने में काफी मशक्कत करनी पड़ी व उन्हे इस दौरान इधर -उधर भटना पड़ा। अंत में उसके घर का सही ठिकाना मिलने के बाद छापामारी में अवैध शराब का अकूत भंडार का पता चला। इस सिलसिले में जादूगोड़ा पुलिस थाना कांड सं0-32/24 दि0-06/05/2024 धारा-272/273 भा0द0वि0 एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज की गई है।

घटना बीते 6 मई की देर रात्रि की है ।उन्होंने जानकारी दी कि उन्हें सूचना प्राप्त हुई की जादुगोड़ा थानान्तर्गत उत्तरी ईचरा पंचायत के टोला धरमडीह में पवनी उराँव नामक महिला अपने घर में अवैध शराब का व्यापार करती है । उक्त सूचना के आधार पर महिला आरक्षी एवं सशस्त्र बल के साथ उत्तरी ईचरा टोला धरमडीह स्थित पवनी उराँव के घर पर विधिवत छापामारी की गयी जहाँ पर भिन्न-भिन्न ब्रांड के 184 पीस बीयर केन, 224 पीस शराब के बोतल एवं 8 लीटर अवैध महुआ बरामद किया गया जिसका अनुमानित मूल्य करीब 1,00000/- है।

छापामारी दल में शामिल जादूगोड़ा की पुलिस टीम जादूगोड़ा : इस छापा मारी में जादूगोड़ा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार स0अ0नि0 सत्यनारायण कुमार महिलाआरक्षी उर्मिला देवी,हवलदार सुधाशु कुमार महतो व सशस्त्र बल बल ने हिस्सा लिया।

## दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है टुटा हुआ नाली, संवेदक मौन

बिभा संवाददाता

**लोहरदगा:** सेन्हा में एन एच 143 ए पथ के किनारे निर्मित नाली निर्माण गुणवत्ता का पोल खोला एक वर्ष में ही हुआ ध्वस्त दुर्घटना को कर रहा आमंत्रित। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा में पथ निर्माण के साथ नाली निर्माण कार्य वी के एस कंट्रक्शन के द्वारा एक वर्ष पूर्व कराया गया था। परंतु निर्माण कार्य मे गुणवत्ता का अभाव होने के कारण समय से पूर्व ध्वस्त हो गया। जिसपर संवेदक का ध्यान आकर्षित नही हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि एन एच 143 ए पथ का निर्माण कार्य कुडू से घाघरा तक किया जाना था। और शहरी व आवादी क्षेत्र में नाली का भी निर्माण कार्य भी वी के एस कंट्रक्शन के द्वारा किया गया। लेकिन निर्माण कार्य मे गुणवत्ता को ताख में रख नियम को अनदेखी करते हुए कार्य किया गया है। जिसका उजागर एक वर्ष में देखने को मिल रहा है। बताया जाता है कि किसी सरकारी कार्य का निर्माण के उपरंत पांच वर्षों तक संवेदक द्वारा देख रेख किया जाता है। इस नियम को भी अनदेखी कर बड़ी दुर्घटना होने का इंतजार किया जा रहा है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का अभाव सम्बंधित जुड़े मामला में कौन है दोषीवार ग्रामीण इस बात से अनभिग्य है। ग्रामीणों की सुने तो यह भी कहना है कि प्रखंड मुख्यालय के समीप की स्थानों पर इस तरह देखने को मिल रहा है। साथ ही बताया कि मोहित स्वीट के सामने ध्वस्त नाली पशुपालन परिसर जाने का मुख्य रास्ता है। और राहगीरों तथा स्थानीय ग्रामीण निर्मित जलमीनार से पानी लाने और पीने के लिए आते जाते रहते है ऐसे स्थिति में किसी का पैर ध्वस्त नाली में जाने से अनहोनी होने की संभावना बना हुआ है। जिस पर किसी अधिकारी व सम्बंधित पदाधिकारी का ध्यान आकृष्ट नही हो रहा है।

## पुलिस ने अभियान का संचालन कर 66.9 किलोग्राम गांजा जप्त किया




बिभा संवाददाता

**जादूगोड़ा :** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला अनुमंडल क्षेत्र के के चाकुलिया थाना क्षेत्र के भोंडो सोल स्थित टीकाराम सोरेन के घर से पुलिस ने अभियान का संचालन कर 66.9 किलोग्राम गांजा जप्त किया है ।जिसकी बाजार में अनुमानित मूल्य लगभग 35 लाख रुपए बाताया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान सीनियर एसपी कौशल किशोर ने दी । उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चाकुलिया थाना क्षेत्र के एक घर में बड़े पैमाने पर गांजा की खरीद बिक्री की जा रही है । इस सूचना के बाद सीडीपीओ अजीत कुमार कुजूर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर सोमवार की रात छापामारी अभियान संचालित किया गया । इस छापामारी अभियान के दौरान पुलिस ने भोंडोशोल स्थित टीकाराम सोरेन के घर से 32 पैकेट गांजा को बरामद किया। बरामद गांजा का वजन 66.9 किलोग्राम है। उन्होंने कहा कि इस मामले में एक व्यक्ति टीकाराम सोरेन को गिरफ्तार किया गया है । बाकी तीन अभियुक्त की तालाशी जारी है। सीनियर एसपी ने बताया कि यह गांजा का खेप उड़ीसा से चाकुलिया लाया गया था। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी मात्रा में गांजा का व्यापार कैसे हो रहा है इस मामले को लेकर पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है और गांजा की सप्लाई कहां-कहां हो रही है इसकी भी जानकारी ली जा रही है । संवाददाता सम्मेलन के दौरान ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर समेत कई थाना के थाना प्रभारी मौजूद थे।

## लातेहार में लुटेरा गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार, चार हथियार बरामद

**लातेहार।** पुलिस ने सड़क लुटेरा गिरोह के दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इन अपराधियों के पास से पुलिस ने चार हथियार भी बरामद किया है। मंगलवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि छिपादोरह थाना क्षेत्र के रहने वाले कुछ अपराधी लुटेरा गिरोह बनाकर सड़क लूट की घटना को अंजाम देते हैं। इस सूचना के बाद बरवाडीह एसडीपीओ वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की गई और चिन्हित अपराधियों के घर में छापामारी की गई। पुलिस की टीम ने सबसे पहले गाड़ी गांव निवासी पप्पू सिंह के घर में छापामारी की तो वहां से तीन देसी बंदूक बरामद हुआ। उसके बाद बसंत सिंह के घर से पुलिस ने एक देसी पिस्तौल बरामद किया। दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर पूछताछ करने के दौरान दोनों ने स्वीकार किया कि वे लोग लुटेरा गिरोह बनाकर विभिन्न थाना क्षेत्र में लूटपाट की घटना करते थे। पुलिस के समक्ष अपराधियों ने यह भी स्वीकार किया कि उनके गिरोह में कुछ अन्य अपराधी भी शामिल हैं। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों से मिली सूचना के बाद पुलिस अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापामारी कर रही है। जल्द ही लुटेरा गिरोह के सभी सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू** *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com